दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471



# अमन लेखनी



अचानक आप हो सकते हैं बहरे.......

खुद को रखना है फिट तो योगा से जुड़े ....

वर्ष : 10 | अंक : 191 | लखनऊ, 21 जून, शुक्रवार 2024 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

# जनता को हमारी नीयत और नीतियों पर भरोसा

## कश्मीर में पीएम मोदी बोले- भारत के प्रति दुनिया का नजरिया बदला

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज (20 जून) जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में शेर-ए-कश्मीर इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस सेंटर (एसकेआईसीसी) में 'एम्पावरिंग यूथ, ट्रांसफॉर्मिंग जेएंडके' कार्यक्रम में शामिल हुए। वह 21 जून को योग दिवस कार्यक्रम में भी शामिल होंगे। श्रीनगर में पीएम मोदी ने नए रंगरूटों को सरकारी सेवा नियुक्ति पत्र दिया। इस दौरान मोदी ने कहा कि लोगों की आकांक्षाएं सर्वकालिक उच्च स्तर पर हैं और यह किसी देश के लिए बहुत बड़ी शक्ति है। जब आकांक्षाएं ऊंची होती हैं तो लोगों की अपेक्षाएं भी ऊंची होती हैं। ऐसे मापदंडों पर हमारा मूल्यांकन करने के बाद जनता ने हमें तीसरी बार चुना। एक आकांक्षी समाज दूसरा मौका नहीं देता। इसका एकमात्र पैरामीटर प्रदर्शन है।

पीएम मोदी ने कहा कि आज हम जम्मू-कश्मीर में जो बदलाव देख रहे हैं, वह पिछले 10 साल के हमारे काम का नतीजा है। उन्होंने कहा कि जनता को सिर्फ हम पर विश्वास और इस विश्वास व उनकी आकांक्षा को हमारी सरकार ही पूरा कर सकती है। जनता को हमारी नीयत और नीतियों पर भरोसा है। उन्होंने कहा कि जनता की उम्मीदों पर चलते हुए हमारी सरकार प्रदर्शन करके दिखाती है, रिजल्ट लाकर दिखाती है। इसी प्रदर्शन के आधार पर 60 साल के बाद तीसरी बार किसी सरकार को हमारे देश में जनादेश मिला है। लोकसभा चुनाव में मिले जनादेश का बहुत बड़ा मैसेज स्थिरता का है, स्थिरता का है।

मोदी ने कहा कि लोकसभा चुनाव में जनादेश स्थिरता का संदेश देता है। करीब 20 साल पहले देश ने अस्थिर सरकारों का एक लंबा दौर देखा था। 10 साल में पांच बार चुनाव हुए। देश चुनाव कराने में व्यस्त था और अनिश्चितता तथा अस्थिरता के कारण जब इसे शुरू होना था तब इसे रोक



दिया गया। भारत अब इसे पीछे छोड़कर स्थिर सरकार के एक नए चरण में प्रवेश कर चुका है। इसने हमारे लोकतंत्र को मजबूत किया है और जम्मू-कश्मीर के लोगों ने इसमें बहुत बड़ी भूमिका निभाई है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि अब भारत स्थिर सरकार के नए दौर में प्रवेश कर चुका है। इससे हमारा लोकतंत्र और मजबूत हुआ है और इस लोकतंत्र की मजबूती में जम्मू-कश्मीर की आवाम की, आपलोगों की बहुत बड़ी भूमिका रही है। अटल जी ने जो इंसानियत, जम्हूरियत और कश्मीरियत का विजन दिया था। उसे आज हम हकीकत में बदलते देख रहे हैं। आपने इस चुनाव में जम्हूरियत को जिताया है। आपने पिछले 35-40 सालों का रिकॉर्ड तोड़ा है। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर में आज सही मायने में भारत का संविधान लागू हुआ है और ये सब कुछ हो रहा है, क्योंकि सबको बांटने वाली आर्टिकल-370 की दीवार अब गिर चुकी है। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद इस क्षेत्र की हमारी बेटियों और कमजोर वर्ग के लोगों को उनके अधिकारों से वंचित कर दिया गया। हमारी सरकार ने सबका साथ, सबका विकास के मंत्र पर चलते हुए सभी को अधिकार और अवसर दिये। पाकिस्तान से आए शरणार्थियों और वाल्मिकी समुदाय के परिवारों को पहली बार स्थानीय निकाय चुनाव में वोट देने का अधिकार मिला। हमने एससी वर्ग को लाभ देने की वाल्मिकी समुदाय की लंबे समय से लंबित मांग को पूरा किया है। उन्होंने कहा कि कश्मीर घाटी में बदलाव को पूरी दुनिया देख रही है...हमारा कश्मीर कितना आगे बढ़ गया है'...आप देखेंगे कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह भी पर्यटकों के लिए एक आकर्षण बन जाएगा। उन्होंने कहा कि आज यहां 1,500 करोड़ रुपये से अधिक की 84 प्रमुख विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया गया। 1800 करोड़ रुपये की कृषि क्षेत्र से जुड़ी परियोजनाओं का उद्घाटन किया गया। यहां नए राष्ट्रीय राजमार्ग और एक्सप्रेसवे का निर्माण किया जा रहा है। चिनाब नदी पर बने दुनिया के सबसे ऊंचे पुल की तस्वीरें देखकर हर भारतीय को गर्व महसूस होता है। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद इस क्षेत्र की हमारी बेटियों और कमजोर वर्ग के लोगों को उनके अधिकारों से वंचित कर दिया गया। हमारी सरकार ने सबका साथ, सबका विकास के मंत्र पर चलते हुए सभी को अधिकार और अवसर दिये। पाकिस्तान से आए शरणार्थियों और वाल्मिकी समुदाय के परिवारों को पहली बार स्थानीय निकाय चुनाव में वोट देने का अधिकार मिला। हमने एससी वर्ग को लाभ देने की वाल्मिकी समुदाय की लंबे समय से लंबित मांग को पूरा किया है।

# शराब घोटाला मामले में केजरीवाल को बड़ी राहत

● एक लाख के मुचलके पर कोर्ट से मिली जमानत



एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, दिल्ली शराब घोटाला मामले में मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल को बड़ी राहत मिली है। राउज एवेन्यू कोर्ट ने एक लाख के मुचलके पर अरविंद केजरीवाल को जमानत दे दी है। प्रवर्तन निदेशालय ने अरविंद केजरीवाल को शराब घोटाला मामले में गिरफ्तार किया था।

प्रवर्तन निदेशालय ने अदालत से जांच एजेंसी को जमानत बांड स्वीकार करने के लिए 48 घंटे का समय देने का अनुरोध किया ताकि आदेश को ऊपरी अदालत में चुनौती दी जा सके। हालांकि, विशेष न्यायाधीश नियाय बिंदु ने स्पष्ट किया कि जमानत आदेश पर कोई रोक नहीं है। कोर्ट ने कहा कि अरविंद केजरीवाल के वकील कल संबंधित जज के समक्ष जमानत बांड के लिए आवेदन कर सकते हैं। आप सुप्रीमो एक लाख रुपये का जमानत बांड भरने के बाद शुक्रवार को तिहाड़ जेल से बाहर आ सकते हैं। ईडी ने आदेश पर 48 घंटे के लिए रोक लगाने की मांग की, लेकिन कोर्ट ने इसे खारिज कर दिया। लोकसभा चुनाव से ठीक पहले नाटकीय घटनाक्रम में 21 मार्च को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने केजरीवाल को गिरफ्तार कर लिया था। मई में आम चुनाव के मद्देनजर सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें अंतरिम जमानत दे दी थी। उन्होंने 2 जून को सरेंडर किया था।

# फॉरेंसिक योजना से प्रशिक्षण मिलेगा, त्वरित न्याय सुनिश्चित होगा : अमित शाह

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि देश में फॉरेंसिक बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा मंजूर 2,254.43 करोड़ रुपये की योजना से न केवल श्रमबल का प्रशिक्षण सुनिश्चित होगा, बल्कि न्याय मुहैया कराने में तेजी आएगी। शाह ने एक्स पर एक पोस्ट में देश भर में सिलसिलेवार अत्याधुनिक फॉरेंसिक प्रयोगशालाओं और राष्ट्रीय फॉरेंसिक विज्ञान विश्वविद्यालय (एनएफएसयू) परिसर खोलकर भारत की आपराधिक न्याय प्रणाली को मजबूत करने के




ऐतिहासिक निर्णय के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा, 2,254.43 करोड़ रुपये की यह परियोजना न केवल फॉरेंसिक विज्ञान में श्रमबल का प्रशिक्षण सुनिश्चित करेगी, बल्कि सभी को त्वरित और त्रुटिहीन न्याय प्रदान करने में भी मदद करेगी। हमारी सरकार समावेशी विकास और न्याय प्रदान करने के लिए दृढ़ता से प्रतिबद्ध है, ताकि कोई भी पीछे न छूटे। प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 2024-25 से 2028-29 की अवधि के दौरान 2254.43 करोड़ रुपये के कुल वित्तीय परिव्यय के साथ केंद्रीय योजना नेशनल फॉरेंसिक इंफ्रास्ट्रक्चर एन्हांसमेंट स्कीम (एनएफआईईएस) के लिए गृह मंत्रालय के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। इस योजना के अंतर्गत फॉरेंसिक परिसर और प्रयोगशालाएं स्थापित की जाएंगी तथा अन्य बुनियादी ढांचे का विस्तार किया जाएगा।

# एजुकेशन सिस्टम पर भाजपा का कब्जा : राहुल गांधी

## हर परीक्षा में धांधली जारी, छात्रों के साथ हो रहा खिलवाड़

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, नीट विवाद और यूजीसी-नेट परीक्षा रद्द होने को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मोदी सरकार पर जमकर निशाना साधा है। राहुल ने तंज भरे लहजे में दावा किया कि कहा जा रहा था कि मोदी जी ने रूस-यूक्रेन युद्ध रोक दिया। लेकिन कुछ कारणों से नरेंद्र मोदी भारत में पेपर लीक को नहीं रोक पाए हैं या रोकना नहीं चाहते हैं। उन्होंने कहा कि पेपर लीक होने का कारण यह है कि शिक्षा व्यवस्था पर भाजपा की मातृ संस्था का कब्जा हो गया है। जब तक इसे उलटा नहीं किया



जाएगा, पेपर लीक होते रहेंगे। मोदी जी ने इस कब्जे को आसान बना दिया है। यह एक राष्ट्रविरोधी गतिविधि है।

कांग्रेस नेता ने कहा कि ऐसा इसलिए हो रहा है क्योंकि हमारी सभी संस्थाओं पर कब्जा कर लिया गया है। हमारे कुलपतियों की नियुक्ति योग्यता के आधार पर नहीं की जाती है। बल्कि इसलिए क्योंकि वे एक खास संगठन से जुड़े हैं। और इस संगठन और भाजपा ने हमारी शिक्षा व्यवस्था में घुसकर उसे नष्ट कर दिया है। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी ने नोटबंदी से अर्थव्यवस्था का जो हाल किया, वही अब शिक्षा व्यवस्था का किया है। ऐसा होने का कारण और आप पीड़ित होने का कारण यह है कि एक स्वतंत्र, उद्देश्यपूर्ण शिक्षा प्रणाली को ध्वस्त कर दिया गया है। यह बहुत महत्वपूर्ण है कि जो लोग यहां दोषी हैं उन्हें कानून के दायरे में लाया जाए और उन्हें दंडित किया जाए। यह पूछे जाने पर कि क्या वह संसद में नीट मुद्दा और यूजीसी-नेट परीक्षा रद्द करने का मुद्दा उठाएंगे, कांग्रेस सांसद राहुल गांधी कहते हैं, हां, हम इस मुद्दे को संसद में उठाएंगे। कांग्रेस का दावा है कि देश में पिछले 5 साल में 43 भर्ती परीक्षाओं का पेपर लीक हुआ है। इन पेपर लीक का सीधा असर 1.75 करोड़ अभ्यर्थियों पर पड़ा है। राहुल ने कहा कि इन मामलों में उनकी कोई विश्वसनीयता नहीं है। अगर वे क्लीन चिट देते हैं तो इसका कोई मतलब नहीं है, उनकी विश्वसनीयता शून्य है।' सभी जानते हैं कि भूकंप का केंद्र मध्य प्रदेश, गुजरात और उत्तर प्रदेश हैं।

### मौसम

अधिकतम तापमान 43.c

न्यूनतम तापमान 29.c

### बाजार

सोना 7,077/ g

चांदी 96/ g

सेंसेक्स 75,410.39

22,957.10

# माता विंध्यवासिनी देवी से जुड़ी कथाओं को शोकेस करेगी योगी सरकार

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

लखनऊ/ मीरजापुर। उत्तर प्रदेश की आध्यात्मिक चेतना के केंद्रों को विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध योगी सरकार ने श्री काशी विश्वनाथ धाम और अयोध्या के कायाकल्प के बाद मीरजापुर में माता विंध्यवासिनी देवी के धाम को भी नव्य-भव्य रूप देने की शुरूआत कर दी है। यहां आने वाले भक्तों को अब माता विंध्यवासिनी की लीलाओं से जुड़ी कथाओं और तीर्थ के माहत्म को दर्शाने वाली विभिन्न कलाकृतियों को आर्ट गैलरी के माध्यम से शोकेस किया जाएगा। आर्ट गैलरी के निर्माण ये यहां आने वाले पर्यटकों को आस्था, कला और संस्कृति का अनुपम संगम देखने को मिलेगा। उल्लेखनीय है कि भगवती विंध्यवासिनी आद्या महाशक्ति हैं तथा विन्ध्याचल सदा से उनका निवास-स्थान रहा है। यही कारण है कि विंध्यगिरि को एक जागृत शक्तिपीठ माना जाता है और न केवल उत्तर प्रदेश बल्कि देश-दुनिया से भक्त माता विंध्यवासिनी के चरणों में निरंतर शीश नवाने आते हैं।

### पर्यटन विकास का माध्यम बनेगी आर्ट गैलरी

विंध्य कॉरिडोर योजना के अंतर्गत मां विंध्यवासिनी माता मंदिर के अंतर्गत परिक्रमा पथ समेत विभिन्न प्रकार के निर्माण व विकास कार्यों को गति दी जा



रही है। इसी क्रम में, आर्ट गैलरी के निर्माण के जरिए विंध्य क्षेत्र के पर्यटन विकास की प्रक्रिया को और बल मिलेगा। गौरतलब है कि सीएम योगी की मंशा अनुरूप मीरजापुर व विंध्य क्षेत्र के समेकित विकास का जो खाका खींचा गया था उसे क्रियान्वित करते हुए सरकार ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। यही कारण है कि आर्ट गैलरी के निर्माण कार्य को गति देने की प्रक्रिया भी तेज हुई है।

### यूपी प्रोजेक्ट्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड को सौंपा गया है जिम्मा

आर्ट गैलरी के निर्माण का जिम्मा यूपी प्रोजेक्ट्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड (यूपीपीसीएल) को सौंपा गया है। यूपीपीसीएल द्वारा कार्यों की पूर्ति के लिए स्पेशेलाइज्ड एजेंसियों की नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। ई-निविदा माध्यम के जरिए संबंधित एजेंसियों की नियुक्ति के लिए यूपीपीसीएल ने आवेदन मांगे हैं। गौरतलब है कि आर्ट गैलरी से संबंधित सभी निर्माण कार्यों को 3.43 करोड़ रुपए की लागत से पूरा किया जाएगा।

# कोयला खदान हमले के मामले में एनआईए ने छापेमारी की

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने जबरन वसूली और एक कोयला खदान पर हमले से जुड़े एक मामले की जांच के तहत झारखंड में तीन जगहों पर व्यापक छापेमारी की। एक आधिकारिक बयान में बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी गयी। बयान के मुताबिक, विभिन्न संदिग्धों के रांची और हजारीबाग जिलों के अलग-अलग परिसारों पर बुधवार को छापेमारी के दौरान डिजिटल उपकरण, एक फॉर्च्यूनर वाहन और कुछ दस्तावेज भी जब्त किये गये। एनआईए ने बयान में बताया कि यह परिसर झारखंड में कुख्यात अमन साहू गिरोह से जुड़े लोगों से संबंधित हैं। जांच एजेंसी ने इससे पहले झारखंड के लातेहार जिले में तेतरियाखंड कोयला खदान पर सुजीत सिन्हा, अमन साहू और अन्य गिरोहों के सदस्यों द्वारा किए गए हमले से जुड़े मामले में 24 आरोपियों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया था। एजेंसी ने बताया कि इन गिरोहों ने पैसे ऐंठने और सरकारी काम में बाधा डालने के लिए आपराधिक साजिश के तहत दिसंबर 2020 में यह हमला किया था।

### संक्षिप्त समाचार

## पोखर में नहा रहीं तीन लड़कियों की डूबने से मौत

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

बस्ती, जिले के वाल्टरगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत एक गांव के पोखर में नहा रहीं तीन लड़कियों की डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से लड़कियों के शवों को बाहर निकलवाया। गर्मी के कारण तीनों नहाने गई थीं और गहरे पानी में जाने से डूब गईं। घटना बुधवार दोपहर की है। पुलिस क्षेत्राधिकारी (सदर) सतेंद्र भूषण तिवारी ने बृहस्पतिवार को बताया कि वाल्टरगंज थाना क्षेत्र के सोनौरा पाठक गांव के निवासी महेंद्र कुमार की 13 साल की बेटी खुशी और 12 साल की बेटी चंदा तथा गांव के ही धीरेंद्र की 13 साल की बेटी तारा बुधवार को दोपहर में गांव के ही बगीचे में आम चुन रही थीं। उन्होंने बताया कि इसी बीच तीनों लड़कियां गर्मी की वजह से बाग के ही पास स्थित पोखर में नहाने लगीं। इसी दौरान वे गहरे पानी में चली गईं और डूबने लगीं। वहां मौजूद बच्चों ने उन्हें डूबता देख शोर मचाया।

# भाजपा राज में पेपर लीक देश के खिलाफ साजिश: अखिलेश यादव

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने यूजीसी नेट और नीट-2024 की परीक्षा रद्द किये जाने के बाद इस मामले में मोदी सरकार को घेरा है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने एक्स पर लिखा की भाजपा के राज में पेपर माफिया एक के बाद एक, हर एग्जाम में धांधली कर रहा है। ये देश के खिलाफ किसी की बड़ी साजिश भी हो सकती है। गौतरलब हो, 18 जून को ही नेट की परीक्षा हुई थी। यूजीसी को गृह मंत्रालय से पेपर आउट होने का इनपुट मिला, जिसके बाद परीक्षा को रद्द कर दिया गया है। यह परीक्षा भी नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) कराती है। केंद्र सरकार ने मामले की जांच सीबीआई को सौंपी है। नीट पर चल रहे विवाद के बीच यूजीसी-नेट की परीक्षा रद्द होने पर



अखिलेश यादव ने एक्स पर लिखा, और अब गड़बड़ी की खबर के बाद यूजीसी-नेट की परीक्षा भी रद्द कर दी गयी है। भाजपा के राज में पेपर माफिया एक के बाद एक, हर एग्जाम में धांधली कर रहा है। ये देश के खिलाफ किसी की बड़ी साजिश भी हो सकती है।

अखिलेश यादव ने आगे लिखा। गहरी बात समझिए। पुलिस भर्ती की परीक्षा का पेपर लीक होगा तो कानून-व्यवस्था नहीं सुधरेगी। जिससे देश-प्रदेश में अशांति और अस्थिरता बनी रहेगी। नीट की परीक्षा में घपला होगा तो ईमानदार लोग डॉक्टर नहीं बन पाएंगे और देश के लोगों के इलाज के लिए भविष्य में डॉक्टरों की कमी और बढ़ जाएगी और बेईमान लोग, जनता के जीवन के लिए खतरा बन जाएंगे।

# छात्रों के हितों की रक्षा के लिए सरकार प्रतिबद्ध

## नीट विवाद पर बोले शिक्षामंत्री, जांच के लिए बनाएंगे हाई लेवल कमेटी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट के दौरान अनियमितताओं के आरोपों के बीच केंद्र ने गुरुवार को नेशनल टेस्टिंग एजेंसी के कामकाज की समीक्षा के लिए एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने एक ब्रीफिंग में कहा, हम शून्य-त्रुटि परीक्षा आयोजित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, और एनटीए कामकाज में सुधार के लिए एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मैं सभी को आश्वस्त करना चाहता हूं कि सरकार छात्रों के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। हम पारदर्शिता से कोई समझौता नहीं करेंगे।

शिक्षा मंत्री ने कहा कि नीट परीक्षा के संदर्भ में हम बिहार सरकार के संपर्क में हैं। हमें पटना से कुछ सूचनाएं मिल रही हैं। पुलिस पुलिस जांच कर



रही है और उनके द्वारा एक विस्तृत रिपोर्ट सौंपी जाएगी। विश्वसनीय जानकारी के बाद दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार एक उच्च स्तरीय कमेटी बनाने जा रही है। उस उच्च स्तरीय समिति से एनटीए, इसकी संरचना, कार्यप्रणाली, परीक्षा प्रक्रिया, पारदर्शिता और डेटा सुरक्षा प्रोटोकॉल को और बेहतर बनाने के लिए सिफारिशों की अपेक्षा की जाएगी।

उन्होंने कहा कि दोषी पाए जाने पर एनटीए के किसी भी अधिकारी को बख्शा नहीं जाएगा, सख्त कार्रवाई की जाएगी। प्रधान ने कहा कि एक अलग घटना (बिहार पेपर लीक) का असर उन लाखों छात्रों पर नहीं पड़ना चाहिए जिन्होंने ईमानदारी से परीक्षा दी थी। उन्होंने कहा कि हमें जिम्मेदारी लेते हुए व्यवस्था को सुधारना होगा। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि जैसे ही यह स्पष्ट हो गया कि डार्क नेट पर यूजीसी-नेट प्रश्नपत्र यूजीसी-नेट के मूल प्रश्नपत्र से मेल खाता है, हमने परीक्षा रद्द करने का फैसला किया।

शिक्षामंत्री ने कहा कि मैं विनम्रतापूर्वक कहना चाहूंगा कि हमें उन लाखों मेधावी छात्रों के हितों पर ध्यान देना होगा जिन्होंने कड़ी मेहनत करके वह परीक्षा उत्तीर्ण की है। जैसा कि मैंने शुरूआती जानकारी में कहा था कि पटना पुलिस का काम सराहनीय है। वे एक अलग घटना को समेटने में सफल रहे हैं। अभी कुछ और जानकारी आनी बाकी है। इसलिए हम जल्द ही इस पर अंतिम कार्रवाई करेंगे. हम उनकी जांच से संतुष्ट हैं। भारत सरकार के अधिकारी और बिहार पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी लगातार बातचीत कर रहे हैं।

# प्रदेश को वर्ष 2027 तक मलेरिया मुक्त करेगी योगी सरकार

- – योगी सरकार प्रदेश के हर मरीज के इलाज और जांच पर दे रही जोर
- – सीएम योगी के निर्देश पर मलेरिया मामलों की रिपोर्टिंग और पूर्ण उपचार सुनिश्चित करने पर दिया जा रहा विशेष ध्यान
- – राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत जून को मलेरियारोधी माह के तौर पर मनाया जा रहा है

**अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ : योगी सरकार वर्ष 2027 तक प्रदेश को मलेरिया मुक्त करने के लिए प्रतिबद्ध है। ऐसे में योगी सरकार मलेरिया के हर केस की जांच व हर मरीज के पूर्ण इलाज पर जोर दे रही है। सीएम योगी की मंशा के अनुरुप राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत जून को मलेरियारोधी माह के तौर पर मनाया जा रहा है। बता दें कि प्रदेश में इस साल अब तक 771 मलेरिया के मरीज मिले हैं।

### केस रिपोर्टिंग और प्रबंधन पर दिया जा रहा जोर

मलेरिया उन्मूलन की दिशा में आ रही चुनौतियों को दूर करने के लिए भारत ने देश के विभिन्न हिस्सों में बेहतर केस रिपोर्टिंग और प्रबंधन पर जोर दिया है। वेक्टर नियंत्रण प्रक्रिया मे तेजी लाते हुए निरंतर महामारी विज्ञान और कीट विज्ञान निगरानी को बढ़ाया है। साथ ही सामुदायिक भागीदारी, प्रशिक्षण और क्षमता विकास पर बल दिया है। साथ ही क्षेत्रीय रणनीति तैयार कर उन्मूलन के लिए प्रतिबद्धता दशार्यी है। राज्य मलेरिया अधिकारी डॉ. विकास सिंघल ने बताया कि मलेरिया मामलों की रिपोर्टिंग और पूर्ण उपचार सुनिश्चित करने पर सबसे ज्यादा ध्यान दिया जा रहा है। वास्तव में यह सुनिश्चित करने के लिए हर मामले की जांच और पूरा इलाज किया जाता है। सभी जिला मलेरिया अधिकारियों,



संबंधित कर्मचारियों और प्रथम पंक्ति के कार्यकताओं को प्रशिक्षित किया गया है और सभी जिलों मे मलेरिया की जांच के लिए रैपिड डायग्नोस्टिक टेस्ट किट उपलब्ध कराई गई है। इस क्रम में स्वास्थ्य कार्यकताओं द्वारा अधिक से अधिक सर्वेक्षण कर बुखार पीड़ितों की मलेरिया की जांच की जा रही है। समुदाय में लोगों को मलेरिया से बचाव एवं लक्षणों के बारे में जागरूक किया जा रहा है।

### मच्छर नियंत्रण के लिए की जा रही फॉगिंग

राज्य मलेरिया अधिकारी ने बताया कि जून के आखिरी सप्ताह में मानसून आने की उम्मीद है। इस दौरान मच्छरजनित बीमारियां भी पनपती हैं। इनसे बचाव की व्यापक तैयारियों के मद्देनजर जून को मलेरिया माह के रूप मनाया जाता है। इसको लेकर शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। मलेरिया मच्छरजनित बीमारी है, जो मादा एनाफिलीज मच्छर के काटने से होती है। इसके परजीवी के शरीर में प्रवेश करने के बाद 14 से 21 दिन के अंदर बुखार आता है। इससे बचाव के लिए सबसे जरूरी है कि इसके लक्षणों को पहचान कर इसका समय से इलाज किया जाए। इसका पूर्ण इलाज और रोकथाम किया जा सकता है। लखनऊ की जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. रितु श्रीवास्तव ने बताया कि मच्छर नियत्रंण के लिए इंसेक्टिसाइड का छिड़काव और फॉगिंग की जा रही है। समुदाय को जागरूक करने के लिए गोष्ठियां की जा रही हैं। शहरी क्षेत्र में इन्सेक्ट कलेक्टर द्वारा उन क्षेत्रों की पहचान की जा रही है, जहां मच्छरों का घनत्व अधिक है और वहां पर प्रॉयरिटी के आधार पर इंसेक्टिसाइड का छिड़काव और फॉगिंग की जा रही है। शहरी क्षेत्र में यह काम नगर निगम तथा ग्रामीण क्षेत्र में पंचायत द्वारा किया जा रहा है। स्वास्थ्य कार्यकताओं द्वारा डेंगू, मलेरिया से बचाव एवं लक्षणों के बारे में समुदाय को बताया जा रहा है एवं बुखार पीड़ितों की रैपिड डायग्नोस्टिक किट के द्वारा मलेरिया की जांच की जा रही है।

### यह हैं मलेरिया के लक्षण

-सर्दी व कंपन के साथ बुखार आना

- तेज सिर दर्द, बुखार उतरने के समय अधिक पसीना आना

- थकान, चक्कर आना, कमजोरी बढ़ना

- उल्टी आना

- थोड़ी-थोड़ी देर में प्यास का लगना, हाथ व पैर में ऐंठन होना

ऐसे करें खुद का बचाव

- घर व आसपास कहीं भी पानी इकट्ठा न होने दें

- गमलों, छत पर पड़े पुराने टायर, प्रयोग में न आने वाली सामाग्री में पानी को एकत्र न होने दें

- कूलर का पानी जल्दी-जल्दी बदलते रहें, समय-समय पर मिट्टी का तेल डालते रहें

- सोते समय मच्छरदानी, मच्छररोधी क्वायल का प्रयोग करें

- पूरी आस्तीन के कपड़े पहनें जिससे शरीर के अधिक से अधिक हिस्से को ढककर रखा जाए और मच्छरों से बचाव किया जाए

- गर्भवती इनसेक्टीसाइड ट्रीटेड मच्छरदानी (आईटीएन) में सोएं

# दबंग ने प्रधानपति पर चाकू से किया जानलेवा हमला

**अमन लेखनी समाचार**

मोहनलालगंज। बैरीसालपुर ग्राम पंचायत की प्रधान अनुपम ने बताया गुरूवार को अवैध नशे के धंधे में लिप्त दबंग किस्म के रमेश निवासी रानीखेड़ा थाना मोहनलालगंज उसे देखकर गाली-गालौज करने लगा, जिसके बाद उसने अपने पति मनोहर को फोन कर जानकारी दी तो उन्होने मौके पर पहुंचकर डाटते हुये रमेश की पिटाई कर दी, तो उसे ये नागवार गुजरा ओर देख लेने की धमकी देते हुये मौके से चला गया। जिसके बाद पति पंचायत भवन में बने कार्यालय पर आकर बैठ गये तभी रमेश वहा आ धमका ओर चाकू से पति पर ताबड़तोड़ कई वार कर लहूलुहान कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया।पति की चीख पुकार सुनकर आस-पास मौजूद लोगो को मौके पर आता देख आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुये मौके से भाग निकला।जिसके बाद घायल प्रधान



पति को परिजन आनन-फानन इलाज के लिये सीएचसी लेकर पहुंचे।जहां प्राथमिक उपचार के बाद घायल प्रधानपति को आगे के इलाज के लिये डाक्टर ने ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया।पीड़ित प्रधानपति मनोहर ने पुलिस से लिखित शिकायत कर जानलेवा हमले के आरोपी पर कार्यवाही की मांग की हैं।इंस्पेक्टर आलोक राव ने बताया पीड़ित प्रधान पति की शिकायत पर आरोपी पर मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी गयी हैं।

## घर में अधेड़ की हालत बिगड़ी, इलाज के दौरान मौत

लखनऊ , आशियाना थाना क्षेत्र में किराये के मकान में अकेले रहने वाले एक अधेड़ का बुधवार शाम अचानक से हालत बिगड़ गया आनन फानन में पड़ोसियों ने अधेड़ को अस्पताल पहुँचाया जहाँ इलाज के दौरान देर शाम अधेड़ की मौत हो गई अस्पताल की सूचना पर पहुंची कृष्णा नगर पुलिस ने परिजनों के मौजूदगी में अधेड़ के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है मूलरूप से जनपद प्रयागराज के रहने 46 वर्षीय अंशुमान मिश्रा पुत्र उमेश चंद्र मिश्रा आशियाना क्षेत्र के सेक्टर एम में अकेले किराये के मकान में रहकर पीजीआई अस्पताल के फायर सिस्टम में इंचार्ज पद पर कार्यरत थे बुधवार शाम समय डियूटी से लौटे तो अचानक उनकी तबियत बिगड़ गई और बेहोश हो गिर पड़े आनन फानन में मकानमालिक और पड़ोसियों ने अधेड़ को लोकबंधु अस्पताल पहुँचाया जहाँ इलाज के दौरान देर शाम अधेड़ की मौत हो गई अस्पताल की सूचना पर पहुंची कृष्णा नगर पुलिस ने परिजनों को सूचना दे पोस्टमार्टम के लिए भेज दियो मृतक के परिवार में पत्नी ममता व तीन बेटिया है एक बेटी की शादी हो चुकी है पत्नी अपनी दोनों बेटियों के साथ प्रयागराज में ही रहती है

# यूपी की इन तीन लोकसभा सीटों पर बेहद खराब रहा कांग्रेस का प्रदर्शन, अब पार्टी करेगी समीक्षा

**अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ। लोकसभा चुनाव के परिणाम से उत्साहित कांग्रेस की नजर आने वाले विधानसभा चुनाव पर है। इसके दृष्टिगत प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने वरिष्ठ पदाधिकारियों, नेताओं व वाररूम के सदस्यों के साथ बैठक कर लोकसभा चुनाव में पार्टी के प्रदर्शन की समीक्षा भी की। कांग्रेस जिन 17 सीटों पर चुनाव लड़ी थी, उनमें मथुरा, बुलंदशहर व अमरोहा में उसका प्रदर्शन अपेक्षा के अनुरूप सबसे लचर रहा। यहां संगठन व स्थानीय नेताओं के बीच कुछ मनमुटाव व बेहतर समन्वय न होने की बात सामने आई है। अजय राय का कहना है कि वह तीनों जिलों का दौरा कर समीक्षा करेंगे और वहां संगठन को मजबूत किया जाएगा। स्थानीय स्तर पर जो भी कमियां रहीं हैं, उन्हें दूर किया जाएगा। कहा, अन्य सीटों पर पदाधिकारियों व कार्यकताओं ने पूरी मेहनत से काम किया और सपा नेताओं के साथ भी उनका समन्वय ठीक रहा। जिन सीटों



पर सपा के प्रत्याशी मैदान में थे, वहां भी कांग्रेस कार्यकर्ता पूरी तरह से सक्रिय रहे।

### बड़े पैमाने पर धन्यवाद यात्रा करेगी कांग्रेस

प्रदेश मुख्यालय में राय ने गुरुवार को वरिष्ठ नेताओं के साथ पार्टी की आने वाले दिनों की गतिविधियों पर भी विचार-विमर्श किया। कांग्रेस गरमी की मार कुछ कम होने पर धन्यवाद यात्रा को बड़े पैमाने पर आयोजित करने की तैयारी कर रही है। पार्टी ने 11 से 15 जून तक पूरे प्रदेश में धन्यवाद यात्रा निकालने की घोषणा की थी लेकिन, दो दिन बाद ही उसे स्थगित कर दिया गया था। अब विपक्षी गठबंधन आइएनडीआइए के अन्य सहयोगी दलों के साथ धन्यवाद यात्रा निकाली जानी है। कांग्रेस ने राहुल गांधी के जन्मदिन के अवसर पर राजीव गांधी वृक्षारोपण अभियान की शुरूआत की है। प्रदेश के सभी 1.62 लाख बूथों पर पौधरोपण कराने की घोषणा की है। अब इस अभियान के साथ ही धन्यवाद यात्रा भी निकालने जाने की योजना है। इसे लेकर पदाधिकारियों को तैयारियां शुरू करने का निर्देश दिया गया है।

# क्राइम टीम व कृष्णा नगर पुलिस टीम की संयुक्त कार्यवाई में लुटेरों से मुठभेड़

- मुठभेड़ के दौरान दो लुटेरे पुलिस की गोली से घायल पुलिस हिरासत में बाइक दो तमंचा दो खोखा एक जिन्दा कारतूस बरामद

**अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ , कृष्णानगर थाना क्षेत्र के पंडित खेड़ा के पास में पुलिस व क्राइम टीम की संयुक्त कार्यवाई में बदमाशों से मुठभेड़ हो गया बाइक सवार दो बदमाश घायल हो गए। घायल दोनों बदमाशों को लोकबन्धु अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायल बदमाशों ने केसरी खेड़ा में 14 जून को लांड्री लूटकांड को अंजाम दिया था।मुठभेड़ स्थल का डीसीपी साउथ तेज स्वरूप सिंह एवं एडीसीपी साउथ शशांक सिंह ने मौके पर पहुँच निरीक्षण किया। घटनास्थल से एक बाइक, दो देशी तमंचा 315 बोर, दो खोखा व एक जिंदा कारतूस सहित बदमाशों के कब्जे कुछ नगदी बरामद



की गई है। 14 जून को इन दोनों बदमाशों ने दिनदहाड़े केसरी खेड़ा स्थित लांड्री में घुसकर तमंचे की नोक पर लांड्री मलिक काकोरी निवासी शिवनारायण पुत्र बाबूलाल के गले से सोने की चैन एवं हाथ की अंगूठियों सहित एक बाइक लूट ली थी।पुलिस ने दर्जनों सीसीटीवी फुटेज खंगालने के बाद प्रकाश में आए दोनों लुटेरों के मिलते जुलते चेहरे और लूट की बाइक से किसी अन्य वारदात को अंजाम देने के लिए टीएस मिश्रा मेडिकल कॉलेज की ओर से कृष्णानगर की ओर जा रहे बदमाशों की सूचना मुखबिर द्वारा मिलने पर गुरुवार तड़के करीब 3:30 बजे कृष्णानगर पुलिस टीम एवं डीसीपी साउथ की क्राइम टीम ने रास्ते में अनौरा के पास अपना जाल बिछा दिया था और घेराबंदी कर चेकिंग शुरू कर दी थी। इसी दौरान बाइकसवार दोनों बदमाश पुलिस को देखकर लगे भागने। पुलिस ने घेराबंदी की तो बदमाशों ने पुलिस टीम ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी।जिसके बाद पुलिस टीम की जवाबी कार्यवाही में पुलिस की गोली से दोनों बदमाश घायल होकर बाइक से गिर पड़े। मौके पर पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए दोनों बदमाशों को दबोच लिया और बाइक सहित दो तमंचे अपने कब्जे में ले लिया।घायल अवस्था में दोनों बदमाशों को लोक बंधु हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है जहां पुलिस के उच्चाधिकारियों द्वारा बदमाशों से पूछताछ की गई । पुलिस के हत्थे चढ़े दोनों बदमाश ने पुलिस को अपना नाम पता आरिस खान पुत्र स्व एजाज खान निवासी शेरपुर कलान थाना पुरनपुर जनपद पीलीभीत व अनुभव शुक्ला पुत्र राजेश कुमार ग्राम नगला थाना भरथना जनपद इटावा का बताया है पुलिस उपायुक्त दक्षिणी तेज स्वरूप सिंह ने लूटकांड का खुलासा करते हुए अपने कार्यालय पर बताया कि बदमाशों के पास से बरामद ग्लैमर बाइक लॉन्ड्री संचालक से लूटी गई बाइक है जिससे वह दूसरी वारदात को अंजाम देने के फिराक में थे लेकिन पुलिस की सतर्कता के कारण पकड़ लिए गए जबाबी फायरिंग में दोनों बदमाशों के दाहिने पैर घुटने के निचे पुलिस की गोली लगी है इलाज उपरांत दोनों बदमाशों को दर्ज मुकदमे में बरामदगी की धारा बढ़ोत्तरी कर जेल भेज दिया गया है

# जगंल में पड़ा मिला अधेड़ का शव,हत्या की आशंका

**थाना प्रभारी,फील्ड यूनिट व क्राइम टीमो ने मौके पर पहुंचकर की जांच पड़ताल**

**अमन लेखनी समाचार**

नगराम। कुबहरा जगंल में गुरूवार की शाम एक अधेड़ का लहूलुहान हालत में शव पड़ा मिला।मृतक के चेहरे पर चोट के निशान थे ओर उसकी मोपेड बाइक शव मिलने वाले स्थान से सौ मीटर दूर सड़क किनारे खड्ड में पड़ी मिली।ग्रामीणो की सूचना के बाद थाना प्रभारी ने पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचकर मृतक अधेड़ के शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल की।ग्रामीणो ने अधेड़ की चेहरे पर वार कर हत्या कर शव को जगंल में फेके जाने की आंशका जताई है।जामा तलाशी के दौरान मृतक की जेब में मिले आधारकार्ड से पुलिस ने उसकी शिनाख्त बंशीलाल(50वर्ष) निवासी दयालपुर थाना निगोहां के रूप में कराकर परिजनो को सूचना दी।परिजनो के मौके पर पहुंचने पर पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिये भेजा।फील्ड यूनिट व क्राइम टीमो ने भी मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की।

थाना प्रभारी विवेक कुमार चौधरी ने बताया प्रथम दृष्टया जांच में पता चला है मृतक बंशीलाल निवासी दयालपुर थाना निगोहां बीते बुद्ववार की शाम अपनी टीवीएस मोपेड बाइक से अपने अपने घर से निकला था लेकिन देर रात तक वापस घर नही लौटा।गुरूवार की शाम पांच बजे के करीब कुबहरा जगंल में एक अज्ञात अधेड़ का शव औधे मुंह पड़ा देख उधर से गुजरे चरवाहो ने पुलिस को सूचना दी।जिसके बाद पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचकर मृतक के शव को कब्जे में लेकर जामा तलाशी ली गयी तो जेब में मिले आधार कार्ड से मृतक की पहचान हुयी।वही पुलिस की टीमो ने जांच पड़ताल शुरू की तो घटना स्थल से करीब सौ मीटर दूर सड़क किनारे खड्ड में मृतक की मोपेड बाइक भी पड़ी मिली।मृतक अधेड़ के चेहरे पर चोट के निशान थे।शव मिलने की सूचना के बाद मौके पर ग्रामीणो की भारी भीड़ पहुंच गयी।ग्रामीणो ने अधेड़ के चेहरे पर भारी वस्तु से वार कर हत्या कर शव को जगंल में फेके जाने की आशंका जताई है।मृतक अविवाहित था।थाना प्रभारी ने बताया पीएम रिपोट में अधेड़ की मौत का कारण स्पष्ट होने के बाद आगे की कार्यवाही की जायेगी।

### युवक को सरेराह पीटने के आरोपी दम्पत्ति पर मुकदमा दर्ज

मोहनलालगंज।जबरौली गांव निवासी सिताराम ने पुलिस से शिकायत करते हुये बताया बीते मगंलवार की शाम पत्नी गुड़िया के साथ निमंत्रण से वापस घर जा रहे थे रास्ते में उसे देखकर विपक्षी रमेश व उसकी पत्नी रोशनी गाली गलौज करने लगी? ।जब उसने विरोध किया तो दोनो ने मिलकर बुरी तरह मेरी पिटाई कर घायल कर दिया ओर जान से मारने की धमकी देते हुये मौके से भाग निकलें।इंस्पेक्टर आलोक राव ने बताया पीड़ित की तहरीर पर आरोपी पति-पत्नी के विरूद्ध मारपीट समेत अन्य धाराओ में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गयी है।

### प्रतिबंधित हरे पेड़ो की कटान कराते एक गिरफ्तार, मुकदमा दर्ज

मोहनलालगंज। बुद्ववार को हुलासखेड़ा मजरा महमूदपुर गांव में प्रतिबंधित हरे पेड़ो की अवैध कटान की सूचना के बाद मौके पर पहुंचकर छापेमारी की तो कटान करा रहे लोग इधर उधर भागने लगे।पुलिस ने मौके से एक हरे आम के पेड़ के कटे हुये छःबोटे व एक आरी बरामद की।चौकी प्रभारी अनूप कुमार सिंह ने बताया मौके से पकड़े गये युवक ने अपना नाम लालता प्रसाद निवासी पदमिनखेड़ा मजरा हुलासखेड़ा थाना मोहनलालगंज बताया ओर चोरी छुपे प्रतिबंधित हरे पेड़ की कटान कराने की बात स्वीकार की।चौकी इंचार्ज की सूचना के बाद वनविभाग के बीट प्रभारी साजन प्रकाश मौके पर पहुंचे।इंस्पेक्टर आलोक राव ने बताया अवैध रूप से प्रतिबंधित हरे पेड़ो की कटान कराने के आरोपी पर उ०प्र०वन सरंक्षण अधिनियम की धारा में मुकदमा दर्ज किया गया हैं।

# सीएम योगी के आदेश पर लखनऊ में एक लाख वर्गमीटर भूमि कब्जामुक्त

- 8 दिन में अकबरनगर के ध्वस्त किए गए 1320 अवैध निर्माण

**अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ। अब तक की संभवतः सबसे बड़ी कार्रवाई में कुकरैल नदी के बहाव क्षेत्र के एक लाख वर्गमीटर क्षेत्र को मात्र आठ दिन में अतिक्रमण मुक्त करा दिया गया। लखनऊ के हृदय स्थल पर 40 वर्ष से अवैध ढंग से बसा अकबरनगर अब इतिहास बन चुका है। नाले में परिवर्तित होती पवित्र कुकरैल नदी के दर्द को समझते हुए दैनिक जागरण ने बीते वर्ष मई से इस पर लगातार समाचारीय अभियान चलाया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने न केवल इन समाचारों का संज्ञान लिया, बल्कि व्यक्तिगत रुचि लेकर अवैध कब्जों के मकड़जाल को समूल उखाड़ फेंका।

### पीएम आवास योजना के तहत दिया गया घर

अभियान के दौरान जिनके घर टूटे उनका पुनर्वासन भी बसंतकुंज में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत करा दिया गया है। कब्जों से मुक्त कराई गई भूमि को अब इस तरह सजाने संवारने की योजना है कि कुकरैल के संरक्षण के साथ उसका सौंदर्य भी बढ़े।

### रिवर फ्रंट बनाए जाने की योजना

लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) की योजना है कि यहां साबरमती तट के तर्ज पर रिवर फ्रंट बनाया जाएगा। नाइट सफारी विकसित की जाएगी। यही नहीं, यहां ट्राम वे, पाथ वे भी बनाए जाएंगे। कुकरैल नदी का गोमती नदी में होता है, लेकिन कुकरैल नदी में अवैध कब्जे इस तरह से होते गए कि यह नाला बन गई थी। 55 नाले भी उसमें गिर रहे थे। यहां बड़े-बड़े शोरूम से लेकर बेसमेंट तक में निर्माण हो गए थे।

### 1320 अवैध आवासीय निमार्णों पर बुलडोजर चला

मुख्यमंत्री के हस्तक्षेप के बाद एलडीए, नगर निगम, जिला प्रशासन और पुलिस टीम ने दिन-रात एक कर दिया। कार्रवाई के दौरान समाजवादी पार्टी ने विरोध कर राजनीतिक रंग देने की कोशिश की थी, लेकिन सुप्रीम कोर्ट से भी कोई राहत न मिलने से विरोध करने वाले खुद ही पीछे होते गए। कार्रवाई के पहले चरण में अकबर नगर प्रथम और द्वितीय में कुल 1320 अवैध आवासीय निमार्णों पर बुलडोजर चला तो 101 अवैध शोरूम भी धराशायी किए गए। अवैध कब्जे के दायरे में आई तीन मस्जिद, दो मदरसों के साथ ही चार मंदिरों को भी हटाया गया।

### कब्जामुक्त हुई जमीन की कीमत एक हजार करोड़ रुपए

एलडीए उपाध्यक्ष डा. इंद्रमणि त्रिपाठी का कहना है कि खाली कराई गई जमीन की न्यूनतम कीमत लगभग एक हजार करोड़ रुपए है। कार्रवाई के साथ ही 1898 लोगों को पीएम आवासों का आवंटन भी किया गया है। नगर निगम के 42 ट्रकों से प्रतिदिन कब्जाधारकों का सामान बसंत कुंज योजना पहुंचाया गया और वहां आवंटियों को कब्जा दिलाया गया।

# जनसमस्याओं को लेकर भाजपा पार्षद ने जलकल व जोन - 5 कार्यालय का किया घेराव

**अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ , आलमबाग के गीतापल्ली वार्ड की भाजपा पार्षद ऋचा मिश्रा ने क्षेत्र में हो रही पेयजल, साफ सफाई व नाला सफाई की समस्या को लेकर गुरुवार सुबह सैकड़ों स्थानीय नागरिकों संग जलकल व नगर निगम जोन - 5 कार्यालय का घेराव कर धरना प्रदर्शन किया । पार्षद ऋचा मिश्रा के नेतृत्व में क्षेत्र की सैकड़ों महिला सर पर खाली घड़ा लेकर कलकल विभाग के अधिशाषी अभियंता कार्यालय पहुंच कर लोगों की मूलभूत सुविधाओं और क्षेत्र में हो रही बाधित जलापूर्ति समेत लोगों के घरों में हो रही गंदे पेयजल की आपूर्ति का विरोध करना शुरू किया तो मौके पर मौजूद कलकल विभाग के अधिशाषी अभियंता सचिन सिंह यादव कार्यालय से नदारद हो गए । अधिशाषी अभियंता को कार्यालय से भागता देख मौके पर मौजूद सैकड़ों मौजूद लोग उग्र होकर नारेबाजी करते हुए धरने पर बैठ गए । लोगों को धरने पर बैठने की सूचना पाकर कार्यालय पहुंचे कलकल विभाग के अधिशाषी अभियंता सचिन यादव ने पार्षद ऋचा मिश्रा का समस्याओं से भरा ज्ञापन लेकर एक हफ्ते के भीतर समस्याओं के समाधान का आश्वाशन देकर लोगों के गुस्से को शांत कराया । वहीं चंद कदमों की दूरी पर स्थित नगर निगम जोन - 5 के कार्यालय के बाहर मौजूद जोन - 5 के जोनल अधिकारी नंद किशोर से पार्षद ऋचा मिश्रा ने क्षेत्र में व्याप्त गंदगी और क्षेत्र के नालों की समुचित सफाई न होने की बात कही तो जोनल अधिकारी नंद किशोर मौके से नदारद हो गए । जोनल अधिकारी को मौके से नदारद देख जनता आक्रोशित होकर प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी करना शुरू कर दिया और पार्षद ऋचा मिश्रा संग धरने पर बैठ गए । नगर निगम के जोनल ऑफिस में धरना प्रदर्शन की सूचना पाकर जोनल अधिकारी नंद किशोर ने अपने प्रतिनिधि को भेज कर पार्षद ऋचा मिश्रा से ज्ञापन प्राप्त कर पार्षद से फोन पर बात कर क्षेत्र में फैली गंदगी को जल्द से जल्द साफ करा कर नाली और नालों की समुचित सफाई कराने का आश्वाशन देकर लोगों का गुस्सा शांत कराया । वहीं पार्षद ऋचा मिश्रा का कहना था कि क्षेत्र की जनता मूलभूत सुविधाओं से वंचित है । लोगों के घरों में पेयजल की दूषित आपूर्ति हो रही है । नाला और नाली सफाई के नाम पर नालों से सिर्फ पन्नियों को निकाल कर नाला सफाई की खाना पूर्ति की जा रही है । लाख शिकायतों के बाद भी बेलगाम अधिकारी कुछ सुनने को तैयार नहीं ।

# यूपी के 2.09 करोड़ किसानों के खाते में पहुंची पीएम किसान सम्मान निधि

**अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के 2.09 करोड़ किसानों के खाते में पीएम किसान सम्मान निधि की राशि 4376.67 करोड़ रुपए भेज दी गई है। 17वीं किस्त सिर्फ उन्हीं किसानों के खाते में भेजी गई है, जिन्होंने ई-केवाईसी की प्रक्रिया को पूरा किया था। बीते 28 फरवरी को 16वीं किस्त के रूप में प्रदेश के दो करोड़ से अधिक किसानों के खाते में यह राशि भेजी गई थी, जबकि 15वीं किस्त का लाभ 1.76 करोड़ किसानों को ही मिल सका था। पीएम किसान सम्मान निधि का लाभ वास्तविक किसानों तक पहुंचाने और व्यवस्था को पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से अब फार्मर रजिस्ट्री की तरफ कृषि विभाग ने कदम बढ़ाएं हैं। दिसंबर में मिलने वाली पीएम किसान की किस्त अब सिर्फ उन्हीं कृषकों को



मिलेगी, जिनकी फार्मर रजिस्ट्री तैयार होगी। अपर कृषि निदेशक वीके सिसोदिया ने बताया कि किसानों की फार्मर रजिस्ट्री तैयार होने के बाद उन्हें सिर्फ पीएम किसान ही नहीं केसीसी, फसल बीमा, एमएसपी, कृषि इन्फ्रास्ट्रक्चर फंड जैसी योजनाओं के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। किसानों का डिजिटल डेटा तैयार होने के बाद सरकारी योजनाओं का लाभ उन तक स्वतः पहुंचने लगेगा। सिसोदिया ने बताया कि फार्मर रजिस्ट्री में किसानों के बैंक खाते की आधार सीडिंग के साथ ही उनकी जमीन का ब्योरा भी सहेजा जाएगा और इस डिजिटल डेटा को समय-समय पर अपडेट किया जाएगा।

### दिसंबर से उन्हीं किसानों को लाभ जिनकी फार्मर रजिस्ट्री होगी तैयार

फार्मर रजिस्ट्री के लिए एक जुलाई से शुरू होगा अभियान एग्रीस्टैक (डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर फार एग्रीकल्चर) योजना के तहत किसानों की फार्मर रजिस्ट्री तैयार करने की प्रक्रिया एक जुलाई से शुरू होगी। यह अभियान दो चरणों में चलेगा। पहले चरण में एक जुलाई से 31 जुलाई तक स्थानीय कार्मिकों के माध्यम से सघन अभियान चलाया जाएगा। वहीं, एक अगस्त से इसे किसानों के लिए खुला छोड़ दिया जाएगा। किसान खुद मोबाइल एप के माध्यम से या जन सुविधा केंद्रों में जाकर फार्मर रजिस्ट्री तैयार कर सकेंगे। फार्मर रजिस्ट्री में किसान व उसके पिता का नाम, उसके स्वामित्व वाले सभी गाटा संख्या, सह खातेदार होने की स्थिति में गाटे में किसान का अंश, मोबाइल नंबर, आधार संख्या व ई-केवाइसी का विवरण दर्ज किया जाएगा। बता दें कि फरुर्खाबाद में पायलट प्रोजेक्ट के तहत 1,85,634 किसानों की फार्मर रजिस्ट्री तैयार की गई थी। अब इसे पूरे प्रदेश में लागू करने का निर्णय लिया गया है।

## संक्षेप

### कंटेनर व पिकप की आमने-सामने भिड़ंत, पिकप चालक की मौत

अमन लेखनी समाचार

हसनगंज, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र लखनऊ बागरमऊ मार्ग अकबरपुर तिराहे के पास बागरमऊ की तरफ से आ रहे पिकअप व लखनऊ की तरफ से आ रहे कंटेनर की आमने सामने भिड़ंत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस घायल पिकअप चालक को बाहर निकाल कर सीएचसी ले गई जहां डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। इस दौरान चार किलो मीटर का लंबा जाम लग गया लखनऊ बागरमऊ मार्ग अकबर पुर तिराहे के पास गुरुवार सुबह चार बजे लखनऊ जिला थाना काकोरी सलेमपुर गांव निवासी पिकअप चालक सतेंद्र 38 वर्ष पुत्र किशन पाल बुधवार रात दस बजे चौबेपुर से पिकअप में टमाटर लाद कर लखनऊ दुब्बगा मंडी जा रहा था तभी लखनऊ की तरफ से सामने से आ रहे तेज रफ्तार कंटेनर की आमने सामने भिड़ंत हो गई।ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने जेसीबी मंगवाकर पिकअप में फसे सतेंद्र को बाहर निकालकर गंभीर घायल अवस्था में सीएचसी में भर्ती कराया जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने परिजनो को मौत की सूचना दी। मृतक तीन भाई थे छोटा भाई अरुण, मनीष अविवाहित है।एक छोटी बहन शिवानी है। मृतक के एक लड़की जया एक वर्ष की है, पत्नी कविता सहित मां सरोजनी देवी का रो रो कर बुरा हाल है।प्रभारी निरीक्षक चंद्र कांत मिश्रा ने बताया की कंटेनर और पिकअप में टक्कर हुई है।जिससे पिकअप चालक की मौत हुई है।शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

### माटीकला से जुड़े कामगारों को दिया जाएगा प्रशिक्षण

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी सत्येंद्र कुमार ने बताया है कि उ0प्र0 माटीकला बोर्ड, द्धारा इस वित्तीय वर्ष 2024-25 मे माटीकला से जुडे.परम्परागत कामगारों के कौशल सुधार हेतु माटीकला शिल्पकारी 15 दिवसीय, आवासीय प्रशिक्षण सत्र का आयोजन मण्डलीय प्रशिक्षण केन्द्र डालीगंज लखनऊ में होगा, जिसमें जनपद उन्नाव के 22 लाभार्थियों को माटीकला के विषय विशेषज्ञ का व्याख्यान एवं मास्टर ट्रेनर द्वारा क्रियात्मक प्रशिक्षण दिया जायेगा, इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में माटीकला की कलात्मक/सौन्दर्यपरक/सजावटी/गृह उपयोगी वस्तुयें जैसे मूर्ति, मृण्मय साजावट/कसीदाकारी, सिरेमिक/चीनी मिट्टी की वस्तुओं के उत्पादन के साथ-साथ व्यवसाय स्थापित एवं संचालित करने का व्यवहारिक प्रशिक्षण भी दिया जायेगा।अतः उक्त प्रशिक्षण हेतु इच्छुक लाभार्थी दिनांक 30.06.2024 तक कार्यालय-जिला ग्रामोद्योग अधिकारीउ0प्र0 खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड 2-बाबूगंज,उन्नाव अपना आवेदन पत्र जमा कर सकते हैं

# विकास कार्यों की प्राथमिकता के 37 बिंदुओं की डीएम ने की समीक्षा

अमन लेखनी समाचार




उन्नाव। विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी गौरांग राठी की अध्यक्षता में विकास कार्यों का मूल्यांकन एवं अनुश्रवण, सीएम डैशबोर्ड, एवं शासन के विकास कार्यों की प्राथमिकता के 37 बिन्दुओं की विस्तृत समीक्षा की गयी।

बैठक में डीएम द्वारा सीएम डैशबोर्ड एवं शासन के विकास कार्यों की प्राथमिकता कार्यक्रम के अन्तर्गत सोलर लाईट, एमओयू मॉनीटरिंग, खराब ट्रॉन्सफार्मरों का बदला जाना, दैनिक विद्युत आपूर्ति, बीज डीबीटी, 102, 108 एम्बुलेंस, अस्पतालों में दवाओं की उपलब्धता एवं निगरानी, चिकित्सा सुविधाएं एवं आयुषमान कार्ड, दिव्यांग पेंशन, जल जीवन मिशन, शौचालय निर्माण, सामाजिक वनीकरण, ऑपरेशन कायाकल्प, पीएम पोषण, विद्यालय निरीक्षण, मिड-डे-मील, निराश्रित गौवंश संरक्षण, पशु टीकाकरण, पशुओं में कृत्रिम गभार्धान, मत्स्य सम्पदा योजना, निराश्रित महिला पेंशन, वृद्धावस्था पेंशन, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना, मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना आदि की प्रगति के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी ली गयी।

समीक्षा के दौरान विकास कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में खराब प्रगति वाले विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की प्राथमिकता के कार्यक्रमों की मुख्यमंत्री के स्तर पर नियमित रूप से समीक्षा की जाती है। इसलिए सभी विभाग अपने-अपने विकास कार्यक्रमों एवं योजनाओं की भौतिक व वित्तीय प्रगति में सुधार लाएं अन्यथा सम्बन्धित के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही होगी। उन्होने कहा कि विकास कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए और जन समस्याओं के निस्तारण में किसी भी प्रकार का विलम्ब न हो बैठक में मुख्य विकास अधिकारी प्रेम प्रकाश मीणा, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ० सत्य प्रकाश, जिला विकास अधिकारी संजय पाण्डेय, परियोजना निदेशक कमलेश कुमार, जिला समाज कल्याण अधिकारी डॉ० नीलम सिंह, अधिशासी अभियन्ता हरदयाल अहिरवार, जिला कृषि अधिकारी कुलदीप कुमार मिश्रा सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# घटतौली की जांच करने पहुंचे पूर्ति निरीक्षक ने की खाना पूर्ति

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। कोटेदार के द्वारा अंगूठा लगवा कर राशन न देना व राशन वितरण करते वक्त राशन में घटतौली करने की शिकायत ग्रामीणों ने जिला पूर्ति अधिकारी को किया था शिकायत पर पूर्ति निरीक्षक जांच करने पहुंचे किंतु कोटेदार से सांठ-गांठ करके बगैर राशनकार्ड धारकों की बात सुने चुपके से वापस लौट गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार औरास ब्लॉक के नशीरपुर निमैचा गांव में सस्ते गल्ले की दुकान पर ग्रामीणों से अंगूठा लगवा कर राशन न देना व यह कहकर वापस कर दिया जाता है कि अंगूठा शो नहीं कर रहा है। तथा राशन कार्ड धारकों को प्रत्येक यूनिट पर लगभग चार से पांच किलो राशन की घटतौली कोटेदार के द्वारा की जा रही है। ग्रामीणों में मैंकू पुत्र भूरे, गुड्डू पुत्र बाबू, जदूनाथ पुत्र पच्चा, दुर्गा पुत्र दुलारे, राजु पुत्र श्रीपाल, सतीश पुत्र विष्णु व विष्णु आदि लोगों ने जिला पूर्ति अधिकारी पूर्ति से शिकायत की थी शिकायत पर जांच करने पहुंचे पूर्ति निरीक्षक सौरभ मिश्रा ने कोटेदार कुसमा पत्नी गंगा विशुन से सांठ-गांठ करके मात्र कुछ कार्ड धारकों के बयान लिए ब बाकी के वगैर बयान दर्ज किए हुए वापस चलें गए ग्रामीणों ने पूर्ति निरीक्षक पर जांच में लापरवाही बरतने के गम्भीर आरोप लगाये है। पूर्ति निरीक्षक सौरभ से पूछा गया तो उन्होंने बताया कि पांच लोगों से बयान लिए गए जिसमें कोटेदार के खिलाफ तीन लोगों के बयान दर्ज हैं बयान के आधार पर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी हालंकि ग्रामीणों ने जिलाधिकारी उन्नाव गौरांग राठी को भी मामले में हीलाहवाली और कोटेदार को बचाने की बात कही है।

# शराब के नशे में धुत्त बाइक सवार युवक ने अधेड़ को मारी टक्कर, दोनो घायल

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। थाना बिहार अन्तर्गत बिहार बक्सर मार्ग पर शराब के नशे में बाइक चला रहे युवक ने अधेड़ को जोरदार टक्कर मार दी। घायल अवस्था मे अधेड़ को सुमेरपुर स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहाँ प्राथमिक उपचार उपरांत गंभीर हालत में जिला अस्तपताल रिफर कर दिया गया। थाना क्षेत्र के ताजकपुर मजरे कलानी निवासी धून साहू 50 वर्ष पुत्र रामनरेश बिहार बक्सर मार्ग के सराय मनिहार में आटा चक्की चलाते है।बीती देर शाम वह ताजकपुर घर से चक्की पैदल जा रहे थे तभी चक्की के पास ही बाइक सवार युवक शराब के नशे में अनियंत्रित होकर उसे जोरदार टक्कर मार दी। चक्की संचालक धुन साहू रोड पर ही गिर पड़े व उनके सर में गंभीर चोट लगने से ही बहुत सा खून बह गया। बाइक सवार युवक भी गिरकर चुटहिल हो गया। राहगीरों की मदद से एम्बुलेंस दोनो ही घायलों को सुमेरपुर स्वास्थ्य केंद्र लायी। धून साहू के सर में गंभीर चोट व खून की उल्टी होने के कारण प्राथमिक उपचार उपरांत जिला अस्तपताल रिफर कर दिया जहा स्वजन किसी निजी अस्तपताल में उपचार हेतु ले गए जहा उसकी हालात चिंताजनक बनी हुई है जबकि बाइक सवार चालक को मामूली चोट होने के कारण घर भेज दिया गया ।बाइक चालक मनोज 40 वर्ष पुत्र रामभरोसे खीरो थाना क्षेत्र का निवासी है ।वह राजमिस्त्री का काम करता है। शाम को वह धानीखेड़ा अपनी ससुराल जा रहा था।थाना प्रभारी शिव प्रकाश पांडेय ने बताया किसी प्रकार की कोई तहरीर अभी प्राप्त नही हुई है। तहरीर प्राप्त होते ही अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

# भगवान बुद्ध और डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। जनपद की विधानसभा सफीपुर के गांव हिम्मतखेड़ा मजरे खुटेहना में बुधवार को भगवान बुद्ध और संविधान रचयिता डॉक्टर भीम राव आंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण किया गया। भगवान गौतम बुद्ध की प्रतिमा का भी अनावरण किय वही अपने उद्बोधन में राहुल गच्छामि ने कहा कि बौद्ध धर्म भारत का पुराना धर्म है। इससे देश की एकता व अखंडता कायम रहेगी। भगवान बुद्ध ने अहिंसा का संदेश दिया है। जिस पर चलकर देश व समाज को विकास के पथ पर ले जाया जा सकता है। वही अंबेडकर के अनुयायी ग्राम सभा के मजरों में भ्रमण करके कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे। वही इस मौके पर संजय



भारती मंडल अध्यक्ष लखनऊ भीम आर्मी जय भीम संगठन सूर्यपाल मौर्य डॉक्टर गया प्रसाद राजेश गौतम मंडल उपाध्यक्ष जयसिंह विधानसभा अध्यक्ष सफीपुर वीरेंद्र कुमार ब्लॉक अध्यक्ष औरास शकुंतला देवी राहुल गच्छामि अवध कुमार मौर्य अवधेश गौतम आदि लोग मौजूद रहे।

# स्कूटी के विवाद में दो पक्षों में विवाद के बाद हवाई फायरिंग से हड़कंप

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। दही थाना क्षेत्र के आवास विकास मोहल्ले में बीती देर रात स्कूटी टकराने से दो पक्षों में विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि एक पक्ष की ओर से कई राउंड हवाई फायरिंग की गई। फायरिंग होने से हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी दही थाना पुलिस को मिली। मौके पर पहुँची पुलिस ने दोनों पक्षों को हिरासत में लेकर थाने ले गई और फायरिंग की सूचना को लेकर जांच पड़ताल की है। देर रात दोनों पक्षों ने समझौता कर लिया फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

जानकारी के अनुसार आवास विकास के मोहल्ला बी के रहने वाले नितेश चोपड़ा पुत्र हरीश चोपड़ा, आवास विकास बी मोहल्ला के रहने वाले आशीष शुक्ला पुत्र कृष्णकांत शुक्ला बीती रात मामा कपड़े वाले की दुकान के सामने गुजर रहे थे। इसी दौरान स्कूटी खड़ी करने को लेकर दोनों लोगों में शुरू हो गई। गहमा गहमी के बाद स्थिति विवाद तक पहुंच गई। जिसमें एक पक्ष की ओर से दहशत फैलाने की इरादे से हवाई फायरिंग कर दी गई। फायरिंग होते ही मोहल्ले के लोगों में हड़कंप मच गया। आनन फानन घटना की जानकारी दही थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक अनुराग सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और उन्होंने दोनों पक्षों को हिरासत में लेकर थाने ले गए और पूछताछ की। घटना के बाद दोनों पक्ष से कई लोग थाने पहुंचे और आपस में सुलह समझौता कर लिया। लेकिन थाना प्रभारी ने बताया कि हवाई फायरिंग की जांच की जा रही है जांच पड़ताल में जो तथ्य मिलेंगे उसके आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# मित्रता करो तो कृष्ण सुदामा की तरह जो समाज में आदर्श बन जाये

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। नगर क्षेत्र के शास्त्री नगर में स्थित समृद्धि पैलेस प्रांगण में चल रही सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के सप्तम दिवस आज सुदामा चरित्र और रुक्मिणी बिवाह की कथा सुनाते हुए कथा व्यास राकेश पाण्डेय ने कहा कि भगवान कृष्ण ने सुदामा चरित्र के माध्यम से भक्तों के सामने मित्रता की मिशाल पेश की है। संसार में मित्रता भगवान कृष्ण और सुदामा की तरह होनी चाहिए। आज के युग में स्वार्थ के लिए लोग एक दूसरे से मित्रता करते हैं और काम निकल जाने पर एक दूसरे को भूल जाते हैं।श्री कृष्ण और सुदामा नें समाज में समानता का संदेश दिया है। उन्होंने कहा कि संसार में सबसे बड़ा दरिद्री कौन है तृष्णा यानी चाह और चाह कभी भी खत्म नहीं होती। सुदामा के घर में खाने एक भी दाना नहीं है, लेकिन सुदामा दरिद्री नहीं है सुदामा टूटी झोपड़ी में रहते हैं, लेकिन दरिद्र नहीं हैं, कपड़े फटे पुराने हैं लेकिन दरिद्र नहीं हैं, सुखदेव ने कहीं भी सुदामा को दरिद्र नहीं बताया है।तेरह तेरह दिन बिना अन्न के सुदामा और उनकी पत्नी बनी रहीं इसी कारण सुदामा अति कमजोर हैं, पूरा शरीर हड्डियों का ढाँचा बन गया था। परम विद्वान गगार्चार्य की पुत्री सुशीला सुदामा की पत्नी हैं। गगार्चार्य ने सोंचा कि हमारा दामाद निर्धन ब्राह्मण हैं। इसलिए अपनी पुत्री के लिए धन दे दें, लेकिन सुदामा ने धन नहीं लिया। अपनी पत्नी के कहने पर कि द्वारिकाधीश तुम्हारे मित्र हैं तुम उनके पास क्यों नहीं जाते हो? द्वारिकापुरी जाने पर भगवान कृष्ण उनकी दशा देखकर द्रवित होकर अपने आँसुओं से उनके पैर धोते हैं, और धन धान्य देकर अपने मित्र को विदा किया। इसके बाद रुक्मिणी बिवाह की कथा के बाद कथा को विराम दिया गया। कथा आयोजक शील वती सिंह, लाल बहादुर सिंह, मीरा सिंह आदि नें बिधि विधान से पूजा अर्चना की। करण सिंह, दिलीप कुमार सिंह, प्रदीप कुमार सिंह, पवन सिंह, वीर विक्रम सिंह, विनय प्रताप सिंह नें आए हुए भक्तों का स्वागत किया।इस अवसर पर सैकड़ों ग्रामवासी एवं क्षेत्रीय श्रोतागण मौजूद रहे।

# 15 लीटर अवैध कच्ची शराब समेत महिला गिरफ्तार



अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। तहसील बीघापुर अन्तर्गत अवैध कच्ची शराब विक्रेताओं के खिलाफ चल रहे अभियान के तहत आबकारी निरीक्षक प्रतिभा सिंह के नेतृत्व में छापेमारी कर एक विक्रेता को 15 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद कर आबकारी अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया। अवैध रूप से बन रही जहरीली कच्ची शराब धरपकड़ अभियान के तहत भगवन्तनगर चौकी के अकवारा के नहर पुलिया से मुखबिर की खास सूचना पर आबकारी निरीक्षक प्रतिभा सिंह के नेतृत्व में अवैध रूप से कच्ची शराब बेच रही रामेस्वरी पत्नी परमेश्वर निवासी अकवारा को 15 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार कर आबकारी अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत कर लिया गया।

### संदिग्ध परिस्थितियों में मिला अधेड़ युवक का शव

अमन लेखनी समाचार

हसनगंज, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र मुस्तफाबाद निवासी कल्लू 55 वर्ष बुधवार देर शाम पांच बजे बाजार से घर आ रहे थे तभी गांव के पास आसीवन ब्रांच से निकली मुस्तफाबाद हमीरपुर माइनर के पास सुबह ग्रामीणों ने शव पड़ा देख पुलिस को सूचना दी।पुलिस के पहुंचने से पहले ही मृतक का बड़ा बेटा पिंटू सहित ग्रामीणों ने शव को खेत मे दफनाने लगे कोतवाली प्रभारी चंद्र कांत मिश्र पुलिस फोर्स के साथ पहुंच कर शव दफनाने से मना कर पोस्टमार्टम के लिए कहा, लेकिन परिजन नही माने, प्रभारी के समझाने के बाद बड़े बेटे पिंटू पोस्टमार्टम के लिए राजी हुए। कोतवाली प्रभारी चंद्र कांत मिश्र ने बताया कि मौके पर गए लेकिन परिजन पोस्टमार्टम के लिए राजी नहीं थे, लेकिन उन्हें राजी करके शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है पोस्टमार्टम के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो पाएगा।

### मामूली सी बात पर दो पक्षों में जमकर हुई मारपीट

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। थाना बिहार अन्तर्गत ग्राम उचवा पुरंदरपुर में सहन पर लकड़ी रखने के विवाद में दो पक्षो में जमकर मारपीट हो गयी ।पुलिस ने दोनों पक्षो का शांतिभंग की धाराओं में निरुद्ध कर मा०न्याया० भेज दिया ।थाना क्षेत्र के चौकी पाटन के ग्राम उचवा पुरंदरपुर निवासी सुरेंद्र पुत्र मंगल व पड़ोसी रामप्रकाश पुत्र बुधई में सहन को लेकर काफी दिनों से विवाद चला आ रहा था ।दोनो पक्षो के मध्य सहन में लकड़ी रखने को लेकर विवाद शुरू हो गया विवाद मारपीट में बदल गया। पुलिस को सूचना मिलने पर दोनो पक्षो को पकड़ कर शांतिभंग की धाराओं में निरुद्ध कर न्यायालय कोर्ट बीघापुर भेज दिया।

# जर्जर भवन में बैठकर कर्मचारी निपटा रहे सरकारी कामकाज

अमन लेखनी समाचार/गिरीश चंद्र त्रिपाठी



फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। विकासखंड फतेहपुर चौरासी कार्यालय के कर्मचारी निष्प्रयोज्य भवनों का प्रयोग कर रहे हैं। इन भवनों में बैठकर काम निपटाना कर्मचारियों के लिए खतरे की घंटी बना रहता है। कोई भी भवन किसी भी समय गिरकर अनहोनी घटना को जन्म दे सकता है। बताते चलें कि क्षेत्र पंचायत फतेहपुर चौरासी में कई दशक पूर्व सहायक विकास अधिकारी, ग्राम विकास अधिकारी एवं खंड विकास अधिकारी के भवनों का निर्माण कराया गया था।दशकों वर्ष पुराने हो चुके यह भवन पूर्ण रूप से जर्जर हो चुके हैं और विकासखंड कार्यालय की ओर से भी इन्हें निष्प्रयोज्य घोषित किया जा चुका है। किंतु अभी भी इनमें कर्मचारियों का रहना बैठना और काम करना जारी है। हालांकि चंद भवनों को छोड़कर किसी भी आवास में कोई भी अधिकारी कर्मचारी रात्रि को निवास नहीं करता है। किंतु दिनभर कार्य इन आवासों में मौजूद रहकर काम करना खतरे से इनकार नहीं किया जा सकता है।इन आवासों की छतों के प्लास्टर टूट टूट कर अक्सर गिरते रहते हैं। जिससे कई कर्मचारी अब तक घायल भी हो चुके हैं। इन आवासों के पीछे बनी बाउंड्री वॉल ध्वस्त हो चुकी है किंतु कमरे और बरामदे अभी भी अपने आकार में है। इनकी छतों से वर्षा होनें पर पानी टपकता है तो सुरक्षा के लिए कर्मचारियों ने छतों पर पन्नी डलवा रखी हैं और आवासों में ही मौजूद रहकर अपना कार्य निपटान करते-रहते हैं। पूर्ण रूपसे जर्जर हो चुके इन आवासों में खंड विकास अधिकारी के आवास का जीर्णोद्धार कई बार किया जा चुका है जो मजबूत है किंतु उसे आवास में कभी भी खंड बिकास अधिकारी ना तो दिन में रुकते हैं और ना ही रात में ही रुकते नजर आते हैं। जर्जर सहायक विकास अधिकारी और ग्राम विकास अधिकारी के आवासों में दिन में कार्य करने के लिए बैठने से उन कर्मचारियों के क्षेत्र के तमाम लोग और प्रधान भी इकट्ठा रहते हैं।जिससे किसी भी समय उनके गिरकर अप्रिय घटना होने से इनकार नहीं किया जा सकता है। इतना सब होने के बावजूद भी यहां किसी भी जिम्मेदार अधिकारी की नजर इन आवासों पर नहीं पड़ रही है और नए सिरे से इन आवासों को बनवाए जाने की अब तक कोई कवायद नहीं की गई है।जबकि प्रतिवर्ष करोड़ों रुपया विकासखंड कार्यालय से विकास मद में खर्च किया जाता है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे पर लटकता मिला, किशोर का शव

अमन लेखनी समाचार



फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। स्थानीय थाना क्षेत्र के कस्बा फतेहपुर चौरासी में संदिग्ध परिस्थितियों में एक किशोर का शव फांसी के फंदे से लटकता मिला। किशोर का फांसी से लटकता शव मिलते ही कोहराम मच गया। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी है। कस्बे के मोहल्ला आजाद नगर में विनय सैनी के लगभग पन्द्रह वर्षीय पुत्र सत्यम का शव घर के दरवाजे में साड़ी से फांसी पर लटका मिला। पिता विनय व मां कांती परिवार के साथ अपनी रिशतेदार महिला के निधन पर हरदोई जनपद के गांव बड़ा गांव मंगलवार को गए थे जिससे सत्यम घर पर अकेला था। गुरुवार को सत्यम का पारिवारिक भाई आदर्श उर्फ नवीन सत्यम के घर किसी काम से गया तो घर का दरवाजा अन्दर से बन्द मिला।कई बार आवाज देने पर भी जब दरवाजा नहीं खुला तो दीवार फांदकर अंदर गया तो सत्यम का शव फांसी पर लटका मिला तो उसने घरवालों को सूचना दी। घर पहुंचे परिजनों में कोहराम मच गया। परिजन घटना का कोई कारण स्पष्ट नहीं कर सके। मृतक सत्यम दो भाई व एक बहन था। बड़ा भाई हर्ष बंगलौर में रहकर काम करता है। प्रभारी निरीक्षक राजेश्वर त्रिपाठी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्यवाही की जाएगी। सत्यम की मौत से मां कांति भाई बहन एवम परिजन रो रो कर बेहाल हैं।

# नवनिर्वाचित सांसद ने गैस पीडितों से मुलाकात कर मदद का दिया आश्वासन



अमन लेखनी समाचार/उमेश दीक्षित

हमीरपुर। नवनिर्वाचित सांसद अजेंद्र सिंह लोधी ने आज मुख्यालय के बेतवा घाट पहुंचकर गैस पीड़ितो से मुलाकात की। उन्होंने जिलाधिकारी से बात कर पीड़ित परिवार के मृतकों और घायलों को उचित मुआवजा दिलाने व प्रधानमंत्री आवास निर्मित करवाने का आश्वासन दिया। इसके बाद सांसद ने जिला कारागार का निरीक्षण कर कैदियों से उनकी समस्याओं के बावत वार्ता की।

इस मौके पर उनके साथ पूर्व विधायक गयादीन अनुरागी, सपा जिलाध्यक्ष इदरीश खान, कांग्रेस जिलाध्यक्ष हिमांशु सैनी, नीरज कश्यप, युगांक मिश्रा, हसन खान गोलू, लाला प्रधान, रिजवान खान, सैयद उमर, संजय धुरिया, परवेज, जुनैद अहमद आदि लोग उपस्थित रहे।

**अंतरराष्ट्रीय योग दिवस (21 जून) पर विशेष**

## शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य के लिए योग अपनाएं, निरोगी काया पाएं

**स्वयं और समाज के लिए योग थीम पर मनाया जा रहा दिवस**



लेखक - मुकेश कुमार शर्मा

हिंदी दैनिक अमन लेखनी लखनऊ

जीवन का असली आनन्द पूर्ण रूप से स्वस्थ रहने में ही है, चाहे वह शारीरिक स्वास्थ्य हो या मानसिक। जीवन में जल्दी से जल्दी सब कुछ हासिल कर लेने और एक दूसरे से आगे निकलने की होड़ में आज लोगों के पास अपने लिए वक्त ही नहीं है। समय से सोने, खाने और शारीरिक श्रम के नियम का पालन न करने का परिणाम यह रहा कि लोगों को असमय कई तरह की बीमारियाँ घेरने लगीं। इसी को ध्यान में रखते हुए देश ही नहीं विदेश में भी आज योग को इतनी महत्ता मिल रही है और हर साल 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है।इसके माध्यम से योग को जीवन का अहम हिस्सा बनाने की अपील की जाती है और जगह-जगह योगाभ्यास भी कराया जाता है।इसके साथ ही यह सन्देश भी जन-जन तक पहुंचाया जाता है कि पूर्ण रूप से स्वस्थ, खुशहाल व प्रसन्न व्यक्ति ही अपने साथ समाज और राष्ट्र की समृद्धि में मददगार बन सकता है।

योग को देश की प्राचीन परम्परा का एक अमूल्य उपहार माना जाता है, जो शरीर के साथ दिमाग की भी सेहत को दुरुस्त रखता है। हमारी बदलती लाइफस्टाइल में यह एक तरह की ऊर्जा का संचार करता है और बदलते जलवायु परिवर्तन से निपटने में भी मददगार साबित हो सकता है। इस अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की इस साल की थीम-ह्लस्वयं और समाज के लिए योगह्व तय की गयी है।इसका मूल उद्देश्य है कि योग न केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य को बढ़ाता है बल्कि सामाजिक कल्याण में भी योगदान देता है। योग मनुष्य को लम्बी उम्र का वरदान भी प्रदान करता है।इसे 21 जून को मनाये जाने के पीछे एक कारण यह भी माना जाता है कि इस दिन उत्तरी गोलार्ध में सबसे लम्बा दिन होता है, जिसका सीधा जुड़ाव लम्बी उम्र से माना गया है।

योगासन शरीर को लचीला बनाने, पाचन तंत्र को दुरुस्त रखने के साथ ही लीवर-किडनी व शरीर के अन्य आंतरिक अंगों को स्वस्थ बनाने में बहुत ही लाभकारी है।रीढ़ की हड्डी, पेट व कमर के लिए जैसे अर्ध मत्स्येन्द्रासन को बहुत उपयोगी बताया गया है। इसी तरह से सूर्य नमस्कार और प्राणायाम को तो हर किसी के लिए उपयोगी बताया गया है जो कि कई तरह की बीमारियों से शरीर को सुरक्षित बनाते हैं। इनके दैनिक अभ्यास से शरीर निरोगी, स्वस्थ और चेहरे की चमक बढ़ जाती है।पेट की चर्बी घटती है और तनाव को दूर करता है। मासिक धर्म को नियमित करता है और हड्डियों को मजबूत बनाता है। मांशपेशियों में लचीलापन आता है और रक्त का संचार संतुलित मात्रा में होता है।

इस तरह साफ कहा जा सकता है कि योग मात्र शारीरिक व्यायाम ही नहीं, अपितु एक सम्पूर्ण चिकित्सा विज्ञान भी है। योग जीवन दर्शन है, एक दार्शनिक चिंतन और सहज-सरल संतुलित जीवन शैली है।योग शरीर, मन व जीवन के समग्र रूपान्तरण की क्रियात्मक वैज्ञानिक व व्यावहारिक प्रक्रिया है। योग वस्तुतः स्वस्थ व्यक्ति और स्वस्थ समाज का आधार है। योग सभी प्रकार के भेदभाव से मुक्त एक सशक्त जीवन पद्धति है, जो सम्पूर्ण मानवता को रोगमुक्त कर स्वस्थ व सुखी जीवन प्रदान करता है। योग सभी को खुशहाल रखता है। अतः योग बीमारियों से बचने की दवा है। योग के पथ पर चलने के साथ ही यह भी जरूरी है कि हम अपने जीवन में सत्य, अहिंसा, अस्तेय, ब्रह्मचर्य, अपरिग्रह, सोच, संतोष, तप और स्वाध्याय को भी शामिल करें तभी सही मायने में योग का लाभ मिल सकता है।

(लेखक पापुलेशन सर्विसेज इंडिया के एक्जेक्युटिव डायरेक्टर हैं)

# नेतृत्व विहीन, कमजोर संगठन के कारण उत्तर प्रदेश में लोकसभा चुनाव में हुई भाजपा की हार



डॉ. राज कुमार सिंह चौहान

हिंदी दैनिक अमन लेखनी लखनऊ

उत्तर प्रदेश में लोकसभा चुनाव में हुई पराजय को लेकर भाजपा नेतृत्व लगातर बैठकें करके समीक्षा कर रहा है इन समीक्षा बैठकों में कहीं पर संगठन की कमजोरी तो कहीं पर विधायकों की उदासीनता के आरोप लग रहे हैं, इन आरोपों के साथ ही यह भी आरोप लग रहे हैं कि उत्तर प्रदेश में भाजपा में कोई नेतृत्व ही नहीं है जिसकी बदौलत जनता में सकारात्मक संदेश दिया जा सके । भाजपा में कहा जाता है कि संगठन जमीनी स्तर तक काम कर रहा है भाजपा का संगठन पन्ना प्रमुख तक फैला हुआ है जिसके कारण आज भाजपा संगठन को विश्व का सबसे बड़ा संगठन भी माना जाता है, लेकिन क्या वास्तव में भाजपा का संगठन शहर और गांव की गलियों तक अपनी पैठ बना चुका है यदि अपनी पैठ बन चुका है तो इस बार लोकसभा चुनाव में भाजपा की दुर्गति क्यों हुई यह सबसे बड़ा प्रश्न है ?

देखा जाए तो भाजपा में कार्यकताओं की लंबी चौड़ी फौज है और उनमें कार्य करने की क्षमता भी है विगत दो लोकसभा व दो विधानसभा चुनाव में भाजपा के कर्यकताओं ने मेहनत और लगन से काम किया जिसका परिणाम भी बहुत सकारात्मक और अच्छा रहा जिसके कारण ही वर्ष 2014 में नरेंद्र मोदी जी की सरकार पूरे बहुमत के साथ केंद्र की सत्ता में आई, उसके बाद वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में भी भाजपा कार्यकताओं ने प्रचण्ड बहुमत के साथ नरेंद्र मोदी जी को दोबारा देश की बागडोर सौंपने का काम किया ।इसी तरह वर्ष 2017 एवं वर्ष 2022 में विधानसभा के चुनाव में कार्यकताओं के बल पर उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ की सरकार पदारूढ़ हुई ।

इस दौरान वर्ष 2014 से लेकर वर्ष 2024 तक उत्तर प्रदेश भाजपा संगठन में लगातार बदलाव होते रहे लेकिन उन बदलाव में कहीं पर भी यह दिखाई नहीं पड़ा कि प्रदेश संगठन की बागडोर किसी ऐसे नेता को सौंपी जाए जिसका जनता में प्रभाव हो और उसके प्रभाव का फायदा चुनाव में लिया जा सके, इस दौरान जो भी संगठनात्मक नियुक्तियां प्रदेश संगठन में की गई उनमें जनाधार विहीन लोगों को नेता स्थापित करने का प्रयत्न किया गया, जो लोग कभी जनता का कोई चुनाव नहीं जीते ज्यादातर समय उनको संगठन के महत्वपूर्ण पदों पर स्थापित किया गया, बाद में उन्हीं लोगों को पिछले दरवाजे से राज्यसभा और विधान परिषद में भेजा गया, कार्यकर्ता जमीनी स्तर पर कार्य करते रहे उनकी पूछ नहीं हुई, चटुकार किस्म के नेताओं को संगठन में तरजीह देने का क्रम निरंतर जारी रहा ।

आज जब लोकसभा के चुनाव में भाजपा को करारा झटका लगा है तब यह कहा जा रहा है कि चुनाव में कहां पर गलतियां हुई उसकी समीक्षा की जाएगी कहीं-कहीं यह भी आरोप लग रहे हैं कि विधायकों ने मदद नहीं की, कहीं पर कहा जा रहा है कि कार्यकर्ता उदासीन रहा इसी तरह के आरोप प्रत्यारोप एक दूसरे पर मढ़े जा रहे हैं, लेकिन सत्यता की तरफ कोई नजरे उठाने की हिम्मत नहीं कर रहा है कि जब संगठन में काबिल और जमीनी नेताओं को जगह नहीं दी जाएगी, मनमानी नियुक्तियां की जाएगी और संगठन के कार्यकताओं से ही अपेक्षा की जाएगी कि वह पार्टी को बार-बार जीताकर सरकार बनाते रहे, तो यह कहां तक संभव है कि कार्यकर्ता अपने ऊपर आसमान से थोपे गए नेताओं को ढोती रहेगी ।

वर्ष 2022 का विधानसभा चुनाव योगी आदित्यनाथ के चेहरे पर लड़ा गया जिसके कारण भाजपा पुनः सत्ता प्राप्त कर सकी, योगी आदित्यनाथ केवल प्रदेश ही नहीं वह देश के चेहरा बन चुके हैं।

वर्तमान समय में उत्तर प्रदेश भाजपा संगठन में संगठन के मुखिया से लेकर नीचे तक जो भी पदाधिकारी है, उनमें से 90% ऐसे पदाधिकारी हैं जिनको प्रदेश में कोई जानता ही नहीं है या फिर उनके विषय में किसी को जानकारी ही नहीं है लेकिन वह प्रदेश के भाजपा के पदाधिकारी और नेता है, क्योंकि उनको भाजपा के राष्ट्रीय नेतृत्व के किसी न किसी पदाधिकारी का संरक्षण प्राप्त है, आज संगठन में जितने भी पदाधिकारी हैं वह अपने कार्यों की बदौलत नहीं, बल्कि अपने आकांओ के संरक्षण की बदौलत उत्तर प्रदेश भाजपा की टीम में अथवा क्षेत्रीय अध्यक्ष के रूप में स्थापित है, इन कृपा पात्र लोगों के कारण ही प्रदेश में भाजपा को पराजय का सामना करना पड़ा है ।

आज भाजपा में निष्ठावान कार्यकताओं के बजाय चटुकारो का बोलबाला है, दूसरे दलों से आए तमाम नेता, कार्यकर्ता, भाजपा के वरिष्ठ नेता बन गए हैं और जो भाजपा मैं दशकों से निष्ठा से कार्य कर रहे थे वह दूसरे दलों से आए हुए नेताओं के जूनियर बनकर रह गए हैं, इसी का परिणाम है कि निष्ठावान कार्यकर्ता अपने घरों में बैठ गया और उत्तर प्रदेश में भाजपा को बुरी तरह से पराजय का सामना करना पड़ा ।

यदि समय रहते राष्ट्रीय नेतृत्व ने इस ओर ध्यान नहीं दिया तो आने वाले समय में भाजपा को और भी कठिन दौर से गुजरना पड़ सकता है , अपनों को महत्व देकर दूसरों को भी सहेजा जा सकता है लेकिन अपनों को तिरस्कृत कर दूसरों को सहेजना भाजपा के गले की फांस बनता ज रहा है ।

अभी भी समय है भाजपा के पास नेताओं की कमी नहीं है उत्तर प्रदेश में एक सशक्त नेतृत्व को संगठन की बागडोर देकर पार्टी को फिर से मजबूत किया जा सकता है, लेकिन यदि केंद्र की कृपा पात्र व्यक्तियों को पदाधिकारी बनाकर स्थापित किया जाता रहा तो उत्तर प्रदेश में भाजपा को मजबूत करना असंभव होगा।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)

## ज्ञान, भक्ति व कर्म की पूर्णता श्रीराम



संकलित

**दर्शन**

उपदेश जब ग्रंथ से दिया जाएगा तो लिखने के काम आएगा, जब पढ़कर दिया जाएगा तो सुनने के काम आएगा। उपदेश जब जीवन में चरितार्थ हो जाएगा, तब स्वाभाविक रूप से ग्राह्य और अनुकरणीय हो जाएगा। श्रीरामचरितमानस में लीला और चरित्र दोनों चरितार्थ हैं, जिसमें उपदेश दिया नहीं गया, चरितार्थ करके दिखाया गया है। चरितार्थ भी ऐसे हुआ है कि जिसमें चमत्कार और अप्रासंगिकता नहीं है। भगवान राम ने अपना कोई मूल्यांकन नहीं किया, पर दूसरे के हर कार्य की प्रशंसा की, उन्हें उत्साहित किया। ज्ञान की समझ, भक्ति-भावना और कर्म की शैली में यदि व्यावहारिकता नहीं है, तब साधक के जीवन में ज्ञान, भक्ति और कर्म की त्रिपुटी केवल प्रदर्शन योग्य ही रह जाएगी। उसका शुद्ध प्रयोजन सिद्ध नहीं होगा। इस सर्वांगीण पूर्णता के साथ पृथ्वी पर मात्र भगवान राम ही अवतरित हुए, जिनका मानवोचित गुणों का निर्वहन करते हुए भी स्वयं का सत, चित, और आनंद स्वरूप अपने शुद्ध स्वरूप में बना रहा। ज्ञान की व्यावहारिकता है कि किसी से कुछ इच्छा न रखे और सब में एक ही ब्रह्म का साक्षात्कार करे। भक्ति की व्यावहारिकता है कि संसार के सारे संबंधों का आधार भगवान को माने। सहज संतोषी स्वभाव हो। मन में कुटिलता न हो। कर्म की व्यावहारिकता यह है कि व्यक्ति स्वयं को सेवक माने। संसार के लोगों के शुभ और सत्कर्मों की प्रशंसा अवश्य करे। भगवान श्रीराम ने स्वयं में कोई गुण नहीं देखा, अपितु दूसरे के अवगुणों में भी गुण पक्ष को ग्रहण कर उसका उपयोग लोकहित में किया।

## एक दिन का पुण्य ही क्यूं



संकलित

**प्रेरणा**

एक भिखारी एक सज्जन की दुकान पर भीख मांगने पहुंचा। सज्जन व्यक्ति ने 1 रुपए का सिक्का निकाल कर उसे दे दिया। भिखारी को प्यास भी लगी थी, वो बोला बाबूजी एक गिलास पानी भी पिलवा दो, गला सूखा जा रहा है। सज्जन व्यक्ति ने गुस्से में कहाः तुम्हारे बाप के नौकर बैठे हैं क्या हम यहां, पहले पैसे, अब पानी, थोड़ी देर में रोटी मांगेगा, चल भाग यहां से। भिखारी बोलाः बाबूजी गुस्सा मत कीजिये मैं आगे कहीं पानी पी लूंगा। पर जहां तक मुझे याद है, कल आपने निर्जला एकादशी व्रत कथा का पाठ किया था, तथा कल इसी दुकान के बाहर मीठे पानी की छबील लगी थी और आप स्वयं लोगों को रोक-रोक कर जबरदस्ती अपने हाथों से गिलास पकड़ा रहे थे, मुझे भी कल आपके हाथों से दो गिलास शर्बत पीने को मिला था। मैंने तो यही सोचा था, आप बड़े धर्मात्मा आदमी है, पर आज मेरा भरम टूट गया। कल की छबील तो शायद आपने लोगों को दिखाने के लिये लगाई होगी? मुझे आज आपने कड़वे वचन बोलकर अपना कल का सारा पुण्य खो दिया। मुझे क्षमा करना अगर मैं कुछ ज्यादा बोल गया हूं तो। उसकी नजरों के सामने बीते दिन का प्रत्येक दृश्य घूम गया। उसे अपनी गलती का अहसास हो रहा था। वह स्वयं अपनी गद्दी से उठा और अपने हाथों से गिलास में पानी भरकर उस बाबा को देते हुए उसे क्षमा प्रार्थना करने लगा। भिखारीः बाबूजी मुझे आपसे कोई शिकायत नहीं, परन्तु अगर मानवता को अपने मन की गहराइयों में नही बसा सकते तो एक-दो दिन किये हुए पुण्य कार्य व्यर्थ ही हैं।

## सम्पादकीय

# देश में रेल से यात्रा को सुरक्षित बनाना जरूरी

भारत में दुनिया का विशाल रेल नेटवर्क है, तकरीबन तीन करोड़ लोग प्रतिदिन रेल यात्रा करते हैं। सैकड़ों रूट लंबी दूरी के हैं, जिसमें तीन दिन में यात्रा पूरी होती है। ऐसे में रेल संचालन का सुरक्षित होना जरूरा ह। पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी में रेल हादसा देश की रेल सुरक्षा पर सवाल उठाता है। बेशक इस हादसे में जान गंवाने वालों की संख्या कम है, लेकिन जिस तरह खड़ी कंचनजंगा एक्सप्रेस में उसी ट्रैक पर मालगाड़ी ने भीषण टक्कर मारी है, यह हादसा मानवीय गलती ज्यादा लगती है। मालगाड़ी को सिग्नल कैसे मिला? जबकि उसी ट्रैक पर कंचनजंगा एक्सप्रेस थी। इस हादसे को लेकर पहले रेलवे बोर्ड की चेयरमैन जया वर्मा सिन्हा की ओर से कहा गया कि मालगाड़ी के ड्राइवर ने सिग्नल की अनदेखी की, लोको पायलट ने सिग्नल ओवरशूट किया, इसलिए मालगाड़ी कंचनजंगा एक्सप्रेस से टकरा गई। यह बात गले उतरने वाली नहीं थी, इस हादसे में ड्राइवर व गार्ड की मौत हुई है। रेल में रेल ड्राइवर सिग्नल को ओवरशूट नहीं करते हैं, कारण रेलवे के संचालन में ड्राइवर से अधिक स्टेशन प्रबंधन की भूमिका होती है। हर दो स्टेशन के बीच दोनों स्टेशन मास्टर, गार्ड व लोको पायलट के बीच प्रॉपर संचार होता है। मीडिया में सूत्रों के हवाले से आई खबरों के मुताबिक, रेलवे के आंतरिक दस्तावेज में इस बात का खुलासा हुआ है कि ऑटोमेटिक सिग्नल खराब था, इस वजह से मालगाड़ी का ड्राइवर आगे बढ़ गया। रेड सिग्नल काम ही नहीं कर रहे थे। इस बात को भी सच मान लिया जाय तो यह स्टेशन मास्टर की जिम्मेदारी थी कि उस स्टेशन की ओर आ रही सभी ट्रेनों के ड्राइवर व गार्ड को सूचना देते कि रेड सिग्नल खराब है, वहां मैनुअली सिग्नल मैन झंडे के साथ तैनात किए जा सकते थे। पर स्टेशन प्रबंधन ने ऐसा करना उचित नहीं समझा। देश में यह पहला रेल हादसा नहीं है, वरन इससे पूर्व अनेक भीषण रेल हादसे हुए हैं, जिनमें हजारों लोगों की जान जा चुकी है। हर हादसे के बाद रेलवे की सुरक्षा को लेकर आवाज उठाई जाती है, सरकार की ओर से इसे ठीक करने का वादा किया जाता है, लेकिन रेल संचालन की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं की जाती है। पश्चिम बंगाल की इस रेल दुर्घटना पर रेलवे बोर्ड की ओर से कही गई है कि यह रेलवे ट्रैक ट्रेन टक्कर रोधी प्रणाली युक्त नहीं था। भारत में अभी भी सैकड़ों रेलवे ट्रैक हैं, जो ट्रेन टक्कर रोधी प्रणाली युक्त नहीं है। इस हादसे की गंभीरता से जांच होनी चाहिए। क्या यह हादसा, खराब सिग्नल की वजह से हुआ या यह ड्राइवर की चूक से हुआ या इंटरलॉकिंग फेल्योर के चलते हुआ? रेलवे के गुवाहाटी-दिल्ली मार्ग पर सोमवार को जहां पर सियालदह कंचनजंघा एक्सप्रेस में एक मालगाड़ी ने पीछे से टक्कर मारी वहां 'कवच' या ट्रेन टक्कर रोधी प्रणाली उपयोग में नहीं थी। रेलवे बोर्ड की अध्यक्ष जया वर्मा सिन्हा ने कहा कि इस मार्ग के लिए स्वचालित टक्कर रोधी ट्रेन सुरक्षा प्रणाली 'कवच' की योजना बनाई जा रही है। आखिर इस रेल हादसे के लिए जिम्मेदार कौन है? क्या उन्हें सजा मिलेगी? या फिर जिम्मेदारी की लीपापोती होगी? आखिर हमारा रेल तंत्र पूर्ण सुरक्षित कब होगा? रेल यात्रा अभी भी भारत की सबसे अधिक विश्वसनीय व सुरक्षित यातायात बनी हुई है। यह सरकार की आय का बड़ा साधन भी है। रेलवे के संचालन को सुरक्षित, नई तकनीक से लैस, आपसी संचार प्रणाली को बेहतर बनाने की आवश्यकता है। तभी हादसे रुकेंगे।

# दलबदलुओं को नकार रहा जनमत



**राजनीति**

राज कुमार सिंह

सत्तापक्ष और विपक्ष की जीत-हार से इतर मतदाताओं ने ज्यादातर दलबदलुओं को नकार कर भी बड़ा संदेश दिया है। असल संकेत यह है कि दलबदलुओं की चुनावी सफलता की दर लगातार गिर रही है। एक अध्ययन के मुताबिक यह दर 2014 और 2019 में क्रमशः 66.7 प्रतिशत और 56.5 प्रतिशत थी, जो 2024 में 32.7 फीसदी रह गयी है यानि मतदाताओं ने दो-तिहाई दलबदलुओं को नकार दिया। इस आंकड़े को देखते हुए उम्मीद की जा सकती है कि ठीक चुनाव से पहले दल बदल लेने की प्रवृत्ति पर रोक लगगी। राजनीतिक दलों और नेताओं से सुधरने की उम्मीद बेमानी है। सबक सिखाने का संकल्प खुद मतदाताओं को लेना होगा।

सत्तापक्ष और विपक्ष की जीत-हार से इतर मतदाताओं ने ज्यादातर दलबदलुओं को नकार कर भी बड़ा संदेश दिया है। सत्ता को ही राजनीति का पहला और अंतिम सच मानने वाले नेता चुनाव जीतने के लिए दलबदल में संकोच नहीं करते। दलों को भी दलबदलुओं पर दांव लगाने से परहेज नहीं, पर दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र को मतदाताओं का आभारी होना चाहिए, जिन्होंने ज्यादातर दलबदलुओं को नकार दिया। दलबदल की बीमारी किस तरह नासूर बनती जा रही है, इसका अंदाजा इसीसे लगाया जा सकता है कि अठ्ठारहवीं लोकसभा के चुनाव में डेढ़ सौ से भी ज्यादा दलबदुओं पर दलों ने दांव लगाया। भाजपा खुद को विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक दल बताती है, पर उसीने सौ से भी ज्यादा दलबदलुओं को टिकट दिया। उत्तर प्रदेश में यह खेल बड़े पैमाने पर खेला गया। विभिन्न दलों ने 30 दलबदलू चुनाव मैदान में उतारे, जिनमें से 12 हार गये। बसपा ने 11 दलबदलुओं को टिकट दिया। जीतना तो बहुत दूर, सभी तीसरे स्थान पर रहे। पिछली बार 10 लोकसभा सीटें जीतने वाली बसपा का इस बार खाता तक नहीं खुला। वैसे सपा द्वारा चुनाव मैदान में उतारे गये नौ में से सात और भाजपा द्वारा टिकट दिये गये तीन में से दो दलबदलू जीत भी गये।

दिल्ली के तीन ओर बसे हरियाणा में भाजपा ने दलबदलू अशोक तंवर पर दांव लगाया, पर सिरसा के मतदाताओं ने उन्हें नकारते हुए कांग्रेस की कुमारी सैलजा को चुना। नेहरू परिवार के करीबी माने जाने वाले तंवर खुद कभी हरियाणा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष रह चुके हैं। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा से टकराव के चलते तंवर ने 2019 में कांग्रेस छोड़ी। पहले अपना मोर्चा बनाया। फिर तृणमूल कांग्रेस और आप से होते हुए ठीक चुनाव से पहले तंवर ने कमल थाम लिया। हरियाणा के मंत्री रणजीत चौटाला चौधरी देवीलाल के बेटे हैं। भाई ओम प्रकाश चौटाला से पटरी न बैठने पर कांग्रेस में गये थे। विधायक और मंत्री भी रहे। पिछली बार निर्दलीय विधायक बन कर भाजपा की सरकार में मंत्री बने। इस बार भाजपा ने हिसार से उम्मीदवार भी बना दिया, पर कांग्रेस के जय प्रकाश से हार गये। वैसे कांग्रेस से लाकर कुरुक्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार बनाये गये नवीन जिंदल जीत भी गये। पंजाब की आन-बान-शान की बड़ी चर्चा होती है, पर शायद राजनेताओं का उससे ज्यादा सरोकार नहीं। कैप्टन अमरेंद्र सिंह कांग्रेस द्वारा 2021 में अपमानजनक तरीके से मुख्यमंत्री पद से हटाये जाने के कुछ अरसा बाद ही भाजपा में चले गये थे। उनकी सांसद पत्नी परनीत कौर लोकसभा चुनावों से कुछ ही पहले गयीं। भाजपा ने टिकट भी दे दिया, पर पटियाला के मतदाताओं ने कांग्रेस की केंद्र सरकार में मंत्री भी रह चुकीं परनीत कौर को तीसरे स्थान पर रखा। परनीत कौर 2014 में भी पटियाला से चुनाव हारी थीं। तब भी डॉ धर्मबीर गांधी ने ही हराया था। तब गांधी आप के उम्मीदवार थे, जबकि इस बार कांग्रेस के।

लुधियाना से भी भाजपा ने तीन बार के कांग्रेसी सांसद रवनीत सिंह बिट्टू पर दांव लगाया, पर मतदाताओं ने नकार दिया और पंजाब कांग्रेस के अध्यक्ष अमरिंदर सिंह



राजा वडिग सांसद बन गये। बिट्टू के लिए संतोष की बात है कि चुनाव हारने के बाद भी केंद्र में राज्य मंत्री बना दिये गये हैं। भाजपा की रणनीति उन्हें पंजाब की राजनीति में अपने सिख चेहरे के रूप में पेश करने की है। जालंधर का उदाहरण और भी गजब है। कांग्रेस सांसद की मृत्यु के बाद वहां उप चुनाव होने पर आप ने कांग्रेस पार्षद रहे सुशील कुमार रिंकू पर दांव लगाया। मतदाताओं ने जिता भी दिया, पर इस बार चुनाव से पहले पाला बदल कर रिंकू भाजपाई हो गये। शिरोमणि अकाली दल से गठबंधन टूटने के बाद पहली बार अकेले लोकसभा चुनाव लड़ रही भाजपा ने टिकट भी दे दिया, लेकिन मतदाताओं ने कांग्रेस उम्मीदवार पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी को जिता दिया। जालंधर से आप ने भी अकाली दल के दलबदलू पवन कुमार टीनू पर दांव लगाया था। झारखंड में ईडी द्वारा गिरफ्तारी के चलते मुख्यमंत्री पद से हेमंत सोरेन के इस्तीफे के बावजूद जब सरकार नहीं गिरी, तब भाजपा ने उनकी भाभी सीता सोरेन से दलबदल करवाया। सीता सोरेन को दुमका से लोकसभा टिकट भी दिया, पर मतदाताओं ने नकार दिया। बिहार में वाल्मीकि नगर से टिकट न मिलने पर भाजपा छोड़ राजद में शामिल हुए दीपक यादव भी जद यू उम्मीदवार सुनील कुमार से हार गये। मुजफ्फरपुर सीट से भाजपा सांसद अजय निषाद इस बार कांग्रेस के टिकट पर लड़े, पर मतदाताओं ने उन्हें नकार दिया। दिलचस्प यह है कि मतदाताओं ने जिन भाजपाई उम्मीदवार राज भूषण चौधरी को जिताया, वह भी मुकेश सहनी की वीआईपी पार्टी से दलबदल कर आये थे। आगामी विधानसभा चुनावों के सामाजिक गणित के मद्देनजर राज भूषण चौधरी को केंद्र में राज्य मंत्री भी बना दिया गया है। बिहार विधानसभा चुनाव में वे राजग को कितना लाभ पहुंचा पाएंगे, यह तो चुनाव के बाद ही पता लगेगा।

एके एंटनी कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हैं। केंद्र में मंत्री और केरल के मुख्यमंत्री रह चुके हैं, पर उनके बेटे अनिल एंटनी अब भाजपा में हैं। उन्हें पथानामथिट्टा से उम्मीदवार भी बनाया गया, पर कांग्रेस उम्मीदवार एंटो एंटनी से हार गये। राजस्थान की नागौर लोकसभा सीट पर भाजपा ने पूर्व कांग्रेस सांसद ज्योति मिर्धा पर दांव लगाया, लेकिन वह राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के निवर्तमान सांसद हनुमान बैनीवाल से हार गयीं। चुरू से राहुल कस्वां पिछली बार भाजपा के टिकट पर सांसद बने थे। इस बार भाजपा ने पैरालंपिक गोल्ड मैडलिस्ट देवेंद्र झांझड़िया पर दांव लगाया तो राहुल कांग्रेस उम्मीदवार बन गये और जीत भी गये। तृणमूल कांग्रेस से वापस लौट कर बैरकपुर से भाजपा उम्मीदवार बने अर्जुन सिंह इस चुनाव में तृणमूल के पार्थ भौमिक से हार गये। पश्चिम बंगाल में तृणमूल से भाजपा में शामिल हुए पांच बड़े दलबदलुओं में से मात्र एक सौमेंदु अधिकारी ही जीत पाये। महाराष्ट्र में चाचा शरद पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी तोड़ कर एकनाथ शिंदे सरकार में उप मुख्यमंत्री बने अजित पवार अपनी पत्नी सुनेत्रा तक को चुनाव नहीं जितवा पाये और अब उन्हें राज्यसभा में भेजने की कोशिश में हैं। यह सूची बहुत लंबी बन सकती है, पर सबक यही है कि दलबदलुओं को सबक सिखाने का संकल्प खुद मतदाताओं को लेना होगा। सत्ता के खिलाड़ी राजनीतिक दलों और नेताओं से सुधरने की उम्मीद बेमानी है। सुखद संकेत यह है कि दलबदलुओं की चुनावी सफलता की दर लगातार गिर रही है। एक अध्ययन के मुताबिक यह दर 2014 और 2019 में क्रमशः 66.7 और 56.5 थी, जो 2024 में 32.7 रह गयी है यानि मतदाताओं ने दो-तिहाई दलबदलुओं को नकार दिया। इस आंकड़े को देखते हुए उम्मीद की जा सकती है कि ठीक चुनाव से पहले दल बदल लेने की प्रवृत्ति पर रोक लगगी। चुनाव के बाद भी सरकार बनाने के लिए की जाने वाली जोड़-जोड़ व पाला बदल पर लगाम की जरूरत है।

## संक्षेप

### हसनपुर में स्कार्पियो ने बाइक सवार दंपती को मारी टक्कर

अमन लेखनी समाचार

हसनपुर, हसनपुर के रहरा में मंगलवार को बाइक सवार दंपति को स्कार्पियो ने जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें दोनों पति-पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने दंपती की हालत गंभीर होने पर हायर सेंटर रेफर कर दिया। परिजन दोनों को लेकर मेरठ जा रहे थे। जहां रास्ते में दंपती ने दम तोड़ दिया। ईद मिलकर ससुराल से घर जा रहे थे। सैदनंगली थाना क्षेत्र के गांव गलसुआ निवासी वसीम(25) पुत्र इलयास पत्नी मंतशा(24) के साथ ईद उल अजहा के मौके पर बाइक से अपनी ससुराल गांव मछरिया के लिए गया था। मंगलवार की दोपहर पति-पत्नी बाइक से ससुराल से अपने घर लौट रहे थे। इस दौरान कुटी दौलतपुर और हाकमपुर के बीच अनियंत्रित स्कार्पियो ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे दोनों सड़क पर दूर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने दोनों घायलों को हायर सेंटर रेफर कर दिया। परिजन घायल पति-पत्नी को लेकर मेरठ जा रहे थे। जहां रास्ते में उनकी मौत हो गई। बताया जा रहा है कि वसीम की शादी दो वर्ष पूर्व हुई थी। उसकी पत्नी मंतशा सात माह की गर्भवती थी। वहीं, कार चालक कार को छोड़कर मौके से फरार हो गया। थानाध्यक्ष रमेश सहरावत ने बताया कि हादसे में दोनों पति-पत्नी की उपचार को ले जाते समय मौत हो गई है। फिलहाल दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है।

### करंट से झूलसे युवक की उपचार के दौरान मौत

अमन लेखनी समाचार

हसनपुर, अमरोहा जनपद के हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक एबी विद्युत लाइन डालते समय अचानक करंट की चपेट में आकर झुलस गया।परिजनों द्वारा उसे उपचार के लिए मेरठ ले जाया गया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। परिजनों द्वारा बिना कानूनी कार्रवाई उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया।वहीं,मृतक की पत्नी का रो-रो कर बुरा हाल है। बता दें कि हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव करनपुर निवासी 25 वर्षीय लोकेश पुत्र विजय सिंह गांव लुहारी निवासी कलुआ ठेकेदार के अंडर में विद्युत लाइन डालने का कार्य करता था। लगभग 8 दिन पूर्व वह नौगावां सादात के गांव महमूदपुर में एबी विद्युत लाइन डाल रहा था। तभी अचानक विद्युत लाइन में करंट आने के कारण वह गंभीर रूप से झूलस कर घायल हो गया। परिजन घायल लोकेश को उपचार के लिए मेरठ ले गए। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। लोकेश की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों द्वारा मंगलवार की सुबह मृतक लोकेश के शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया।

# जिलाधिकारी ने इन्दिरा स्टेडियम का किया निरीक्षण



## योग दिवस के लिए की गई तैयारियों का लिया जायजा

अमन लेखनी समाचार/संतोष मिश्रा

बहराइच। दशम अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर इन्दिरा गांधी स्पोर्टस स्टेडियम बहराइच में आयोजित होने वाले भव्य योगा कार्यक्रम के लिए की गई तैयारियों का जायजा लेने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मोनिका रानी ने मुख्य विकास अधिकारी रम्या आर, अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव, पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर राजीव कुमार सिसोदिया, प्राचार्य मेडिकल कालेज प्रो. डॉ. संजय खत्री, जिला विद्यालय निरीक्षक नरेन्द्र देव, डीपीआरओ राघवेन्द्र द्विवेदी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अव्यक्तराम तिवारी, क्षेत्रीय आयुर्वेद एवं यूनानी अधिकारी डॉ. राजन वर्मा व अन्य अधिकारियों के इन्दिरा गांधी स्टेडियम का निरीक्षण कर सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

# मुख्यमंत्री अभ्युदय निःशुल्क कोचिंग हेतु इनपैनल्ड होंगे व्याख्याता

आवेदन की अन्तिम तिथि 01 जुलाई 2024

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्र एवं छात्राओं हेतु समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री अभ्युदय निःशुल्क कोचिंग हेतु इच्छुक विषय विशेषज्ञ अपने सभी शैक्षिक एवं शिक्षण अनुभव से सम्बन्धित प्रमाण पत्रों के साथ जिला समाज कल्याण अधिकारी बहराइच के कार्यालय में 01 जुलाई 2024 तक पंजीकृत डाक के माध्यम से जमा करा सकते हैं। योग्य एवं अनुभवी व्याख्याताओं को जिला स्तरीय समिति द्वारा इनपैनल किया जायेगा। व्याख्यान के लिये आमंत्रित किये जाने वाले विषय विशेषज्ञों, वातार्कारों एवं व्याख्याताओं को शासन द्वारा निर्धारित भुगतान किया जाएगा। इस सम्बन्ध में अधिक जानकारी के लिये कोर्स को-आर्डिनेटर के मो.नं. 6394085751 पर सम्पर्क किया जा सकता है। यह जानकारी देते हुए जिला समाज कल्याण अधिकारी रमाशंकर गुप्त ने बताया कि सिविल सेवा, राज्य सिविल, एनडीए, सरडीएस व एसएससी इत्यादि परिक्षाओं के लिए इतिहास, भूगोल, राजव्यवस्था, अर्थव्यवस्था, एथिक्स, करेन्ट अफेयर्स, एनवायरमेंट, डिजास्टर मैनेजमेंट, साइंस एण्ड टेक्नोलॉजी, भारतीय समाज, आन्तरिक सुरक्षा, प्रशासन, यूपी स्पेशल, कम्युनिकेशन एण्ड इण्टरपर्सनल स्कील्स, बौद्धिक क्षमता, एलिमेन्टरी मैथ्स, जनरल इंग्लिश, जनरल हिन्दी विषय के लिए किसी भी आयोग के द्वारा चयनित एवं शिक्षण संस्थान में कार्यरत या सिविल सेवा मुख्य परीक्षा का अनुभव या सम्बन्धित विषय में नेट/जेआरएफ या प्रतिष्ठित कोचिंग संस्थान में 3 वर्ष शिक्षण का अनुभव तथा एनईईटी व जेईई परीक्षा हेतु भौतिक, रसायन, जीव विज्ञान व गणित विषय के लिए एमएससी, एमबीबीएस एवं एम-टेक तथा प्रतिष्ठित कोचिंग संस्थान में 3 वर्ष शिक्षण का अनुभव रखने वाले व्याख्याताओं को इनपैनल्ड किया जाएगा।

# अज्ञात वन्य जीव के हमले में दंपति घायल

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चरदा में चल रहा इलाज

अमन लेखनी समाचार/संतोष मिश्रा

बहराइच। विकासखंड नवाबगंज अंतर्गत ग्राम पंचायत भगवानपुर करिंगा में गुरुवार बीती रात घर के बरामदे में सो रहे दंपति पर अज्ञात वन्य जीव ने हमला कर घायल कर दिया।

वन्य जीव द्वारा अप्रत्याशित हुए हमले से घायल दंपति जब तक कुछ जान पाते तब तक वन्य जीव लापता हो चुका था। बताते चलें कि गुरुवार की बीती रात क्षेत्र में आई तेज आंधी बारिश के दौरान गांव निवासी शाहिद पुत्र मुखलाल उम्र 40 वर्ष अपनी पत्नी छत्रपली उम्र 35 वर्ष के साथ बरामदे में सोए हुए थे कि अचानक अज्ञात वन्य जीव द्वारा हमला कर दिया गया। वन्यजीव के हमले में दोनों दंपति घायल हो गए। जब तक शोर मचाकर ग्रामीणों को इकट्ठा करते तब तक वह अज्ञात वन्य जीव लापता हो चुका था। ग्राम प्रधान तूफान अली की सूचना पर सुबह गांव पहुंचे रूपईडीहा रेंज के वन्यकर्मियों ने घायल दम्पति को इलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चरदा भेजा जहां पर दोनों दंपतियों का इलाज चल रहा है। वहीं इस संबंध में वन क्षेत्राधिकारी रूपईडीहा अतुल कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि प्रथम दृष्टया वन्य जीव के बीजू होने की आशंका जताई जा रही है। फिलहाल हर पहलुओं पर जांच की जा रही है।

# चंद्रभद्र सिंह से जेल में मिलने पहुंचे सांसद राम भुआल

- सुलतानपुर में पूर्व विधायक मारपीट मामले में हैं बंद, 10 जून को किया था सरेंडर

अमन लेखनी समाचार



सुलतानपुर, सपा सांसद राम भुआल निषाद लाव लश्कर के साथ जिला जेल क्या पहुंचे जिले का राजनैतिक पारा गर्म हो गया। यहां उन्होंने मारपीट के मामले में सजा याफ्ता पूर्व विधायक चंद्रभद्र सिंह सोनू से मुलाकात की। हालांकि सपाई इसे औपचारिक भेंट बता रहे हैं। पूर्व विधायक चंद्रभद्र सिंह सोनू लोकसभा चुनाव से ठीक पहले सपा में शामिल हो गए थे। 23 मई को उन्होंने अपने आवास पर शक्ति प्रदर्शन कर सपा प्रत्याशी राम भुआल के फेवर में माहौल बनाया। जिसका असर चुनाव परिणाम पर पड़ा। पहली बार सपा ने सुलतानपुर सीट पर खाता खोला। इस बीच साल 2021 में धनपतगंज थाने में मारपीट और जेसीबी से दीवार गिराए जाने के मामले में पूर्व विधायक व अन्य के खिलाफ विशेष कोर्ट ने डेढ़ साल की सजा को लेकर की गई। अपील को खारिज करते हुए उन्हें आत्मसमर्पण का आदेश दिया था। 4 जून जब मतगणना हो रही थी उसी दिन पूर्व विधायक को आत्मसमर्पण करना था, लेकिन वो कोर्ट में हाजिर नहीं हुए। तब कोर्ट ने वारंट जारी कर दिया।

# राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन के सम्बंध में बैठक सम्पन्न

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत 13 जुलाई 2024 के सफल आयोजन के दृष्टिगत अध्यक्ष/जनपद न्यायाधीश उत्कर्ष चतुर्वेदी के निदेर्शानुसार बुधवार को सिविल कोर्ट मीटिंग हाल में अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/नोडल अधिकारी, लोक अदालत, विराट शिरोमणि की अध्यक्षता में मुख्य राजस्व अधिकारी/नोडल अधिकारी, कलेक्ट्रेट देवेन्द्र पाल सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) रामानन्द कुशवाहा, तहसीलदार सदर अभयराज पाण्डेय, नानपारा अजय यादव, महसी रविकान्त द्विवेदी, पयागपुर धमेन्द्र कुमार व मिहींपुरवा अम्बिका चौधरी तथा डीएचआईओ बृजेश सिंह के साथ बैठक सम्पन्न हुई। करते हुये उन्हें निर्देशित किया गया कि बैठक के दौरान निर्देश दिये गये कि अधिक से अधिक वादों को चिन्हित कर उनका निस्तारण आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत 13 जुलाई 2024 में किया जाय। साथ ही अधिकारियों से पिछले राष्ट्रीय लोक अदालत से अधिक संख्या में वादों का निस्तारण इस राष्ट्रीय लोक अदालत में किये जाने की अपेक्षा की गयी। मौजूद अधिकारियों से राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन के सम्बंध में सुझाव भी प्राप्त किये गये।

## मरीजो को फल बांटकर डा0अरविंद सिंह ने मनाया जन्मदिन

प्रतिवर्ष जन्मदिन पर पांच पेड़ लगाने का लिया संकल्प

कैसरगंज, बहराइच। जीबी हॉस्पिटल के डायरेक्टर व भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के सह संयोजक डा.अरविंद सिंह ने गुरुवार को अपना जन्मदिन चिकित्सालय में भर्ती मरीजो को फल बांटकर अपना जन्मदिन मनाया। ब्लाक प्रमुख संदीप सिंह विसेन, वरिष्ठ पत्रकार परमजीत सिंह, मनीष श्रीवास्तव मंडल अध्यक्ष शिव सहाय सिंह, पूर्व प्रधान कौशलेंद्र चौधरी, भगवान दास सोनी, बृजेश सिंह, अरुण सिंह, शिवम सिंह, बिन्नू सिंह, आदि की उपस्थिति में डा0 अरविंद सिंह ने अपना जन्मदिन मनाया। सभी लोगों ने उनके जन्मदिन पर बधाई देते हुए उनके दीघार्यु होने की कामना की। इसके पश्चात उन्होंने चिकित्सालय में भर्ती एक दर्जन से अधिक मरीजों को फल का वितरण किया। इस अवसर पर डा0 सिंह ने कहा की उन्होंने अपने जन्मदिन पर पर्यावरण संरक्षण के लिए पांच पेड़ प्रत्येक वर्ष लगाने का संकल्प लिया है जिसे वह सदैव कर्तव्य मान कर पूरा करेंगे।

# अमरोहा में ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार की मौत

- दो युवक हुए गंभीर घायल, तिगरी मार्ग पर हुआ था हादसा

अमन लेखनी समाचार



अमरोहा, अमरोहा के गजरौला कोतवाली इलाके में तिगरी मार्ग पर गांव शाहपुर के निकट बीती देर रात ट्रैक्टर ट्राली की टक्कर से बाइक सवार की मौत हो गई। जबकि बाइक पर सवार अन्य दो युवक घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लिया। साथ ही घायलों को अस्पताल भिजवाया। जहां से दोनों को हालत गंभीर होने पर हायर सेंटर रेफर किया गया। मिली जानकारी के मुताबिक गजरौला थाना इलाके के मोहल्ला अंबेडकर नगर निवासी सचिन और कुलदीप पुत्र डालचंद, टीटू पुत्र चरण सिंह और कुलदीप ये सभी लोग कुलदीप की ससुराल गांव शाहपुर गए थे। ये सभी लोग देर रात वापस आ रहे थे। गांव से निकलते ही तिगरी मार्ग पर जनता इंटर कॉलेज के सामने से आए ट्रैक्टर ट्राली ने टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही दोनों बाइक सवार सड़क पर गिर गए। इस हादसे में सचिन की मौके पर मौत हो गई। साथ ही टीटू और कुलदीप की हालत नाजुक होने पर हायर सेंटर रेफर किया गया। जानकारी देते हुए गजरौला इंस्पेक्टर हरीश वर्धन सिंह ने बताया कि सड़क हादसे में एक युवक की मौत हुई है। जबकि दो युवक घायल हुए हैं।

# अमेठी में ई पॉस मशीनों का सर्वर फेल

- सैकड़ों कार्ड धारकों को नहीं मिल पा रहा राशन, 25 तारीख तक होना है वितरण

अमन लेखनी समाचार



अमेठी जिला, अमेठी में पिछले कई दिनों से ई-पाश मशीनों का सर्वर फेल होने के कारण ग्रामीणों को राशन नहीं मिल पा रहा है। ग्रामीण राशन के लिए सुबह से ही लाइन लगा रहे हैं लेकिन अंगूठा न लग पाने के कारण उन्हें राशन नहीं मिल पा रहा है। पूरे जिले में 765 राशन की दुकानें हैं। दरअसल, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन के तहत हर महीने 8 तारीख से 25 तारीख तक ग्रामीणों को राशन का वितरण किया जाता है लेकिन पिछले कई दिनों से कोटेदारों को उपलब्ध कराए गए ई पाश मशीनों का सर्वर फेल है। सर्वर फेल होने के कारण ग्रामीणों का अंगूठा नहीं लग पा रहा है। जिस कारण उन्हें राशन नहीं मिल पा रहा है। राशन लेने के लिए ग्रामीण सुबह से कोटे के बाहर लाइन लगा कर बैठा जाते हैं लेकिन घंटों इंतजार के बाद उन्हें बैरंग वापस लौटना पड़ रहा है। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन के तहत जिले के 70 हजार 242 अंत्योदय और 2 लाख 75 हजार 566 पात्र गृहस्थी कार्ड धारक को प्रतिमाह 765 राशन की दुकान निशुल्क राशन वितरित कर रहे हैं।

जानकार बताते हैं कि लखनऊ से ही सर्वर फेल है और जब तक वो सही नहीं होंगे ई पाश मशीनें काम नही करेंगी। ऐसे में सबसे ज्यादा दिक्कत अब कोटेदारों को होने वाली है क्योंकि 8 से 25 तक राशन का वितरण होता है लेकिन आज 18 तारीख होने के बावजूद अभी भी सर्वर खराब है।अगर एक दो दिन में सर्वर ठीक भी हो जाता है कोटेदार हजारों ग्रामीणों को कैसे राशन का वितरण करेंगे।

# देवरिया में बस और ट्रक की टक्कर

## एक की मौत, 20 यात्री घायल, रूद्रपुर से आजमगढ़ जा रही थी

अमन लेखनी समाचार



देवरिया, देवरिया में बृहस्पतिवार सुबह भीषण सड़क हो गया। तड़के रूद्रपुर से आजमगढ़ जाने वाली बस मदनपुर थाना क्षेत्र के बरांव चौराहे के पास पहुंची तभी दूसरी ओर से आ रहे कोयला लदे ट्रक से टक्कर हो गई। इससे बस के परखच्चे उड़ गए। बस में सवार लोग बुरी तरह घायल हो गए। मौके पर पहुंचे स्थानीय लोग और मदनपुर पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस से जिला अस्पताल की इमरजेंसी में भेजना शुरू किया। दुर्घटना में बड़हलगंज के बिरवापुर निवासी बिट्टन की मौत हो गई। जबकि बस में दाहिने तरफ सवार सुरेंद्र सोनकर(35) पुत्र धंजू निजामाबाद आजमगढ़, रूना पत्नी सुरेंद्र सोनकर निजामाबाद आजमगढ़, अनुराधा(11) पुत्री शब्बू मऊ, शिवा पुत्र शंभू शंकर औरंगाबाद मऊ, इमान(1) पुत्र शहबाज मदनपुर, गरिमा(15) पुत्री कैलाश पति बड़हलगंज, ऊषा सिंह(36) पत्नी दीनानाथ सिंह ग्राम मोहरा देवरिया, बेचन(62) पुत्र जीव बंधन चिलवा मोहान, रुद्रपुर, ज्ञानमती(55) पत्नी बेचन चिलवा मोहान रुद्रपुर, जोखनी (50) पत्नी दीनानाथ बाराबंकी, दीनानाथ(60) पुत्र कालीचरण बाराबंकी, सेराज(40) पुत्र अब्दुल मजीद रुद्रपुर, सोना देवी(30) पत्नी लाल मोहन रुद्रपुर, आशा(38) पत्नी शेषनाथ लार टाउन घायल हो गए। सभी घायलों का जिला अस्पताल के इमरजेंसी में इलाज हो रहा है। देवरिया जिले के मदनपुर थाना क्षेत्र के बरांव चौराहे के पास बस और ट्रक में हुए भीषण टक्कर में 14 घायलों के जिला अस्पताल के इमरजेंसी में पहुंचने के दो घण्टे बाद, सीएमएस और सीएमओ पहुंचे। सीएमओ राजेश झा से दुर्घटना में घायलों और मृतकों के बारे में जब पूछा गया तो घटना के दो घण्टे बाद भी उनके पास कोई अपडेट नहीं था।10 बजकर 30 मिनट पर देवरहा बाबा स्वायत्तशासी मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डा राजेश बरनवाल भी पहुंचे। उन्होंने भी घायलों का हाल जाना।

# बंदर का हत्यारा गिरफ्तार

- एयरगन से फायर कर ली थी जान, फोटो वायरल होने पर पुलिस ने लिया संज्ञान

अमन लेखनी समाचार



सुलतानपुर, सुलतानपुर की गोसाईगंज पुलिस ने बंदर के हत्यारे युवक को गिरफ्तार किया है। चौबीस घंटे पूर्व एयरगन से फायर झोंककर उसने बेजुबान जानवर की जान ली थी। उप निरीक्षक की तहरीर पर केस दर्जकर आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया। जहां जमानत निरस्त करते हुए कोर्ट ने आरोपी को जेल भेजा है। दरअसल यह पूरा मामला गोसाईगंज थानाक्षेत्र के खरसोमा बाजार से जुड़ा है। रविवार को बाजार में जंगल किनारे झाड़ी में बंदर को गोली मारे जाने की फोटो वायरल हुई थी। जिसके बाद मामला तूल पकड़ा तो गोसाईगंज एसओ धीरज कुमार दल बल के साथ क्षेत्र में पहुंचे और स्थलीय निरीक्षण किया। जिसमें पता चला कि मोहम्मद आसिफ पुत्र इस्तियाक अहमद निवासी ग्राम कुरैशी का पुरवा खरसोमा थाना गोसाईगंज ने एयरगन से गोली मारकर बंदर की हत्या की है। इसके बाद थाने के उप निरीक्षक भारत सिंह के द्वारा मृत बंदर के पोस्टमॉर्टम की कार्रवाई की गई।

उनकी तहरीर के आधार पर थाना गोसाईगंज पर पशु क्रूरता आदि गंभीर धाराओं में केस दर्ज हुआ।

विवेचना उप निरीक्षक प्रमोद मिश्रा को मिली। साक्ष्य संकलन के समय वांछित मो आसिफ को नहर पटरी के पास खरसोमा से गिरफ्तार किया। उसकी निशादेही पर आला कत्ल एक एयरगन भी बरामद किया गया। पुलिस टीम ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेजा गया है।

# नेहा सुसाइड कांड में पुलिस की कार्रवाई

प्रोफेसर पति, सास और देवर के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा

अमन लेखनी समाचार



मिल्कीपुर, अयोध्या में नेहा सिंह सुसाइड कांड में आखिरकार ससुरालियों पर शिकंजा कस गया है। मृतका की मां की तहरीर पर प्रोफेसर पति डॉ अनूप सिंह, सासू और देवर के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न व गैर इरादतन हत्या का केस कुमारगंज थाने में दर्ज हुआ है। आचार्य नरेंद्र देव कृषि विश्वविद्यालय कुमारगंज के वेटरनरी कॉलेज में सहायक प्राध्यापक पद पर डॉ अनूप सिंह नियुक्ति हुई थी। वह विश्वविद्यालय के मकान संख्या बी - 87 में अपनी पत्नी व 9 माह बेटे के साथ रह रहे थे। बीते शनिवार की देर रात उनकी पत्नी नेहा दुपट्टे के सहारे पंखे से लटक गई थी। पति डॉ अनूप सिंह ने किसी तरह से नेहा को फंदे से नीचे उतार कर इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया था। यहां मौत हो गई थी। नेहा के शव का पोस्टमार्टम होने के बाद जहां पति डॉ अनूप सिंह ने अन्तिम संस्कार किया तो वहीं मृतका की मां नेहा के 9 माह के बेटे को अपने साथ ले गई। पुलिस को कार्रवाई के लिए तहरीर भी दी।

मृतका की मां ज्ञान्ति देवी निवासी धरमपुर थाना अथमलगोला जिला पटना ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया उसकी बेटी नेहा (25) की शादी 2022 में डॉ अनूप कुमार सिंह पुत्र राजेन्द्र प्रताप सिंह निवासी कैली रोड वार्ड नं 02 शास्त्री नगर पंचायत जिला चन्दौली के साथ की थी।

# करंट लगने से संविदा कर्मी की मौत

- परिजनों ने शव रखकर किया प्रदर्शन, 7 लाख मांगा मुआवजा

अमन लेखनी समाचार



सुल्तानपुर, ट्रांसफार्मर चढ़ाते समय संविदा कर्मी लाइनमैन की करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। मंगलवार को शव घर आया तो परिजनों ने अंतिम संस्कार से इनकार करते हुए शव रखकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। जयसिंहपुर एसडीएम व गोसाईगंज थाने के एसएचओ ने समझा बुझाकर मामला शांत कराया। तब शव का अंतिम संस्कार किया गया। मामला गोसाईगंज थानाक्षेत्र के जासापारा गांव का है। गांव निवासी सन्मुख विश्वकर्मा (45) सोमवार को जयसिंहपुर तहसील क्षेत्र के उघड़पुर उपकेंद्र पर ट्रांसफार्मर चढ़ा रहे थे। उसी समय एकाएक करंट की चपेट में आने से वो झुलस गया। आनन-फानन में साथियों ने उसे राजकीय मेडिकल कॉलेज सुल्तानपुर पहुंचाया। जहां उसकी मौत हो गई। साथी की मौत पर संविदा कर्मियों ने उपकेंद्र पर हंगामा काटा। सूत्रों की माने तो जेई की लापरवाही से जान जाने से क्षुब्ध संविदा कर्मियों ने जेई की पिटाई कर दी। उधर सन्मुख का शव पीएम को भेजा गया। पोस्टमार्टम के बाद शव घर पहुंचा तो परिजन शव रखकर मांग करने लगे कि किसान बीमा के तहत साढ़े सात लाख दिलाया जाए। साथ ही पिता के स्थान पर पुत्र को नौकरी, जेई व अन्य आरोपी पर कार्रवाई और आवासीय पट्टा दिया जाए। एसडीएम जयसिंहपुर विपिन द्विवेदी ने मांगों को मानते हुए परिवार को राजी किया। तब कहीं जाकर शव का अंतिम संस्कार हो सका।

# संक्षेप

## मुख्य आरक्षी आत्महत्या का मामला

अमन लेखनी समाचार

जालौन, जालौन में सुबह कैलिया थाने में तैनात मुख्य आरक्षी वीरेंद्र कुमार ने चाकू से गर्दन काट कर आत्महत्या कर ली। इस घटना को परिजनों ने आत्महत्या नहीं बल्कि हत्या बताते हुए पुलिस को तहरीर दी थी। जिस पर एसपी के आदेश पर कैलिया थाने में तैनात सिपाही और अन्य के हत्या का मुकदमा पंजीकृत कर लिया है, साथ ही एसपी के आदेश पर एसआईटी टीम का गठन कर दिया है, जिसकी विवेचना जालौन सीओ राम सिंह द्वारा की जाएगी।इस बारे में जालौन के अपर पुलिस अधीक्षक असीम चौधरी ने अवगत कराते हुए बताया कि कैलिया थाने में तैनात मुख्य आरक्षी वीरेंद्र सिंह निवासी कन्नौज का शव थाना परिसर के ही सरकारी आवास के बरामदे में खून से लथपथ शव पड़ा मिला था। मुख्य आरक्षी का गला चाकू से रेता हुआ था और उसके हाथ के पास ही चाकू भी पड़ा था, जबकि उसके गले में रस्सी का टुकड़ा भी बंधा हुआ था, जिससे शुरूआती छानबीन में माना जा रहा था कि दीवान ने रस्सी से फांसी लगाई पर रस्सी टूटने के बाद उसने सब्जी काटने वाले चाकू से ही अपना गला रेत लिया। घटना की सूचना के बाद पोस्टमार्टम हाउस में आए मृतक के परिजनों ने दीवान की मौत पर सवाल खड़े किए थे और मृतक की पत्नी बब्लेश ने थाने में ही तैनात दीवान अरविंद कुमार, हेड कांस्टेबल मोहसिन खां, खाना बनाने वाले फॉलोवर के अलावा एक अज्ञात के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी, जिसके बाद कैलिया थाने में उक्त लोगों पर हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।जबकि एसपी डॉ ईरज राजा ने आरोपित दीवान अरविंद कुमार, हेड कांस्टेबल मोहसिन खां को थाने से हटाकर पुलिस लाइन भेज दिया है और मामले की जांच के लिए एसआईटी बना दी है, जिसकी जांच जालौन सीओ रामसिंह द्वारा की जाएगी,

## खेल-खेल में किशोर के गले में लगा फंदा,मौत

अमन लेखनी समाचार

जालौन, जालौन में दोपहर को बहन के साथ खेलते समय एक 14 वर्षीय किशोर के गले में गमछे का फंदा लग गया, जिससे उसकी दम घुटने से मौत हो गई।बहन इसे खेल ही समझती रही। खेत पर गए परिजन जब घर वापस आये तो बेटे की लाश देखकर उनके होश उड़ गए, जिन्होंने आनन फानन में पुलिस को बताए बिना ही किशोर का अंतिम संस्कार कर दिया। घटना आटा थाना क्षेत्र के ग्राम उकासा की है। उकासा गांव के रहने वाले सुखदेव अपनी पत्नी के साथ खेत पर सुबह के वक्त काम करने गए हुए थे, वह घर पर अपने 14 वर्षीय बेटे रितिक व बेटी को छोड़कर गए थे। घर में माता-पिता की न होने के कारण दोनों भाई-बहन घर में खेल रहे थे, खेलने के दौरान रितिक अपने गले में गमछा डाले हुए था। इसी दौरान रितिक का गमछा घर में एक तार में फंस गया, जिससे उसके गले में फंदा लग गया और वह उस पर लटक गया, जिससे उसकी दम घुटने की वजह से मौत हो गई, इस दौरान उसकी बहन यही समझती रही कि भाई खेल रहा है, जब सुखदेव पत्नी के साथ घर पर पहुंचा।

# भेउसा उर्फ बनकटा में कार्यों की गुडवत्ता की जांच करने पहुंची टीएसी

## शिकायतकर्ता के बिना सूचना दिए गुपचुप तरीके से किया गया जांच

- जांच के नाम पर किया गया खानापूर्त
- खजनी ब्लॉक के भेउसा उर्फ बनकटा में परफॉर्मेंस ग्रांट की धनराशि निकालकर बंदरबांट करने का मामला

अमन लेखनी समाचार



गोरखपुर। खजनी क्षेत्र के ग्राम सभा भेउसा उर्फ बनकटा में गुरुवार को टीएसी ( टेक्निकल आडिट सेल ) टीम पहुंची। उसने बिगत तीन वर्षों से हुए विकास कार्यो की गहनता से जांच किया। ग्रामीण लालचंद तिवारी, गुड्डू सिंह, अभय सिंह शिकायतकर्ताओ ने करोड़ो के लागत से बने खेल मैदान, आरसीसी रोड़ , आर ओ वाटर प्लांट में ग्राम प्रधान व लापरवाह कर्मचारियों द्वारा गुणवत्तापूर्ण कार्य न कराने तथा विकास कार्य के रकम की बन्दरबाँट करने की शिकायत किया था।जिसको लेकर टीएसी अधिकारी एवं ब्लाक अधिकारी को लेकर बिंदुवार जांच किया ।जांच करने पहुंचे अधिकारियों ने शिकायतकर्ता को जांच करने की सूचना ही नही दिया। गुपचुप तरीके से ब्लाक के अधिकारी व प्रधान ने मिलकर धीरे से जांच कराकर भेज दिया।गांव के कुछ लोगों को जानकारी हुई तो जांच के बारे में ?पुछने चले गए लेकिन अधिकारियों ने उनसे कुछ नही बताया और कहा हम शासन को रिपोर्ट भेज देंगे इसी बात पर ग्रामीणों ने वहां से नाराज हो कर धांधली का आरोप लगाते हुए चल दिए।पूरी जांच प्रक्रिया में लीपा पोती कर जांच की गई जाचं से लोग संतुष्ट नही दिखे ।जांच में तमाम कमियां देखने को मिला ।उन्होंने जांच के बारे में कुछ बताया नही कहा कि हम जांच रिपोर्ट शासन को भेज देंगे ।इस मौके पर टीएसी टीम के अधिकारी एमपी सिंह खण्ड बिकास अधिकारी खजनी रमेश शुक्ला, ग्राम सचिव शिवेन्द्र सिंह , पिंटू तिवारी, गुल्लर बाबा अमित मिश्रा प्रसून मिश्रा, जे ई ब्रम्हा प्रकाश मिश्रा ,ठेकेदार भी मौजूद रहे ।

# जमीनी बैनामा कराने के नाम पर जालसाजों ने 6 लाख रुपया हड़पा

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। गीडा थाना क्षेत्र के गहासाड वार्ड 15 निवासी नित्यानंद यादव पुत्र हरिलाल यादव जिन्हे जमीन की आवश्कता थी। डोहरिया कला निवासी एक व्यक्ति से जमीन खरीद के संबंध में बात हुई तो उसने बताया कि आराजी संख्या 188 जो मुड़कटीया में है। उस भूमि का भू स्वामी से अनुबंध करा लिया है। जमीन देखने के बाद सौदा तय हुआ। 5 सितंबर 2023 को भारतीय स्टेट बैंक मिनवा जालसाज के खाते में 3 लाख रुपया भेज दिया। जब की इसके सहयोगी तेनुहारी शुक्ल निवासी दो जालसाजों के कोटक महिंद्रा बैंक खाते में 3 लाख रुपया भेजा।इन लोगो द्वारा भी कहा गया की जमीन डोहरिया कला निवासी व्यक्ति के नाम से अनुबंधित है।जब जमीन बैनामा करने की बात आई तो सभी जालसाज मिलकर झांसा देते रहे। जब जानकारी किया तो पता चला की भू स्वामी से किसी तरह का अनुबंध नही हुआ है।इसके बाद दिए गए रुपए की मांग करते रहे तो जमीन बैनामा करने का झांसा देते रहे। लेकिन जमीन बैनामा नही किया। और दिया गया रुपया तीनो जालसाज मिलकर हड़प लिए है।पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराया है।इस संदर्भ में प्रभारी निरीक्षक गीडा योगेंद्र कुमार राय ने कहा की शिकायत मिली है। जांच कराकर करवाई की जायेगी।

## प्रधान ने मारने पीटने का आरोप लगाते हुए किया शिकायत

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर।सहजनवा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत नरौली प्रधान महेंद्र पुत्र रामदरश ने थाने में शिकायत दर्ज कराकर आरोप लगाया है।कि वृहस्पतिवार को सुबह 9 बजे पंचायत निधि से सड़क का मरम्मत करा रहा था। उसी दौरान डोहरिया खुर्द निवासी तीन की संख्या में मनबढ आए और कार्य कर रहे मजदूरों को गाली गुप्ता देने लगे और कार्य को रोक दिया।जिसका विरोध किया तो आरोपी जातिसूचक गाली देते हुए मारना पिटना शुरू कर दिए। विवाद उत्पन्न करने से सरकारी कार्य रोका हुआ है। पीड़ित ने थाने में आरोपियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराया है ।इस संदर्भ में एसओ विशाल उपाध्याय ने कहा की प्रकरण की जानकारी हुई है।दोनो पक्षों को थाने पर बुलाया गया है।

# अधेड़ किसान की करेंट लगने से हुई मौत

अमन लेखनी समाचार



फतेहपुर। उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जनपद में सुल्तानपुर घोष थानाक्षेत्र के अंतर्गत एक गाँव मे किसान की खेतों में करंट लगने से मौत हो गई। घटना की सूचना पर कोहराम मच गया। मृतक किसान के परिजन खेत मालिक पर कार्यवाही की मांग कर रहे हैं ।जानकारी के अनुसार सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र के जगजीवनपुर गाँव निवासी अधेड़ किसान कंधई गुरुवार को सुबह खेत गये थे, आरोप है कि गाँव के ही उदय प्रताप सिंह के खेतों में अन्ना मवेशियों से खेतों के बचाव के लिए लगाए गए तारो में करंट दौड़ा दिया था, जिसके चपेट में कंधई आ गया और उसकी करंट लगने से मौत हो गई। वही मृतक के परिजनों ने खेत मालिक उदय प्रताप के कार्यवाही की मांग करते हुए शव को पुलिस को उठाने नही दिया। मृतक के तीन पुत्र राजकुमार पासवान,सुरेश पासवान, रामकुमार पासवान, का रोकर बुरा हाल है।

इस विषय पर सुल्तानपुर घोष थाना अध्यक्ष राजेंद्र कुमार त्रिपाठी ने बताया कि परिजनों को समझा बूझकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है, किसान की मृत्यु पर खेत मालिक की लापरवाही सामने आई है।

# भाजपा युवा मोर्चा ने फूंका हिस्ट्रीशीटर हाजी रजा का पुतला

अमन लेखनी समाचार



फतेहपुर।उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जनपद में भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा शहर के पटेल नगर चैराहे में भू माफिया, हिस्ट्रीशीटर, गैंगेस्टर, जिला बदर हाजी रजा का पुतला फूंका गया। भारत के प्रधानमंत्री जो आज समूची दुनिया का नेतृत्व कर रहें है। उनके लिए ऐसे अमर्यादित शब्दों का प्रयोग करने से पूरे जनपद में रोश है। जिलाध्यक्ष मधुराज विश्वकर्मा ने कहा कि सोशल मीडिया के माध्यम से वायरल वीडियो के माध्यम से पूरे जनपद का महौल बिगाड़ने का कुत्सित प्रयास किया जा रहा है। युवाओं द्वारा पूरे जनपद में जगह जगह हाजी रजा के खिलाफ अप्लीकेशन दी गयी तथा भारतीय जनता युवा मोर्चा के मण्डल अध्यक्ष आलोक सिंह द्वारा 153ए, 505(2), 294, 188 धाराओं में मुकदमा भी लिखवाया गया। उन्होने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के किसी भी कार्यकर्ता और पदाधिकारियों पर किसी भी प्रकार की टिप्पडी बर्दाश्त नहीं की जायेगी। उन्होने कहा कि समाजवादी पार्टी के गुण्डे कुछ सीटें जीतने पर मदमस्त है। यह दशार्ता है कि सपा के गुण्डे किस प्रकार मनबढ हो रहे है जो कि जनपद के लिए दुर्भाग्यपूर्ण है। भारतीय जनता युवा मोर्चा ऐसे कुत्सित मानसिकता वाले गुण्डे के खिलाफ योगी सरकार सख्त से सख्त कार्यवाही करें जिससे आगे आने वाले समय में किसी भी मवाली की ऐसी अमर्यादित शब्दों के प्रयोग के लिए हिम्मत न पड़े। युवाओं ने कहा कि ऐसे हिस्ट्रीशीटर के घर में बुल्डोजर की कार्यवाही की जानी चाहिए। इस अवसर पर जिला महामंत्री प्रसून तिवारी, शिवाशूं द्विवेदी, राजर्वधन सिंह, किशन शुक्ला, आलोक परिहार, राहुल वर्मा, प्रीतेश श्रीवास्तव, आर्यन, मनीष सोनकर, शिवम पांडे, सुखराज, विक्रम आदि युवा मौजूद रहे।

# यमुना नदी नहाने गये छह युवक डूबे, दो की मौत, चार सुरक्षित

अमन लेखनी समाचार



फतेहपुर। उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जनपद के खखरेरू थाना क्षेत्र के अंतर्गत यमुना नदी नहाने गए साथियों में दो की नदी में डूब कर मौत हो गई। जबकि चार साथियों को ग्रामीणों द्वारा डूबने से बचा लिया गया। घटना की जानकारी से इलाके में कोहराम मच गया और बड़ी संख्या में लोग मौके पर पहुंचे।खखरेरु थाना क्षेत्र के परवेजपुर गांव में गुरूवार को यमुना नदी नहाने गए अलग अलग गांव के छह युवक अचानक नदी में डूब गए।जिसमें दो युवकों की नदी में डूबने से मौके पर मौत हो गई।जिसमे मोहम्मद हसनैन खान पुत्र एहसान खान निवासी हकीमपुर खंतवां और मोहम्मद फैसल खान पुत्र अरशद खराद वाले निवासी जहांगीर नगर गहुरा की मौत हो गई ।इस बीच चीख-पुकार सुनकर ग्रामीणों ने किसी तरह चार साथियों वकार अहमद पुत्र मोहम्मद खुर्शीद अहमद निवासी अंजना कबीर, फैज अहमद पुत्र अकील अहमद निवासी कबरा, अनश खान पुत्र आफाक खान निवासी हकीमपुर खंतवा, हसन उल्ला पुत्र हबीब उल्ला निवासी हकीमपुर खंतवा को यमुना नदी से किसी तरह डूबते हुए जान बचा ली गई। वहीं सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेते हुए पंचनामा भर आगे की कार्यवाही शुरू कर दी है।

# हर घर जल हर घर नल योजना की उड़ रही धज्जिया

## पेयजल को लेकर ग्रामीणों ने किया धरना प्रदर्शन,विधायक पहुंचे मौके पर।

अमन लेखनी समाचार/निर्मित द्विवेदी



बिंदकी, फतेहपुर। जनपद के बिंदकी तहसील के अंतर्गत विकास खंड खजुहा के अरईपुर ग्राम सभा में भीषण गर्मी को देखते हुए तथा पेयजल न उपलब्ध होने के चलते जनता का रौद्र रूप सामने आया। अधिकारियों को अवगत कराने के बाद भी सुनवाई न होने से अचानक महिलाएं, पुरुष व बच्चे हाथो में खाली बाल्टियां लेकर तिराहे को जाम कर दिया।और आक्रोशित दिखे, आपको बताते चलें की भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की स्वर्णिम योजना हर घर जल ,हर घर नल को अधिकारियों एवम कर्मचारियों की उदासीनता के चलते प्रधानमंत्री के सपनो को चकनाचूर करने में लगे है आज ग्रामीण क्षेत्रों की हालत बद से बदतर होती जा रही है जहां योजना के अंतर्गत पाइप डाले गए है और खोद कर डाल दिया गया है जहाँ पैदल चलना मुश्किल हो गया है डाले गए पाइप केवल शो पीस बनकर रह गए उन पाईपो में न तो पानी आ रहा और न तो ग्रामीण इसका लाभ ले पा रहे है। अगर सही मायने में देखा जाए तो अरबों खरबों की योजना पूरी तरह से फ्लॉप होती हुई दिख रही है अगर किसी एजेंसी से हर घर जल हर घर नल योजना की निष्पक्ष जांच करा ली जाए तो हकीकत सामने आ जाएगी ग्रामीणों के प्रदर्शन को देखते हुए सूचना मिलने पर जहानाबाद विधानसभा के बीजेपी विधायक राजेंद्र सिंह पटेल ने मौके पर पहुंच कर जनता को आस्वस्त करते हुए समस्याओं के निराकरण के बात कही है अब देखने की बात यह है समस्या का निराकरण कब होता है यह फिर जनता ऐसे ही कोरे आश्वासन पर शुद्ध पेय जल के लिए तरसती रहेगी।

# सोनभद्र में पुलिस ने चलाया जागरूकता अभियान

## साइबर क्राइम के प्रति लोगों को किया जागरूक, कहा-डिजिटल पेमेंट करते समय रहें सावधान

अमन लेखनी समाचार



बभनी, सोनभद्र के बभनी थाना क्षेत्र में साइबर क्राइम के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। क्षेत्र में बढ़ते साइबर क्राइम को देखते हुए पुलिस लोगों को जागरूक कर रही है। साथ ही लोगों को साइबर ठगी से बचने का तरीका और सावधानी की जानकारी दे रही है। पुलिस ने कई स्थानों पर अभियान चलाकर लोगों को जागरूक किया। बभनी थाना उपनिरीक्षक सरफराज हूसैन और महिला कॉन्स्टेबल नीलम ने सोमवार को बभनी क्षेत्र के प्रमुख चौराहों, बाजारों में पहुंचकर लोगों को साइबर अपराध के प्रति जागरूक किया। उन्होंने कहा कि डिजिटलीकरण के दौर में जहां सभी को लेनदेन में काफी सहूलियत मिली है, तो वहीं साइबर अपराध भी बढ़ा है। साइबर अपराधी अनेक हथकंडे अपनाकर लोगों को अपना शिकार बना लेते हैं। लेकिन कुछ सावधानी अपनाकर इससे बचा जा सकता है। उन्होंने कहा कि अपनी बैंक से सम्बन्धित एटीएम कार्ड, क्रेडिट कार्ड का नम्बर, ओटीपी, यूपीआई पिन, आधार व पैन कार्ड आदि किसी भी व्यक्ति के साथ साझा न करें। किसी के कहने पर स्क्रीन शेयरिंग एप जैसे एनीडेस्क, क्विक सपोर्ट, टीम विवर, अल्पीमिक्स आदि डाउनलोड न करें। अन्यथा आपका मोबाइल हैक हो सकता है।इस बात को सभी ध्यान रखें कि यूपीआई पिन डालने, कोई भी पेमेंट रिक्वेस्ट एक्सेप्ट करने या क्यूआर कोड स्कैन करने से आपका खाता खाली हो सकता है।साथ ही अपरिचित कॉल का जवाब न दें।

अगर कोई भी ठगी का शिकार हो भी जाता है, तो तत्काल पुलिस के हेल्पडेस्क पर शिकायत करें।

# युवक सट्टा में हारा लाखों तो की आत्महत्या

- कनपटी पर तमंचे से मारी गोली, दोस्तों ने बताया- हार के बाद से डिप्रेशन में था

अमन लेखनी समाचार



मवाना, मवाना के हस्तिनापुर में एक युवक टी20 के सट्टे में लाखों रुपये हारने के बाद खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। दोस्तों ने बताया सट्टा में हार के बाद युवक डिप्रेशन में रहता था। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। बता दे कि इन दिनों टी20 के चलते सट्टा बाजार गर्म है, जिसकी चपेट में 20 वर्षीय अमित भी था। मृतक के टी20 में लाखों रुपये की रकम हारने की बात सामने आ रही है। मृतक के घर के आसपास रहने वाले सहित उसके दोस्तों के अनुसार मृतक अमित रविवार को आईपीएल मैच के दौरान लाखों रुपए की मोटी रकम सटटे में हार गया, जिससे मृतक डिप्रेशन में था। सोमवार सुबह अमित घर पहुंचा तो कान कनपटी पर तमंचा लगा आत्महत्या कर ली। परिजन ने युवक को अस्पताल में ले गए, लेकिन युवक की रास्ते में उसकी मौत हो गई। हस्तिनापुर नगरी में सटटा का खेल आम हो चला है जहां टी20 मैच के दौरान रोज लाखों रुपये का सट्टा खुलेआम लगता है। सूत्रों की माने तो आईपीएल से अलग भी पुलिस के सह के चलते रोज लाखों रुपये का सट्टा नगर में लगता है। जिसके चलते युवा पीढ़ी कर्ज के बोझ में नीचे दबती जा रही है। सीओ मवाना सौरभ सिंह का कहना है कि मामला संज्ञान में नही है। जांच उपरांत जो तथ्य सामने आएगा उसके आधार पर कार्रवाई की जायेगी। सट्टा पर अंकुश लगाने हेतु कार्यवाही की जाती रही है। इस मामले में भी सट्टा की बात सामने आई तो उस पर कार्रवाई की जाएगी।

# नाले समेत सफाई कार्य में जुटा नगर पालिका परिषद विभाग



अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर। उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जनपद में बरसात के पहले नगर पालिका परिषद लगता है चेत गई। फतेहपुर में नाला सफाई का कार्य युद्ध स्तर पर शुरू बाकरगंज चौगालिया होते हुए चौक चौराहा तक झाओपुर पुलिया से राधा नगर चौराहे तक राधा नगर चौराहा से अदौली पुलिया तक पत्थर कता चौराहा से स्टेट बैंक होते हुए विद्यार्थी चौराहा तक शादीपुर चौराहा होते हुए अवंती बाई चौराहा तक मैन पावर लगाकर सफाई कराई जा रही है ।वार्ड चांडियाना सदस्य वार्ड सभासद संजय लाल श्रीवास्तव व विनय तिवारी, अरुण यादव, आतिश पासवान, शादाब अहमद, विवेक यादव, ऋतिक पाल, आशु, श्यामू जायसवाल, आफताब अहमद, विक्कू मामा, नफीस अहमद, आदि सभासदों ने मिलकर जहां-जहां सफाई हो रही है। उन स्थानों का निरीक्षण किया उनके साथ सफाई एवं खाद निरीक्षक राकेश कुमार गौड़ संबंधित क्षेत्र के सुपरवाइजर उपस्थित रहे।

# मेरठ-दिल्ली एक्सप्रेस वे पर ट्रक में घुसी पिकअप

- खिड़की काटकर निकाली गई ड्राइवर की डेडबॉडी

अमन लेखनी समाचार



मेरठ, मेरठ में बड़ा हादसा हो गया। मेरठ-दिल्ली एक्सप्रेस-वे के काशी टोल प्लाजा पर सोमवार सुबह महिंद्रा पिकअप सड़क पर खड़े एक ट्रक में जा घुसी। इसमें पिकअप ड्राइवर की मौत हो गई। 23 साल का सनी कुमार रोहटा इलाके के किनोनी का रहने वाला है। पुलिस ने गाड़ी को काटकर बॉडी को बाहर निकाला। सनी महिंद्रा पिकअप गाड़ी से नोएडा से मेरठ आ रहा था। उसके साथ नंदकिशोर भी गाड़ी में था। हादसे में नंदकिशोर घायल हो गया, जबकि सनी की मौत हो गई। नंदकिशोर मुजफ्फरनगर के रोहटा के किनौनी गांव निवासी सन्नी रसूलगढ़ी का रहने वाला है। सनी की पिकप काशी टोल प्लाजा पर साइड में खड़े ट्रक में पीछे से जा घुसी। लापरवाही से हाईवे पर ट्रक खड़ा करने को लेकर ट्रक चालक रवि तंवर निवासी दिल्ली को हिरासत में लिया गया है। सूचना पर परतापुर थाना प्रभारी जयकरण सिंह पुलिस के साथ पहुंचे। कटर से पिकअप की खिड़की काटकर सन्नी और नंद किशोर को बाहर निकाला। दोनों को जिला अस्पताल ले जाया गया। चिकित्सकों ने सन्नी को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने गौतमबुद्धनगर में कंपनी के अधिकारियों को हादसे की सूचना दी। परतापुर पुलिस ने ट्रक चालक दिल्ली निवासी रवि तंवर को हिरासत में लेकर ट्रक को कब्जे में ले लिया है। टोल कर्मचारियों का कहना था कि चालक नींद आने की वजह से ट्रक साइड में खड़ा करके सो रहा था। कई दूसरे ट्रक भी खड़े थे।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बैंकों की जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक संपन्न

**बैठक में अनुपस्थित रहने पर डी0सी0एन0आर0एल0एम एवं सहायक मिशन प्रबन्धक (डूडा) एवं सी0सी0एल0 में खराब प्रगति के कारण पॉचों डी0एम0एम0 का वेतन रोकने के निर्देश दिए**

**अमन लेखनी समाचार/उमेश दीक्षित**



हमीरपुर। जिलाधिकारी राहुल पाण्डेय की अध्यक्षता में बैंको की जिला स्तरीय सलाहकार समिति एवं आरसेटी सलाहकार समिति की बैठक डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई।

बैठक में जिलाधिकारी ने विभिन्न प्रकार की सरकारी ऋण योजनाओं, एनपीए की स्थितिए एनपीए में जारी आरसी वसूली, वार्षिक ऋण योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन शहरी, आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री स्व निधि योजना, एक जनपद एक उत्पाद योजना, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्वरोजगार योजना, वित्तीय समावेशन? प्रधानमंत्री जनधन योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन बीमा योजना अटल पेंशन योजना, आधार सीडिंग, एफपीओ आदि विभिन्न बिंदुओं की विस्तृत समीक्षा की तथा जरूरी निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि जिन बैंकों का सीडी रेशियों कम है वे इसमे सुधार करें तथा सरकार समर्थित विभिन्न योजनाओं में बैंकों द्वारा प्राथमिकता से ऋण दिया जाय। पंजाब नेशनल बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, यू0पी0 कोऑपरेटिव बैक, पंजाब एण्ड सिंध बैक के सीडी रेशियो में खराब प्रगति पर जिलाधिकारी ने नाराजगी वक्त करते हुए इसमें अपेक्षित सुधार करने के निर्देश दिए। उन्होंने पंजाब नेशनल बैंक को चेतावनी देते हुए कहा कि अपनी प्रगति में सुधार लाये, खराब प्रगति होने पर सभी सरकारी खाते दूसरे बैंकों में स्थानान्तरित कर दिये जायेगें, तथा इस संबंध में उच्च स्तर पर पत्र भी प्रेषित करने हेतु संबंधित को निर्देशित किए। उन्होने कहा कि बैंकों को विभिन्न योजनाओं में ऋण आदि का जो लक्ष्य दिया गया है उसको समय से प्राप्त किया जाय। पशु पालकोंए दुग्ध उत्पादकों एवं मत्स्य पालकों को भी किसान क्रेडिट कार्ड का लाभ दिया जाए इसमें जितने आवेदन पत्र लंबित हैं उनका संबंधित बैंक तत्काल निस्तारित कराएं। कहा कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन शासन की महत्वाकांक्षी योजना है इसमें स्वयं सहायता समूह के जो आवेदन पत्र लंबित हैं उनका निस्तारण कराएं। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के अंतर्गत स्ट्रीट वेंडर को ऋण वितरण कराए। उन्होंने कहा कि शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं में जो भी आवेदन पत्र लंबित है उनका शीघ्रता से निस्तारण कराए। जनपद में भारत सरकार तथा प्रदेश सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक लोगों को मुहैया कराएं ताकि लोग रोजगार से जुड़कर अपनी आमदनी में बढ़ोतरी कर सकें। इस मौके पर जिलाधिकारी ने आरसेटी सलाहकार समिति की बैठक कर जरूरी दिशा निर्देश दिए, तथा वार्षिक ऋण नीति 2024-25 जारी की गयी। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी न्यायिक डॉ0 नागेन्द्र नाथ यादव, नाबार्ड एवं आरबीआई के अधिकारी, बैंकर्स तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बाढ़, अतिवृष्टि एवं सूखा के संबंध में तैयारियों को लेकर बैठक हुई आयोजित

**अमन लेखनी समाचार**



अमेठी। जिलाधिकारी निशा अनंत की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में बाढ़, अतिवृष्टि एवं सूखा से संबंधित बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिले में मानसून के दौरान आने वाली संभावित बाढ़ की तैयारी के बारे में चर्चा की गई एवं जिलाधिकारी द्वारा संबंधित तहसीलों को एवं विभागों को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। निदेशों के क्रम में तहसील मुसाफिरखाना में बाढ़ चौकी की स्थापना, शरणालय के संचालन की व्यवस्था, नाव एवं उनके नाविकों की तैयारी की समीक्षा के साथ-साथ बाढ़ के दौरान वितरित की जाने वाली राशन किट का टेंडर करने हेतु निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त जिला मुख्यालय पर 24*7 आपदा कंट्रोल की स्थापना के भी निर्देश दिए। इसके साथ विभागीय कार्यों में समस्त नगर निकायों को बरसात के पूर्व समस्त नगरों की सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए, इसके अतिरिक्त बिजली विभाग को मानसून के पूर्व खंभो के ढीले तारों को कसने के निर्देश दिए गए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता, प्रभागीय वनाधिकारी रणवीर मिश्र, अधीक्षण अभियंता विद्युत ललित कृष्णा, सीओ गौरीगंज मयंक द्विवेदी सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## संक्षेप

### बेतवा नदी में डूबकर तीन दोस्तों की मौत, शवों को देख परिजनों का हाल बेहाल

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर जनपद के बेतवा नदी में नहाते समय डूबकर तीन दोस्तों की मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। हमीरपुर जिले में ललपुरा थाना क्षेत्र के पौथिया गांव निवासी तीन बालकों की नदी में नहाते समय डूबकर मौत हो गई। गोताखोरों की मदद से शवों की तलाश की गई। तीनों के शव मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। ललपुरा थाना प्रभारी मयंक चंदेल ने बताया कि बृहस्पतिवार सुबह करीब 10 बजे तीनों दोस्त पौथिया गांव निवासी हर्षित (13) पुत्र कालका प्रसाद, गोलू (08) पुत्र आशाराम, अभी (08) पुत्र केश कुमार बेतवा नदी में नहाते समय डूब गए। परिजनों ने खोजबीन करने के बाद पुलिस को सूचना दी। गोताखोरों की मदद से तीनों के शव मिल गए हैं। शवों को मोर्चरी में रखवा दिया गया है।

### अनियंत्रित बाइक सवार युवक गिरा, घायल

अमन लेखनी समाचार

मौदहा। बाइक अनियंत्रित हो जाने से बाइक सवार युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां हालत चिंताजनक होने पर डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। मौदहा नगर निवासी श्याम सुंदर 40 वर्ष पुत्र हरिओम बाइक में सवार होकर बड़े चौराहा की ओर जा रहा था। तभी अचानक बाइक अनियंत्रित हो जाने से वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की मदद से लहुलुहान हालत में उसे मौदहा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां हालत चिंताजनक होने पर चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

# हरसुंडी गांव में आई तूफानी आंधी ने मचाई तबाही

**अमन लेखनी समाचार/उमेश दीक्षित**

राठ, हमीरपुर। बीती बुधवार की रात आंधी ने सरीला क्षेत्र के हरसुंडी गांव में ताण्डव मचाया और तेज आंधी से ग्रामीण भयभीत हो गये। हवा के झोंकों के प्रहार से कई पेड़ टूट गये और बिजली के खम्भे टूट टूटकर गिर गये। मकान के ऊपर लगे टीनशेड का पता ही नही चला और छप्पर ढह गये। निमार्धीन मकान की दीवार सहित गांव में कई मकान क्षतिग्रस्त हो गये। करीब घंटे भर ताण्डव करने के बाद जब आंधी थमी तो डरे सहमें ग्रामीण बाहर निकले। मगर प्रशासन ने गुरुवार की शाम होने तक ग्रामीणों की कोई सुध नहीं ली और न ही विद्युत विभाग ने वहां पहुंचकर कोई जानकारी ली इससे ग्रामीणों में खासा रोष व्याप्त है।

गांव के हेमेंद्र राजपूत का निर्माणधिन मकान धरासाई हो गया

बीती रात करीब 12:30 बजे तूफान ने हरसुंडी गांव को हिला के रख दिया तेज आंधी के ताण्डव कुछ ऐसा था कि सोये हुए ग्रामीण जाग गये और अपने आप को व परिजनों को सुरक्षित करने लगे। आंधी इतनी तेज थी कि छतो पर रखा सामान तो उड़कर दूर जा गिरा वहीं टीनशेड भी उखड़कर लापता हो गये। गांव के कई मोटे पेड़ टूट गये और बिजली के पोल टूटकर मकानों पर जा गिरे। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में जगह लगे बिजली के खम्भे टूटकर लोगो के मकानों में गिर गए जिससे कुछ लोगो के मकान की दीवारों में दरारें आ गई है। गांव के रामनारायण कुशवाहा के ट्रैक्टर के ऊपर नीम का पेड़ टूटकर गिर गया जिससे ट्रैक्टर के बोनट सहित अन्य सामान क्षतिग्रस्त हो गया। भवानी राजपूत घर के अंदर सो रहा था तभी तेज आंधी से पड़ोसी की दीवार भरभरा कर गिर गई जिससे दबकर वह घायल हो गया और मकान के अंदर रखी बाइक टूट गई। दीवार गिरने से गांव के रामऔतार यादव के पड़वा की मौत हो गई। दर्जनों पेड़ टूट जाने पर गांव के रास्ते बंद हो गये। गांव में वृद्धजन जिनकी उम्र करीब 90 साल होगी उनका कहना है कि उन्होंने जीवन में पहली दफा इस तरह की आंधी देखी है। कई ग्रामीणों की गृहस्थी का सामान मकान के मलबे में दबकर बर्बाद हो गया। इस दौरान गांव के हेमेंद्र राजपूत, भवानी राजपूत, हृदेश, भगीरथ, बाबू यादव सहित अन्य ग्रामीण घायल हो गये हैं। ग्रामीणों ने बताया इसकी सूचना तहसीलदार को दी मगर कोई भी प्रशासनिक अधिकारी अथवा कर्मचारी गुरुवार शाम तक गांव नहीं पहुंचा। वहीं सूचना देने के बाद भी बिजली विभाग का कोई अधिकारी अथवा कर्मचारी गांव नहीं पहुंचा और गांव में जगह-जगह बिजली के खम्भे टूटे पड़े है। ग्रामीणों का कहना है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री के निर्देश का पालन भी विद्युत विभाग नहीं कर रहा है। मुख्यमंत्री ने 24 घंटे में बिजली ठीक करने के निर्देश विद्युत विभाग को दिये है जबकि यहां तो प्रकृतिक आपदा से टूटे बिजली के खम्भों को देखने ही कर्मचारी अभी तक नहीं पहुंचे। इससे ग्रामीणों में गुस्सा व्याप्त है।

# ग्रामीण पत्रकारिता मनोरंजन नहीं, संघर्ष और तपस्या है - अध्यक्ष सौरभ कुमार

**अमन लेखनी समाचार**



बलिया। गुरुवार को जनपद बलिया में ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के संस्थापक बाबू बालेश्वर लाल के पैतृक गांव गड़वार में उनकी प्रतिमा का अनावरण व संगठन के प्रादेशिक सम्मेलन को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए काशी सुमेर पीठाधीश्वर जगतगुरु स्वामी नरेंद्रानंद सरस्वती ने कहा कि ग्रामीण पत्रकार जनमानस की सोच को गढ़ता है। गांवों के विकास में ग्रामीण पत्रकार का महत्वपूर्ण योगदान है। भारत का स्तंभ है ग्रामीण पत्रकार। स्वामी परमेश्वरानंद सरस्वती उड़िया बाबा ने कहा कि बालेश्वर लाल जी पत्रकारों के हक-हुकूक के लिए आजीवन संघर्ष करते रहे। आज यह संगठन उन्हीं की आशीर्वाद से बट वृक्ष बन चुका है। डा० गणेश पाठक ने कहा कि ग्रामीण पत्रकार की नियति बन चुकी है कि वह आजीवन संघर्ष से जूझता रहे। इसके मद्देनजर बाबू बालेश्वर लाल ने इस संगठन की बुनियाद रखी थी। जिसका मैं प्रत्यक्षदर्शी हूं। वीरभद्र प्रताप सिंह ने कहा कि ग्रामीण पत्रकारिता कोई मनोरंजन नहीं बल्कि संघर्ष, तपस्या और साधना है। शैलेश उपाध्याय ने कहा कि यह संगठन अब राष्ट्रीय रूप में शीघ्र दिखाई देने लगेगा। अध्यक्षीय उद्बोधन में संगठन के प्रादेशिक अध्यक्ष सौरभ कुमार ने संगठन के उत्थान की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि आज यह संगठन पूरे देश में संख्या के अनुसार सबसे बड़ा संगठन बन चुका है। सेनानी राम विचार पांडेय, कैप्टन वीरेंद्र सिंह, श्रवण कुमार द्विवेदी, ओम प्रकाश द्विवेदी, डा० केजी गुप्ता, देव बख्श वर्मा, आलोक तनेजा, सुदामा प्रसाद दूबे, डा०संजय द्विवेदी, रामचीज निषाद, सीबी तिवारी आदि ने संबोधित किया। इससे पूर्व मुख्य अतिथि ने बाबू बालेश्वर लाल की प्रतिमा का अनावरण किया। तत्पश्चात दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस मौके पर संगठन की स्मारिका ग्राम्य गौरव व ओम प्रकाश द्विवेदी ओम द्वारा रचित जीवन काव्य पर का विमोचन भी मुख्य अतिथि ने किया। मुख्य अतिथि सहित सम्मेलन में मौजूद समस्त पत्रकारों व समाज के विभिन्न क्षेत्र के उत्कृष्ट पांच लोगों को सम्मानित किया गया। जिलाध्यक्ष सुधीर सिंह, डा० विनय कुमार सिंह, छोटे लाल चौधरी, मंजय सिंह, सिद्धार्थ सिंह, प्रशांतअंबुज, प्रखर, पीयूष, मन्नू लाल, लल्लन गुप्ता, अनिल सिंह, अनिल केशरी, विनोद वर्मा, कैलाशपति सिंह, बसंत पांडेय, अरविंद तिवारी, आनंद सिंह, प्रदेश कार्य समिति के नव मनोनीत सदस्य डॉ० नरेश पाल सिंह आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष सौरभ कुमार व संचालन भोला प्रसाद आग्नेय ने किया। कार्यक्रम की सफलता पर जिलाध्यक्ष सुधीर सिंह ने आभार व्यक्त किया।

# नवजात के लिए पर्याप्त है स्तनपान

**स्तनपान बच्चे को डायरिया और पीलिया से है बचाता**

**स्तनपान है बच्चे का सम्पूर्ण आहार**

**तेज गर्मी में भी नवजात को न दें ऊपर का पानी**

**अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ। तेज धूप और गर्मी के चलते जहाँ आमजन को सलाह दी जा रही है कि शरीर में पानी की कमी न होने दें इसके लिए ओआरएस सहित तरल पेय पदार्थों का सेवन करते रहें लेकिन छह माह तक की आयु के बच्चो के केस में यह सलाह उचित नहीं है यह कहना है एसजीपीजीआई की वरिष्ठ बाल रोग विशेषज्ञ डा. पियाली भट्टाचार्य का डा. पियाली बताती हैं कि शोध से यह निष्कर्ष सामने आया है कि जो बच्चे केवल स्तनपान नहीं करते हैं उनमें केवल स्तनपान करने वाले बच्चों के मुकाबले डायरिया होने की नौ गुना ज्यादा सम्भावना ज्यादा होती है इसलिए छह माह तक की आयु के बच्चों को गर्मी के मौसम में भी ऊपर से पानी पिलाने की जरूरत नहीं है क्योंकि माँ के दूध में लगभग 90 फीसद पानी होता है नवजात को ऊपर का पानी देने में बच्चे में डायरिया या जलजनित बीमारी जैसे पीलिया या अन्य किसी तरह के संक्रमण की संभावना हो सकती है ऐसे में बच्चा कमजोर हो सकता है और यदि बच्चा कमजोर है तो उसकी प्रतिरोधक क्षमता कमजोर हो जाती है और वह वह बार-बार बीमार पड़ सकता है इसके आलावा बच्चे का पेट छोटा होता है और जल्दी जल्दी खाली भी होता है ऐसे में हमें बच्चे को पोषक तत्वों से भरपूर स्तनपान कराना चाहिए न कि पानी पिलाना चाहिए डा. पियाली बताती हैं कि माँ का दूध अमृत है और बच्चे के लिए सम्पूर्ण आहार है माँ के दूध में रोग प्रतिरोधक एवं पोषक तत्व उचित मात्रा में होते हैं जो शिशु को स्वस्थ एवं बुद्धिमान बनाने में सहायक होते हैं नवजात को जन्म के एक घंटे के अंदर स्तनपान शुरू कर देना चाहिऐ माँ का पहला गाढ़ा व पीला दूध जिसे कोलस्ट्रम या खीस कहते हैं यह जरूर से जरूर नवजात को देना चाहिए क्योंकि यह अत्यंत पोषक एवं रोग निवारक होता है यह नवजात के लिए पहला टीका है यदि किसी कारणवश माँ स्तनपान नहीं करा पा रही है तो वह अपना ही दूध निकालकर कटोरी और चम्मच से पिलायें बोतल से दूध कतई न दे क्योंकि यह बीमारियों को दावत देता है डा. पियाली बताती हैं कि छह माह तक केवल स्तनपान सिर्फ मां की जिम्मेदारी नहीं है बल्कि इसमें इसमे पिता, दादी और अन्य परिवार जनों की अहम भूमिका है सबके सहयोग से ही शिशु के लिए केवल स्तनपान सुनिश्चित किया जा सकता है

### क्या कहते हैं आंकड़े ?

राष्ट्रीय परिवार एवं स्वास्थ्य सर्वेक्षण (एनएफएचएस)-5 के अनुसार लगभग 60 फीसद शिशुओं ने छह माह तक केवल स्तनपान किया था जबकि एनएफएचएस-4 में यह आंकड़ा 41.6 फीसद था

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर संगोष्ठी व रंगोली प्रतियोगिता आयोजित

**अमन लेखनी समाचार**



अमेठी, नेहरू युवा केंद्र अमेठी द्वारा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रणंजय इंटर कॉलेज में संगोष्ठी, व रंगोली प्रतियोगिता आयोजित हुई इंदिरा गांधी पीजी कॉलेज तथा मनीषी महिला डिग्री कॉलेज में शपथ का कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम नेहरू युवा केन्द्र की उप निदेशक डॉ अराधना राज ने संगोष्ठी में मुख्य अतिथि शिक्षाविद पंडित जगदम्बा प्रसाद त्रिपाठी का स्वागत करते हुए कहा कि 15 जून से21जून तक समस्त विकास खंडों में युवा मंडलो के अध्यक्षों/पदाधिकारियों एवं पूर्व एनवाईवी द्वारा योगा अभ्यास कार्यक्रम के अंतर्गत शपथ, रंगोली, संगोष्ठी व चित्रकला प्रतियोगिताओं का आयोजन कराया जा रहा है। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्री जगदम्बा प्रसाद त्रिपाठी मनीषी ? जी ने योग पर प्रकाश डालते हुए कहा कि योग जीवन जीने की कला है। योग के दैनिक नियमित अभ्यास से तन, मन, बुद्धि तथा आत्मा स्वस्थ तथा प्रबुद्ध होता है, उन्होंने बताया कि योगः कर्मशु कौशलम तथा समत्व योग उच्यते एवं योगो भवति दुःखहा पर सम्यक प्रकाश डालते हुए योग का अभ्यास करने पर बल दिया।

उपस्थित डॉ अराधना राज ने कहा कि योग हमारे जीवन के लिए बहुत ही उपयोगी है हमें प्रतिदिन सुबह योगाभ्यास करना चाहिए, इससे हमारे तन मन, बुद्धि का विकास होता है और इससे हमारे अंदर सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है उन्होंने उपस्थित सभी युवाओं से प्रतिदिन कुछ क्षण ध्यान लगाकर मन को एकाग्र करने पर बल दिया जिससे उनकी प्रतिभा में निखार आ सके। इस मौके पर रणंजय इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ सुनील कुमार शुक्ल, श्री राजेश कुमार शुक्ल ब्रान्ड एम्बेसडर माई भारत एवं अरुण मिश्र युवा परिषद अध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप सिंह, युवा मंडल अध्यक्ष शिवम्‌ मिश्र, तथा योगा शपथ कार्यक्रम में इंद्रा गांधी पी जी कालेज के कार्यक्रम अधिकारी एनएसएस के के मिश्र, एवं मनीषी महिला पी जी कालेज की प्राचार्य डॉ अन्तिमा मिश्रा एवं युवा परिषद् अध्यक्ष श्री राघवेन्द्र प्रताप सिंह, युवा मंडल सचिव श्री शिवम मिश्र एवम्युवा मंडल अध्यक्ष अभय शर्मा व रंगोली मे प्रतियोगिता में उपस्थित आशिया, कविता तिवारी, वैष्णवी शैजल, सहित अध्यापक गण व युवा व छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। भादर ब्लाक में युवा मण्डल खरगपुर सर्वेश सिंह के नेतृत्व में योग कार्यक्रम किया गया। जामों ब्लाक में पूर्व एनवाईवी रोली सिंह के नेतृत्व में योग कार्यक्रम किया गया। पूर्व एनवाईवी घनश्याम शुक्ल के नेतृत्व में शुक्ल बाजार में योग कार्यक्रम किया गया। तिलोई में शुभम तिवारी के नेतृत्व में योगाभ्यास किया गया। जगदीशपुर में विवेक पाण्डेय के नेतृत्व में, संग्रामपुर में सरिता सिंह के नेतृत्व में, भेटुआ में लालमणि कश्यप के नेतृत्व में, बहादुरपुर में दीपशिखा के नेतृत्व में, शाहगढ़ में आकाश के नेतृत्व में, अमेठी में ललित के नेतृत्व में, सिंहपुर में पिन्टू शुक्ल के नेतृत्व में, मुसाफिरखाना में प्रज्ञेश के नेतृत्व में, योग का कार्यक्रम किया गया।

# 21 जून को 10वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस का जवाहर नवोदय विद्यालय गौरीगंज के परिसर में होगा वृहद योगाभ्यास का आयोजन

**अमन लेखनी समाचार**

अमेठी। जिलाधिकारी निशा अनंत ने बताया है कि 21 जून को 10वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस का जनपद स्तर पर जवाहर नवोदय विद्यालय गौरीगंज के परिसर में प्रातः 6 बजे से 8 बजे तक वृहद योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा, जिसमें योग प्रशिक्षकों द्वारा विभिन्न प्रकार के योगाभ्यास कराये जायेगें एवं उसके लाभों के बारे में जानकारी दी जायेगी। उन्होने जनपद स्तर पर जवाहर नवोदय विद्यालय में 21 जून को आयोजित होने वाले दशम् अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, समाजसेवियों, व्यापारियों, मीडिया बन्धुओं व अन्य सम्भ्रान्त लोगों से अपील करते हुये कहा कि योगाभ्यास कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभाग करें और योग से होने वाले लाभों की जानकारी प्राप्त करें। इसके अतिरिक्त 10वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर समस्त तहसीलों, थानों, हेल्थ वेलनेस सेन्टर, विकास खण्डों, अमृत सरोवरों, पंचायत भवनों व स्कूलों आदि स्थानों पर सामूहिक रूप से योगाभ्यास के कार्यक्रम कराये जायेगें।

### सेवारत/भूतपूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों की समस्या के निस्तारण हेतु बैठक 26 जून को

अमेठी। जिला सैनिक कल्याण एवं पुर्नवास अधिकारी कर्नल राजेश कुमार ने बताया कि जनपद के सेवारत/भूतपूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों की समस्याओं यथा-भूमि विवाद, पुलिस सुरक्षा, बैंक से ऋण, पेंशन, शिक्षा, चिकित्सा, आर्थिक अनुदान तथा सैनिकों से प्राप्त अन्य प्रकार की शिकायतों के निस्तारण हेतु अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) की अध्यक्षता में 26 जून 2024 को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में 04:30 बजे अपरान्ह बैठक आयोजित की जायेगी। इस सम्बन्ध में उन्होंने बताया कि जनपद के समस्त सेवारत/भूतपूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रित उपरोक्त बैठक में नियत तिथि, स्थान व समय से उपस्थित होकर अपनी समस्याओं से अवगत करा सकते हैं।

# वार्ड दो में पेयजल आपूर्ति न हो पाने से लोग परेशान

**अमन लेखनी समाचार/शिवम सिंह**

कुरारा, हमीरपुर। कस्बे कुरारा के दो वार्ड में पेयजल आपूर्ति न हो पाने से लोग परेशान हैं। हैंडपंप के सहारे ही लोग पेयजल ले रहे हैं। कस्बे के वार्ड तीन व नौ में चार दिन से पेयजल आपूर्ति बाधित चल रही है। जिससे लोगो को पेयजल किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। वार्ड तीन निवासी जब्बार, दिलीप कुमार, राजा अहिरवार, इशाक मिस्त्री, हनीफ मिस्त्री, विनय कुमार, वार्ड नौ निवासी माता दीन, रामबाबू, कमलेश, आशीष, राजू, लालाराम, नबी, गुड्डू आदि ने बताया कि चार दिन से जलसंस्थान द्वारा पेयजल आपूर्ति बाधित चल रही है। भीषण गर्मी में लोगो को पेयजल आपूर्ति नहीं मिल पा रही है। वार्ड में लगे हैंडपंप खराब होने से किल्लत का सामना करना पड़ रहा है एक हैंड पंप ठीक है उसमे पानी के लिए लाइन लगाने पड़ता है। लोगो ने बताया कि इसकी शिकायत जलसंस्थान के राजेंद्र प्रसाद से की तो उनका जवाब आया कि पाइप लाइन खराब हो गई है। ठीक कराई जा रही है। भीषण गर्मी के चलते लोग पेयजल आपूर्ति के लिए परेशान हो रहे हैं। जलसंस्थान के लिपिक राजेंद्र बाबू ने बताया कि बेरी तिराहा के पास निर्माणधीन नाले में पाइप लाइन क्षति ग्रस्त हो गई है। जिसे ठीक कराया जा रहा है। जल्द पेयजल आपूर्ति बहाल की जाएगी।

# रात भर चला मरम्मीकरण विद्युत विभाग को करीब 15 लाख का नुकसान

**अमन लेखनी समाचार**

भरुआ, सुमेरपुर। बीती शाम आई तेज आंधी व बारिश से सुमेरपुर क्षेत्र से सभी फीडरों के बाधित होने के बाद रात भर मरम्मतीकरण कार्य चलाया गया। दोपहर तक कुछ फीडरों को छोडकर बाकी सभी फीडरों की आपूर्ति बहाल कर दी गई है। विद्युत विभाग ने पोल टूटने, क्षतिग्रस्त होने व तार टूटने पर करीब 15 लाख के नुकसान का अनुमान लगाया है। पूरे क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति बाधित होने के बाद अधिशासी अभियंता, एसडीओ व अवर अभियंता के नेतृत्व में अलग-अलग टीमों ने विद्युत का मरम्मतीकरण कार्य रात भर चलाया। दो दर्जन से अधिक विद्युतकर्मियों की कड़ी मशक्कत के बाद दोपहर तक एक दो फीडर को छोडकर सभी फीडरों की आपूर्ति बहाल कर दी गई है। अवर अभियंता अनिल कुमार ने बताया कि सुमेरपुर से मुख्यालय जाने वाली लाइन में करीब 15 पोलों से तार उतर गए थे, करीब पांच पोल टेढ़े होकर क्षतिग्रस्त हो गए थे। दोपहर एक बजे मुख्यालय की आपूर्ति बहाल कर दी गई है। सहुरापुर कैनाल में 15 पोल टूटे हैं जिस कारण लाइन चालू नहीं हो सकी। पौथिया लाइन के दो पोलो में तार उतर गए थे जिसको रात में ही चालू कर दिया गया था। तेज आंधी और बारिश ने जहां विद्युत लाइनों को क्षतिग्रस्त कर दिया वहां किसानों पर भी जमकर कहर बरपाया है। उनके खेतों में खडे आम के पेड़ों के सभी आम टूटकर जमीन पर गिर गए हैं जिससे उन्हें भारी नुकसान हुआ है।

**अमन लेखनी**
**(हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

**सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

**मो. – 9838159555, 9935457982**

**E-mail address amanlekhaninews@gmail.com**

## सिटी स्पोर्ट्स

### इंटर डिस्ट्रिक्ट टुर्नामेंट के सेमी फाइनल मैच 21 से



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा अंडर-19 एलिट ग्रुप इंटर डिस्ट्रिक्ट टुर्नामेंट 2024 का आयोजन 08 मई से प्रांरभ किया गया, जिसके लीग मैच 31 मई को समाप्त हुये। उक्त टुर्नामेंट में छत्तीसगढ़ की 10 टीमों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता के सेमी फाइनल मैच 21 जून से खेले जायेंगें। पहला सेमी फाइनल- बिलासपुर एवं भिलाई के मध्य 21 से 24 जून तक शहीद वीर नारायण सिंह अंर्तराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, रायपुर में खेला जायेगा। दूसरा सेमी फाइनल प्लेट कंबाइंड एवं महासमुंद के मध्य 21 से 24 जून को सेक्टर 10 ग्रांउड, भिलाई में खेला जाएगा।

### मार्लबोरो कप में राजगोपालन करेंगे भारत का प्रतिनिधित्व



**रायपुर।** भिलाई के कृष्ण मूर्ति राजगोपालन अय्यर का चयन इंग्लैंड में 21 जून से 2 जुलाई तक आयोजित अंतराष्ट्रीय मार्लबोरो कप (50 वर्ष आयु समूह) क्रिकेट स्पर्धा हेतु भारतीय टीम में किया गया है। स्पर्धा में भारत के अलावा इंग्लैंड, वेल्स और आस्ट्रेलिया जैसे देशों की क्रिकेट टीमें हिस्सा ले रहीं हैं। उल्लेखनीय है कि राजगोपालन ने वर्ष 1992 से 2000 तक प्रथम श्रेणी की रणजी ट्राफी क्रिकेट प्रतियोगिता में अविभाजित मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व किया है।

### राजपूत बनें बास्केटबॉल के अंतरराष्ट्रीय निर्णायक



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य के बास्केटबाल खिलाड़ी ओर वर्तमान के (ए ग्रेड ) निर्णायक उभरते रेफरी परसरामन राजपूत ने अंतरराष्ट्रीय निर्णायक बास्केटबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के द्वारा अपना नाम दर्ज कर लिया है। उन्होंने 2024 से 2028 तक का टेस्ट पास कर लिया है। वे पिछले 14 वर्षों से राष्ट्रीय निर्णायक की भूमिका का निर्वहन करते आ रहे है। इनमें सीनियर नेशनल, खेलो इंडिया ,नेशनल गेम्स एवम ओलंपिक गेम्स शामिल हैं। बास्केटबॉल संघ के पदाधिकारियों ने उन्हें बधाई दी है।

### छत्तीसगढ़ राज्य जूनियर अंडर-19 बैडमिन्टन के लिए चयन 22 को



**रायपुर।** बिलासपुर जिला बैडमिन्टन संघ द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य जूनियर अंडर-19 (बालक एवं बालिका) बैडमिन्टन प्रतियोगिता का आयोजन एकल एवं युगल वर्ग में दिनांक 24 से 28 जुलाई तक बिलासपुर में किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में भिलाई इस्पात संयंत्र की टीम भी भाग ले रही है। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिये इंडोर हॉल, सिविक संेटर के बैडमिन्टन कोर्ट पर दिनांक 22 जून को सुबह 9 बजे से (दोनों वर्ग) की टीम के गठन हेतु चयन स्पर्धा आयोजित की गयी है।

### रॉक बॉल सीनियर नेशनल चैंपियनशिप में हिस्सा लेगी छत्तीसगढ़ की टीम



**रायपुर।** फेडरेशन ऑफ़ इंडिया द्वारा सीनियर नेशनल हिमाचल प्रदेश के ऊना में 28 से 30 जून तक किया जाएगा। जिसमें विभिन्न राज्यों की करीब 18 टीम महिला एवं पुरुष भाग ले रही है। टूर्नामेंट में छत्तीसगढ़ टीम भी हिस्सा लेगी। जिसमें द रॉक बॉल एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ टीम का चयन प्रतियोगिता कुछ दिनो पूर्व किया गया। टीम के पुरुष वर्ग में रमेश दलाई, राहुल रेड्डी, अजय कुमार, संदीप, लवेश सोनी, पी चंद्र प्रकाश, आदित्य, अनिकेत शर्मा, यू दलाई, राजवीर, ईशान, अनिकेत और महिला वर्ग टीम में सिमरन सिंह, रणदीप कौर, मिताली ठाकुर, नीलिमा देशमुख, संजना , मेनका ,गुनगुन, अमरप्रीत, आफरीन और खुशी शामिल है। स्पर्धा के लिए छत्तीसगढ़ से ऑफिशियल के तौर पर नेशनल रेफरी नीलेश्वर साहू भाग लेंगे। टीम 26 जून को रवाना होगी। यह जानकारी द रॉक वॉल एसोसिएशन छत्तीसगढ़ के कार्यकारी अध्यक्ष विनय साहू ने दी।

पार्श्व गायिका अल्का याज्ञनिक के मामले से जरूरी है सबक लेना

# अचानक आप हो सकते हैं बहरे जा सकती है सुनने की भी क्षमता

क्या कभी आपके कानों में पड़ने वाली आवाज धीमी हो जाती है? कोई ध्वनि हल्की सुनाई देती है या कानों में अचानक झनझनाहट महसूस होती है? या फिर एक अथवा दोनों कानों से अचानक कम सुनाई देने की शिकायत होती है। अगर ऐसी समस्या आपको या किसी जानने वाले को है तो सतर्क हो जाएं।

बॉलीवुड गायिका अलका याग्निक ने अपने सुनने की क्षमता खो दी है। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के जरिए उन्होंने इस बात की जानकारी देते हुए बताया कि उन्हें कान से संबंधित एक दुर्लभ बीमारी हो गई है। अपनी सुरीली आवाज से लोगों के कानों में मधुर ध्वनि पहुंचाने वाली अल्का याग्निक को सुनाई न देने की शिकायत अचानक हुई, जब वह एक फ्लाइट से यात्रा के बाद उतरीं तो उन्हें महसूस हुआ कि कुछ सुनाई नहीं दे रहा। उनके डॉक्टरों ने अल्का को दुर्लभ बीमारी से पीड़ित बताया। अलका याग्निक ने अपनी पोस्ट में इस बीमारी से बचाव के लिए सलाह देते हुए लिखा, तेज आवाज में संगीत न सुनें और हेडफोन का कम इस्तेमाल करें।



### सेंसरी नर्व हियरिंग लॉस क्या है

सेंसरी नर्व हियरिंग लॉस कान से संबंधित बीमारी है, जो कान के अंदरूनी हिस्सा ( कोक्लिया) या सुनाई देने वाली नस (ऑडिटोरी नर्व) में समस्या के कारण होती है। पुणे के एक अस्पताल में डॉक्टर जाकिर एम खान बताते हैं, 'कान से दिमाग तक संदेश पहुंचाने वाली नसों में क्षति की वजह से धीरे-धीरे या अचानक से सुनने की क्षमता खो सकती है। इस समस्या को ''सेंसेरिन्यूरल हियरिंग लॉसश्च भी कहते हैं।' यह हियरिंग लॉस अक्सर स्थायी होता है और इसे चिकित्सा या सर्जरी से ठीक नहीं किया जा सकता। हालांकि सही चिकित्सा और सुनाई देने वाले उपकरणों से नियंत्रित किया जा सकता है।

### सेंसरी नर्व हियरिंग लॉस के लक्षण

आवाज धुंधली और स्पष्ट न सुनाई देना उच्च आवृत्ति की आवाजें, जैसे बच्चों की आवाज, पक्षियों की चहचहाहट, या दरवाजे की घंटी सुनने में कठिनाई होती है। वार्तालाप में समस्या आती है, विशेष रूप से शोरगुल वाले स्थानों में बातचीत को समझने में कठिनाई होती है। कान बजने या कान में घंटी बजने जैसा महसूस होता है।

### बीमारी के कारक

उम्र बढ़ने के साथ कान की नसें कमजोर हो जाती हैं। लगातार तेज आवाजों में रहने से कान के अंदर के सेंसरी सेल्स को नुकसान पहुंच सकता है। कुछ लोगों में यह समस्या वंशानुगत होती है। संक्रमण जैसे मैनिंजाइटिस, मंप्स, और अन्य वायरल संक्रमण से कान की यह बीमारी हो सकती है। सिर पर चोट लगने से कान के अंदर के हिस्से को नुकसान हो सकता है।



### बचाव के तरीके

तेज आवाज वाले स्थानों, लाउड म्यूजिक और लंबे समय तक ईयरफोन के इस्तेमाल से बचें। कानों की नियमित सफाई और संक्रमण से बचाव के उपाय करें। हेडफोन या इयरफोन का उपयोग करते समय आवाज का स्तर कम रखें और लंबे समय तक उपयोग से बचें। बुजुर्गों को नियमित रूप से कान की जांच करानी चाहिए। डॉक्टर जाकिर एम खान कहते हैं कि यह समस्या उम्र बढ़ने के साथ हो सकती है, अचानक हो सकती है या फिर जन्म से ही शिशु में मौजूद हो सकती है। जिस तरह से अब लोग शोरगुल और लाउड म्यूजिक की तरफ बढ़ रहे हैं, कान की नसे क्षतिग्रस्त हो सकती हैं। इससे बचने के लिए समय-समय पर कान की जांच करवाते रहना चाहिए। साथ ही अचानक सेंसरी हियरिंग लॉस की शिकायत न हो इससे बचने का प्रयास करते हुए बहुत तेज आवाज या संगीत सुनने से बचना चाहिए।

## पैर के अंगूठे का आकार बता सकता है आपकी पर्सनैलिटी से जुड़ा राज



आपके शरीर के किसी भी हिस्से से आपके व्यक्तित्व का पता लगाया जा सकता है। ज्योतिष एक ऐसी युक्ति है जो आपके भविष्य के बारे में भी कई बातें बता सकती है। ज्योतिष को किसी भी व्यक्ति के भीतर के रहस्यों को जानने के लिए एक कारगर युक्ति के रूप में देखा जाता है।

जिस तरह हमारे शरीर पर किसी भी जगह मौजूद तिल या हथेलियों की रेखाएं हमारे व्यक्तित्व के बारे में बहुत कुछ बताती हैं, उसी तरह आपके पैरों की उंगलियों और अंगूठे का आकार भी हमारे व्यक्तित्व के बारे में पता लगाने में हमारी मदद कर सकता है। आपने कई बार लोगों के पैर के अंगूठे के अलग-अलग आकार देखे होंगे। किसी का अंगूठा पहली उंगली से बड़ा तो किसी का छोटा होता है, किसी का गोल आकार का होता है तो किसी और का अन्य आकारों का। दरअसल आपके पैर के अलग आकारों में भी आपके व्यक्तित्व का राज छिपा होता है। आइए ज्योतिर्विद पंडित रमेश भोजराज द्विवेदी से जानें पैर के अंगूठे के आकार से पर्सनैलिटी।

### पैर का अंगूठा बाकी उंगलियों से बड़ा

अगर आपके पैर का अंगूठा आपके पैर की अन्य उंगलियों से बड़ा है तो आप स्वभाव से क्रिएटिव गायब और आप सोचने समझने की अच्छी क्षमता रखते हैं। आप उन लोगों में से एक हैं जो हर एक चीज का अलग नजरिया देखते हैं और कोई भी काम बहुत ज्यादा क्रिएटिविटी से करते हैं। ये जल्दी किसी भी स्थान में हार नहीं मानते हैं और सफलता के लिए अपना पूरा प्रयास करते हैं। आप उन लोगों में से हैं जो सोचने की अधिक क्षमता रखते हैं और आपकी कल्पना शक्ति भी बहुत अच्छी होती है। ऐसे लोगों में लीडरशिप की क्षमता होती है और ये एक नेता के रूप में काम करते हैं।

### अंगूठा दूसरी उंगली से छोटा

अगर आप उन लोगों में से हैं जिनके पैर का अंगूठा उनकी दूसरी उंगली से छोटा है तो इसे ग्रीक पैर कहा जाता है। अगर आपके पैर की भी ऐसी आकृति है तो आप हमेशा शिक्षा में आगे रहते हैं और करियर में सफलता हासिल करने के लिए अपना पूरा प्रयास करते हैं।आप उनमें से हैं जो स्वाभाव से चंचल होते हैं, लेकिन अपनी किसी भी बात को दृढ़ता से निभाते हैं। आपके सामने लक्ष्य कितना भी बड़ा क्यों न हो लेकिन आप उसे आसानी से अपनी कुशल रणनीति से हासिल कर सकते हैं। आपकी दृढ इच्छा शक्ति बहुत प्रबल होती है और आपको हमेशा एक ऊंचा पद हासिल करने में मदद करती है।

## घर पर बनानी है बाजार के जैसी स्प्रिंग रोल शीट तो ये तरीका अपनाएं



शायद ही कोई ऐसा व्यक्ति होगा, जिसे स्नैक्स खाना पसंद न हो। खासतौर पर बात करें भारतीय लोगों की तो हम भारतीय तो सुबह और शाम, दोनों समय अलग-अलग वैरायटी का नाश्ता करना पसंद करते हैं। सुबह के लिए तो ज्यादातर लोग ऐसी चीज खाते हैं जो हेल्दी के साथ ऐसी भी हो, जिससे पेट भरा रहे लेकिन शाम को हर किसी का मन चटाकेदार खाना खाने को करता है। ऐसे में वो अक्सर बाहर से खरीदकर चटाकेदार स्नैक्स खाते हैं।

रोज-रोज बाहर का खाना खा के तबियत खराब होने का भी डर होता है। इसी वजह से महिलाएं अपने परिवार वालों के लिए घर पर ही स्नैक्स तैयार करती हैं। अगर आप भी कुछ स्वादिष्ट सा नाश्ता घर पर बनाने का सोच रही हैं तो स्प्रिंग रोल एक बेहतर विकल्प है। इसकी शीट भी अगर आप घर पर ही बनाएंगी, तो इसका स्वाद और बढ़ जाएगा। चलिए देर न करते हुए आपको स्प्रिंग रोल की शीट बनाना बताते हैं।

**विधिः** अगर आप स्प्रिंग रोल की शीट घर पर तैयार करना चाहती हैं तो सबसे पहले एक कटोरे में मैदा, कॉर्नफ्लोर और नमक को अच्छी तरह से मिक्स कर लें। इसके बाद इसमें थोड़ा सा रिफाइंड डालकर इसे सही से मिलाएं।

अब जरूरत के हिसाब से इसमें पानी डालें और फिर मैदा धीरे-धीरे गूंथ लें। अब इस गूंथी हुई मैदा से छोटी-छोटी लोई बनाकर उसे बेल लें। ध्यान रखें कि ये आपको कागज की जितनी पतली बेलनी है। आप चाहें को एक साथ कई शीट बेल सकती हैं। इसके बाद इसे हल्का सेकना शुरू करें। हल्का-हल्का सेकने के बाद इसे रख लें। अब आप इससे स्प्रिंग रोल तैयार कर सकती हैं। स्प्रिंग रोल शीट बनाने का ये सबसे आसान तरीका है।



## खुद को रखना है फिट तो योगा से जुड़े इन मिथक पर ना करें भरोसा

योगा को शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए काफी अच्छा माना जाता है। लेकिन आज भी लोग इससे जुड़े कुछ मिथक को सच मानते हैं। जानते हैं ऐसे ही कुछ योगा मिथक के बारे में। योग बहुत प्राचीन विधा है, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में यह बहुत अधिक लोकप्रिय हुआ है। जिसके कारण इसे लेकर लोगों के मन में कई तरह की धारणाएं भी बन गई हैं। योग के संबंध में लोग कई भ्रांतियों को सच मानते हैं

### मिथक 1- योगाभ्यास करने के लिए आपको लचीला होना चाहिए

सच्चाई- चूंकि योगा सेशन के दौरान हम कई तरह के आसनों का अभ्यास करते हैं, इसलिए अधिकतर लोगों की यह मान्यता होती है कि योगाभ्यास करने के लिए शरीर का लचीला होना जरूरी है। जबकि वास्तव में यह एक भ्रम ही है। जब आप नियमित रूप से योग करते हैं तो समय के साथ आपका शरीर खुद ब खुद अधिक फ्लेक्सिबल होता चला जाता है। ऐसे कई योगासन हैं, जिन्हें आप शुरुआत में बिना किसी परेशानी के कर सकते हैं। इसलिए, आप अपनी शारीरिक क्षमताओं को ध्यान में रखते हुए योगाभ्यास कर सकते हैं।

### मिथक 2- योग केवल महिलाओं के लिए है

सच्चाई- यह योग को लेकर आम मिथ है। अमूमन लोगों की यह धारणा होती है कि योग केवल महिलाओं के लिए है। जबकि वास्तव में ऐसा नहीं है। योगाभ्यास बच्चों से लेकर बूढ़ों तक, महिलाओं से लेकर पुरुषों तक, कोई भी आसानी



से कर सकता है। आज भी दुनियाभर में कई पुरुष योगाभ्यास करते हैं और उसका शारीरिक व मानसिक लाभ उठाते हैं।

### मिथक 3- योग बहुत आसान है और यह वास्तव में कोई वर्कआउट नहीं है

सच्चाई- ऐसे भी कई लोग हैं, जो ये मानते हैं कि योग वास्तव में शरीर को रिलैक्स करने के लिए है। यह बहुत ही आसान है और इसलिए इससे फुल बॉडी वर्कआउट नहीं होता है। अगर आप ऐसा सोचते हैं तो आप गलत हैं। योग को आप कई तरह की वैरिएशन के साथ कर सकते हैं। यह काफी चैलेंजिंग हो सकता है। योग के दौरान आप ऐसे कई अभ्यास कर सकते हैं, जो आपके पूरे शरीर की कसरत कर सकते हैं। अगर आप खुद के साथ चैलेंजिंग होना चाहते हैं तो ऐसे में अष्टांग या पावर योग किया जा सकता है।

### मिथक 4- प्रेग्नेंसी और पीरियड्स में महिलाओं को योग नहीं करना चाहिए

सच्चाई- आमतौर पर, आपने लोगों को यह कहते सुना होगा कि प्रेग्नेंसी या पीरियड्स में महिलाओं को योग नहीं करना चाहिए। इससे उनकी कॉम्पलीकेशन बढ़ जाएगी। जबकि वास्तव में ऐसा नहीं है। ऐसे कई योगासन हैं, जो प्रेग्नेंसी और पीरियड्स में होने वाली समस्याओं को कम करने या दूर करने में मदद करते हैं। हालांकि, इस दौरान किसी भी महिला को खुद से योगाभ्यास नहीं करना चाहिए। बेहतर होगा कि आप किसी योग विशेषज्ञ की देख-रेख में ही इसे करें। अगर आप ऐसा करती हैं तो इससे आपके पीरियड्स रेगुलर होते हैं।



कार्नर न्यूज

पति-पत्नी का रिश्ता उम्र भर निभाने के लिए है, बनाए ऱखें रिश्तों में गर्माहट

# शादी के बरसों बाद रिश्ते में ताजगी बनाए रखें, उम्र के साथ बढ़ता जाएगा प्यार भी

एक शादी जब काफी लंबी चलती है तो जोड़ों के बीच एक सही तालमेल भी बन जाता है, लेकिन कई बार यह समझदारी जीवन में बोरियत ला देती है और जीवन का आनंद गायब होने लगता है। जीवन भर घर-परिवार और पति-बच्चों की जिम्मेदारी संभालते-संभालते दोनों के रिश्ते में एक ठहराव आ जाता है। वैवाहिक जोड़े तब अलग हो जाते हैं, जब एक या दोनों पक्ष इन परिवर्तनों के साथ तालमेल बिठाने में असफल हो जाते हैं। ऐसे में अपने विवाह को ताउम्र खूबसूरत और रिश्ते में ताजगी बनाए रखने के लिए बढ़ती उम्र में आप कुछ बातों का ध्यान जरूर रखें, जिससे वैवाहिक जीवन में प्रेम और आनंद बना रहे।



**आदतों में सुधारः** क्या आप अक्सर यह सोचती रहती हैं कि पहले चीजें कैसी हुआ करती थीं और अब ये बदल चुकी हैं। ऐसा सोचने के बजाय परिवर्तन को स्वीकार करें और नए तरीके से जीवन का आनंद उनके साथ लें। आपसी बातों में कोई रहस्य न रखें और कोई भी बात सही समय पर और सही तरीके से बताएं। अपने जीवन-साथी से सलाह किए बिना कोई बड़ा निर्णय न लें। एक धन्यवाद जीवन में खुशियां बिखेर सकता है, इसलिए अच्छी बातों के लिए धन्यवाद जरूर कहें। ऐसी पुरानी आदतें, जिनसे आपका साथी खुशी महसूस करता था, उन्हें दोबारा अपनाएं।

### पूरा समय और ध्यान

विवाह को भले ही कितने ही साल बीत गए हों, लेकिन अपने जीवन-साथी को समय और महत्व देना बहुत जरूरी होता है। इससे रिश्ते में मजबूती आती है। अक्सर ऐसा देखा गया है कि परिवार और बच्चों की जिम्मेदारियां निभाते हुए महिलाएं जीवन-साथी के साथ समय नहीं गुजार पातीं और रिश्ते में दूरी आ जाती है। इसलिए एक साथ समय गुजारना जरूरी है।

### भावनात्मक जुड़ाव

वैवाहिक जीवन में मिठास भरने के लिए अपने जीवन-साथी से भावनात्मक रूप से जुड़ना जरूरी है। अगर कोई पत्नी अपने पति के साथ भावनात्मक रूप से जुड़ाव महसूस नहीं कर पा रही तो इससे रिश्ता कमजोर पड़ने लगता है और भावनात्मक समस्याएं आने लगती हैं।



### सेहत का ख्याल

जैसे-जैसे उम्र बढ़ती है, सेहत से जुड़ी परेशनियां भी आने लगती हैं। ऐसे में एक-दूसरे की सेहत का जरूर ध्यान रखें। इसके अलावा अगर जीवन-साथी डायबिटीज, हाई ब्लड प्रेशर, दिल की बीमारी, नींद से जुड़े विकार या फिर हड्डियों से जुड़े किसी रोग से जूझ रहा है तो उन्हें प्यारा भरा सहारा दें ।

### तनाव कोसो दूर

उम्र बढ़ने के साथ ही मानसिक तनाव भी सेहत पर हावी होने लगता है। ऐसे में जरूरत है कि आप तनाव वाली बातों पर चर्चा करें और निष्कर्ष निकालें। सुबह-शाम साथ वॉक करने जाएं और खुश रहने की कोशिश करें। अगर आप वर्किंग हैं तो ऑफिस के काम का दबाव वहीं छोड़कर आएं और घर पर केवल पति पर और परिवार वालों पर ध्यान दें। इसके अलावा गली-मोहल्ले की फालतू बातें करके न खुद तनाव लें और न जीवन-साथी को दें। इससे रिश्तों में तनाव भी नहीं आएगा और आप तनावमुक्त रहकर खुशी से जी भी सकेंगी।

### तुलना कभी नहीं

अपने जीवन-साथी की तुलना जीवन के किसी भी पड़ाव पर कभी भी किसी और से नहीं करनी चाहिए। अगर आप ऐसा करती हैं तो आपके जीवन-साथी को बुरा लग सकता है और वह नाराज हो सकता है। उसे ऐसा भी लग सकता है कि आप दूसरे लोगों को बेहतर मानती हैं।